

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 'देश के लिए वर्ल्डकप जीतना है, इसके...


युद्ध के चरम के बाद से यूक्रेन के नुकसान... 12



वर्ष : 13 | अंक : 68 | नई दिल्ली, सोमवार, 25 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति कोविंद ने कहा-देश के जीवंत लोकतंत्र को नमन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद छोड़ने से एक दिन पहले रविवार को राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। कोविंद ने अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए कहा, अनेक देशवासियों से मिलने के बाद मेरा विश्वास दृढ़ हुआ कि हमारे लोग ही असली राष्ट्र निमार्ता हैं। ऐसे महान देशवासियों के हाथ में हमारा भविष्य सुरक्षित है। राष्ट्रपति ने कहा, जब अपने छोटे से गांव में एक बालक के तौर पर मैं अपने भविष्य को समझने की कोशिश कर रहा था, तब आजादी मिले कुछ ही समय हुआ था। मुझे उम्मीद थी कि मैं भी राष्ट्र निर्माण में कुछ योगदान करुंगा। यह भारत के लोकतंत्र की ताकत है कि इसमें नागरिकों के लिए दरवाजे खुले हैं कि वह कुछ भी कर सकते हैं। हमारे पूर्वजों और हमारे आधुनिक राष्ट्र-निमार्ताओं ने अपने कठिन परिश्रम और सेवा भावना के द्वारा न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के आदर्शों को चरितार्थ किया था। हमें केवल उनके पदचिह्नों पर चलना है और आगे बढ़ते रहना है।

निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान समाज के सभी वर्गों से पूर्ण सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद मिला। उन्होंने कहा, कानपुर देहात के एक गांव का आदमी आज आपको संबोधित कर रहा है तो यह भारत के लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण है। पीएम मोदी को लेकर कोविंद ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री जी भी मेरे गांव आए और उन्होंने गांव का मान बढ़ाया। उन्होंने अपने कार्यकाल के पांच वर्षों को लेकर कहा कि इस दौरान मैंने अपनी पूरी योग्यता से अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। मैं डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, डॉक्टर एस. राधाकृष्णन और डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम जैसी महान विभूतियों का उत्तराधिकारी होने के नाते बहुत सचेत रहा हूं।

### द्रौपदी मुर्मू आज लेंगी शपथ



- नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ लेंगी और उसके बाद उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि समारोह सोमवार को सुबह करीब सवा 10 बजे संसद के केंद्रीय कक्ष में होगा, जहां प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण उन्हें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाएंगे। गृह मंत्रालय ने कहा कि इसके बाद उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाएगी।

### मौसम



अधिकतम तापमान 33.0°C
न्यूनतम तापमान 28.0°C

मौसम विभाग के अनुसार गर्मी बरकरार रहेगी साथ ही बादल छाए रहने की संभावना है।

### पोल

क्या मोदी मैजिक से ध्वस्त हो रहे विपक्ष के सारे मुद्दे?

| | |
|---|---|
| हां | 70% |
| नहीं | 20% |
| कह नहीं सकते | 10% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,480 |
| चांदी | 55,100 |
| सेंसेक्स | 56,072 |
| निफ्टी | 16,719 |

## दिल्ली में छिड़ी सियासी रार

### सिंगापुर दौरा, शराब नीति, अब पोस्टर वॉर, आप सरकार व एलजी में फिर जंग

**आरोप**

- पर्यावरण मंत्री ने जबरन केजरीवाल का पोस्टर हटाने का लगाया आरोप
- भाजपा-आम आदमी पार्टी में जुबानी जंग जारी, चार बार हो चुकी तकरार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच जुबानी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले एक हफ्ते के अंदर दोनों दलों के बीच चार मुद्दों पर तकरार हो चुकी है। रविवार को भी यह 'जंग' थमी नहीं, जब आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के कार्यक्रम को केंद्र सरकार द्वारा हैक करने का आरोप लगा दिया। इसके बाद कार्यक्रम तो हुआ, लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसमें शामिल नहीं हुए और मंच पर उनकी कुर्सी खाली पड़ी रही। इससे पूर्व उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित खामियों और अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश किए जाने के बीच केजरीवाल शुक्रवार को सक्सेना के साथ पूर्व निर्धारित एक साप्ताहिक बैठक में भी शामिल नहीं हुए। हाल ही में केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी को एक मैसेज भी भेजा था, इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजेंसियां उनकी पार्टी नेताओं के खिलाफ काम कर रही हैं। वहीं जब दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी हुई थी तो केजरीवाल ने कहा था कि हम सबको एक ही बार में जेल में डाल दीजिए।

**रेवड़ी विवाद**

आप और भाजपा के बीच इस जुबानी जंग की शुरूआत हुई बुंदेलखंड में आयोजित पीएम मोदी के कार्यक्रम के साथ। बुंदेलखंड एक्सप्रेस का उद्घाटन करने पहुंचे प्रधानमंत्री ने रेवड़ी कल्चर को लेकर कुछ बातें कही थीं। इसमें युवाओं से अपील की गई थी कि वह मुफ्त की योजनाओं की तरफ ध्यान न दें। हालांकि इसे आम आदमी पार्टी की तरफ तंज माना गया था और केजरीवाल ने इस पर पलटवार भी किया था। उन्होंने कहा था कि शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं को मुफ्त में लोगों को देना रेवड़ी बांटना नहीं है।

**सिंगापुर विवाद**

इस विवाद में अगली कड़ी जुड़ी जब दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी को लेटर लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि वह इस महीने के आखिर में एक समिट के लिए सिंगापुर जाना चाहते हैं, लेकिन उन्हें इसकी परमिशन नहीं दी जा रही है। बाद में दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना ने भी केजरीवाल की प्रार्थना अस्वीकार कर दी।

**नई आबकारी नीति**

भाजपा और आप के नेता दिल्ली में शराब पॉलिसी को लेकर उलझ गए। इस विवाद की जड़ बना एलजी वीके सक्सेना का वह आदेश जिसमें उन्होंने विसंगतियों के आरोपों पर सीबीआई जांच की अनुशंसा की थी। एक तरफ भाजपा का आरोप है कि 144 करोड़ रुपए की छूट दी गई है, वहीं अरविंद केजरीवाल का कहना है कि उनके डिप्टी सीएम को टारगेट किया जा रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने मनीष सिसोदिया को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने की आशंका भी जताई है।

**पोस्टर वॉर**

आप और भाजपा के विवादों की कड़ी में ताजा मामला रविवार को हुआ पोस्टर विवाद है। इसमें आप ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के कार्यक्रम को केंद्र सरकार ने हाईजैक कर लिया। आप नेता गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल ने यह भी कहा कि कार्यक्रम स्थल से आम आदमी पार्टी के बैनर हटाकर वहां पीएम मोदी के बैनर लगा दिए गए।

### केजरीवाल का पोस्टर हटाने का आरोप



इस बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर वनमहोत्सव स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर वाले बैनर लगाए। राय ने कहा कि उन्होंने और दिल्ली के मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। इससे पहले उपराज्यपाल के कार्यालय से जुड़े सूत्रों ने बताया था कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री वनमहोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

## स्मृति ईरानी ने पवन-जयराम रमेश को भेजा कानूनी नोटिस

### केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस नेताओं से बिना शर्त लिखित माफी मांगने को कहा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेताओं पवन खेड़ा, जयराम रमेश, नेता डिसूजा और पार्टी को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में उनसे बिना शर्त लिखित माफी मांगने को कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि उनकी बेटी के खिलाफ भ्रामक, गलत, अपमानजनक जानकारियों का प्रसार किया जा रहा है इसलिए इसपर तुरंत रोक लगाई जाए। इसके साथ उनसे आरोपों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने के लिए कहा गया है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा है कि अगर नोटिस पाने वाले सभी लोग ऐसा करने में असफल रहते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, कांग्रेस ने बीते दिन स्मृति ईरानी की 18 वर्षीय बेटी पर गंभीर आरोप लगाए गए थे।

**कांग्रेस का एक और बड़ा खुलासा**

कांग्रेस पार्टी ने बार मामले में रविवार को एक और बड़ा खुलासा किया। पार्टी ने एक ट्वीट में दावा किया कि गोवा में सुली सोल्स रेस्टोरेंट से 10 किमी की दूरी पर स्मृति ईरानी का घर है। ईरानी का यह घर गोवा के कर्जुए गांव में है। दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं जिसमें से एक में जुबिन इरानी नाम पढ़ा जा सकता है।

दूसरी तस्वीर में 65 लाख रुपये की जानकारी और घर का पता लिखा पढ़ा जा सकता है। युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने रविवार को गोवा के रेस्टोरेंट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बारे में कांग्रेस का दावा है कि यह केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी का है। गोवा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष वरद मर्दोलकर और राज्य इकाई के प्रवक्ता अमरनाथ पंजिकर ने असगाओ गांव में सुली सोल्स गोवा रेस्टोरेंट के बाहर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और प्रतिष्ठान को बंद करने की मांग की।

## संक्षिप्त खबर

### अग्निवीर योजना युवा भविष्य के लिए खतरनाक : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर रविवार को एक बार फिर हमला किया और कहा कि उनका यह प्रयोग राष्ट्रीय सुरक्षा और युवाओं के भविष्य के लिए खतरनाक है। श्री गांधी ने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के भविष्य के साथ कैसे खिलवाड़ करेगी इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में हर साल 60 हजार सैनिक रिटायर्ड होते हैं लेकिन मुश्किल से तीन हजार पूर्व सैनिकों को ही सरकारी नौकरी मिल पाती है। श्री गांधी ने ट्वीट किया ₹साठ हजार सैनिक हर साल रिटायर होते हैं, उनमें से सिर्फ तीन हजार को सरकारी नौकरी मिल रही है। चार साल के ठेके पर हजारों की संख्या में रिटायर होने वाले अग्निवीरों का भविष्य क्या होगा। प्रधानमंत्री की प्रयोगशाला के इस नए प्रयोग से देश की सुरक्षा और युवाओं का भविष्य दोनों खतरे में हैं।

### राजधानी दिल्ली पहुंचा मंकीपॉक्स, सरकार की बढ़ी चिंता

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में रविवार को मंकीपॉक्स का पहला मामला प्रकाश में आया है। मरीज वर्तमान में लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती है। मरीज का विदेश यात्रा इतिहास नहीं है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मामले की पुष्टि की है। एक विज्ञप्ति में मंत्रालय ने कहा है कि दिल्ली निवासी 34 वर्षीय व्यक्ति को मंकीपॉक्स का संदिग्ध मामला मानकर लोक नायक अस्पताल में आइसोलेट किया गया था। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी), पुणे ने जांच में मंकीपोक्स की पुष्टि की है। वर्तमान में लोक नायक अस्पताल में इसके लिए तैयार किए गए आइसोलेशन सेंटर में मरीज स्वास्थ्य लाभ ले रहा है।

## यूपी के 16 लाख सरकारी कर्मचारी होंगे मालामाल

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने 16 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों और करीब 11 लाख 60 हजार पेंशनर्स का भी भत्ता बढ़ाया है, उसका लाभ उनको चंद रोज बाद ही मिलेगा। सरकार ने इनको बढ़े दर से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत का भुगतान करने का फैसला किया है। अगस्त माह में मिलने वाले वेतन में इनको इन सभी का लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने 16 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और 11.52 लाख पेंशनरों को डीए की बढोतरी का एक जनवरी 2022 से प्रभावी की थी। अब इनको बढ़े एरियर का लाभ मिलेगा। जनवरी से जून तक का एरियर कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा। वित्त विभाग के महंगाई भत्ते के लिए जारी शासनादेश के बिंदू तीन में लिखा है कि एक जुलाई से महंगाई भत्ता वृद्धि की धनराशि अगस्त माह के नियमित वेतन के साथ नकद की जाएगी।

**34 प्रतिशत की दर से डीए का नकद भुगतान**

राज्य कर्मचारियों को अगस्त में जुलाई के वेतन के साथ 34 प्रतिशत की दर से डीए का नकद भुगतान किया जाएगा। पहली जनवरी से 30 जून तक बढ़े डीए की धनराशि कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते (जीपीएफ) में जमा होगी।


विस्तृत खबर पृष्ठ 8 पेज पर


## छपरा की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट 6 की मौत

**छपरा।** बिहार में छपरा जिले के खोदाईबाग गांव में रविवार को सुबह करीब 11.45 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ। जिसमें मां व दो बेटों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल है। धमाका इतना जोरदार था कि यह फैक्ट्री जिस तीन मंजिला मकान में चलाई जा रही थी, वह पूरी तरह ध्वस्त हो गया। मृतकों में मां, उसके दो बेटे, पोते और पोती शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि धमाके की आवाज करीब 3 किमी दूर तक सुनी गई। ब्लास्ट मस्जिद के पास स्थित मोहम्मद रेयाजू मियां के घर में हुआ है। लोगों के मुताबिक अमीना खातून के घर में आतिशबाजी के लिए पटाखे बनाए जाते हैं। परिवार शादी-विवाह सहित अन्य खुशी के मौके पर आतिशबाजी के लिए पटाखे बेचता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गांव में पटाखा बनाने की यह फैक्ट्री गैरकानूनी तरीके से चलाई जा रही थी।

समारोह | कारगिल विजय दिवस के मौके पर गुलशन ग्राउंड पर कार्यक्रम आयोजित

## मैं नेहरू पर सवाल नहीं उठाऊंगा : रक्षामंत्री

**सम्बोधन**

- चीन मामले पर राजनाथ ने कहा- किसी की नीति गलत हो सकती है, नीयत नहीं
- जरूरत पड़ने पर सीमा पर फिर सैन्य अभियान चलाने से गुरेज नहीं करेगी भारतीय सेना

जम्मू, एजेंसी



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कारगिल विजय दिवस के मौके पर गुलशन ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने कहा कि कारगिल विजय सेना के शौर्य और पराक्रम का गौरवपूर्ण अध्याय है। उन्होंने कहा कि 1962 में हुए युद्ध का बड़ा खामियाजा भारत को भुगता पड़ा। चीन ने लद्दाख में हमारे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। उस समय हमारे देश के प्रधानमंत्री पंडित नेहरू थे। इस दौरान रक्षामंत्री ने कहा कि पंडित नेहरू की बहुत से लोग आलोचना करते हैं। मैं एक विशेष राजनीतिक दल से आता हूं लेकिन मैं पंडित नेहरू या किसी भारतीय प्रधानमंत्री की आलोचना नहीं कर सकता। मैं किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नीयत को गलत नहीं ठहरा सकता। उनकी नीति भले गलत रही हो, लेकिन नीयत नहीं। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों में से एक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू में शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय सेना के शौर्य और पराक्रम का गौरवपूर्ण अध्याय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में जरूरत पड़ने पर भारतीय सेना सैन्य अभियान चलाने से भी गुरेज नहीं करेगी।

**सेना चुनौतियों का सामना करने को तैयार**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, कि अगर किसी विदेशी ताकत ने हम पर बुरी नजर डाली और युद्ध हुआ तो हम विजयी होंगे।' उन्होंने कहा कि भारत ने 1947 के बाद से सभी युद्धों में पाकिस्तान को हराया और कड़वी हार के बाद उसने छद्म युद्धों को अंजाम दिया। सिंह ने राष्ट्र को आश्वस्त करते हुए कहा कि सशस्त्र बल भविष्य की सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध के दौरान जम्मू-कश्मीर के लोग अपनी सेना के साथ खड़े रहे।

### गुलाम कश्मीर भारत का अटूट अंग

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर भारत की संसद में प्रस्ताव पारित हुआ था। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा था, भारत का हिस्सा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि ये कैसा हो सकता है कि शिव के स्वरूप बाबा अमरनाथ हमारे यहां हो और मां शारदा शक्ति स्वरूपा नियंत्रण रेखा के पार हो। उन्होंने पाकिस्तान को इशारों में कहा कि गुलाम कश्मीर भारत का अटूट अंग है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कई युद्धों में मात खाने के बाद भी गिद्धदृष्टि रखने वाले पाकिस्तान को हमारी ताकत का अंदाजा है।




## संक्षिप्त खबरें

### विद्या बिहार कोचिंग के छात्रों ने शत-प्रतिशत हासिल की सफलता

जहानाबाद। सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में पूर्वी गांधी मैदान में संचालित विद्या बिहार कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। जिसमे साक्षी कुमारी, साहिल कुमार, आयुष, प्रीति, सुंदरम, प्रगति, रिचा, रुनझुन प्रिया तथा दीपांशु आदि ने 96 प्रतिषत से अधिक अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वही कई छात्रों ने 90 प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त किए। कोचिंग के शिक्षक रवि रंजन एवं शशि रंजन ने सभी को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही आगे भी इसी तरह से श्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना किया। उन्होंने बताया कि मेरे मार्गदर्शन एवं छात्रों के मेहनत का ही परिणाम है कि सभी विद्यार्थी गणित एवं विज्ञान में शत प्रतिशत अंक पाए।

### घर में सो रहे आठ वर्षीय छात्र को सांप ने डसा, मौत

बड़हरा। प्रखंड क्षेत्र के रामशहर गांव में अपने घर में सो रहे एक छात्र को सांप ने डंस दिया। इस दौरान आनन-फानन में स्वजन छात्र को सदर अस्पताल आरा लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों की टीम ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

# लोक शिकायतों का निपटारा जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

## शिकायतों की कुल 9500 प्राप्त हुए आवेदन में 3200 आवेदनों का ऑन स्पॉट किया गया निष्पादन

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



**उद्घाटन**

- स्थानीय स्तर पर शिकायतों का त्वरित समाधान के लिए 'अपना पंचायत- अपना प्रशासन' का किया जा रहा आयोजन : डीएम

वैशाली डीएम यशपाल मीणा के द्वारा महुआ प्रखंड के मिर्जानगर पंचायत में अपना पंचायत - अपना प्रशासन कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक शिकायतों का निपटारा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। स्थानीय स्तर पर हीं लोक शिकायतों का निष्पादन त्वरित रूप से हो ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी ना हो और यात्रा व्यय भी नहीं लगे इसके लिए वैशाली जिला के सभी पंचायतों में यह कार्यक्रम एक मुहिम के रूप में चलाया जा रहा है। डीएम ने कहा कि अभी तक 150 से अधिक पंचायतों में इस तरह का आयोजन किया जा चुका है जहां शिकायतों की कुल 9500 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 3200 आवेदनों का निष्पादन ऑन स्पॉट किया गया तथा ऐसे आवेदन जिसमें जांच की जरूरत थी उस पर जांच कराकर उसे भी शीघ्र निष्पादित किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि इस आयोजन में प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहते हैं और आपसी समन्वय के साथ प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करते हैं। डीएम ने कहा कि आप सभी से अनुरोध रहेगा पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में जाएं और अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएं। इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर भी प्रशासन आपके द्वार का कार्यक्रम शुरू किया गया है और ऐसा पहला आयोजन भगवानपुर प्रखंड से किया गया है जहां 600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से अधिकाधिक का निष्पादन कर दिया गया है। जिला अधिकारी के द्वारा यहां पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि सात निश्चय फेज 2 के तहत हर खेत को पानी उपलब्ध कराने का कार्य चल रहा है। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता भत्ता और कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में बता कर वहां उपस्थित युवाओं को प्रेरित किया गया और इसका लाभ उठाने की बात कही गई। डीएम ने अपना मोबाइल नंबर भी लोगों को नोट करवाया और कहा कि कहीं परेशानी हो तो मेरे से सीधा संपर्क किया जाए। डीएम ने कहा कि जमीन विवाद के विरुद्ध भी मुहिम छेड़ा गया है इसके लिए जिला में त्रुटिपूर्ण 990000 जमाबन्दी में से 700000 की सुधार की गई है और इसमें से 345000 जमाबन्दी को भौतिक सत्यापन के पश्चात पोर्टल पर ऑनलाइन किया गया है ।आने वाले समय में भी सभी जमाबंदी को ऑनलाइन कराया जाएगा। इसके लिए तेजी से कार्य चल रही है और प्रतिदिन इसका अनुसरण किया जा रहा है।

डीएम ने कहा कि सभी अंचलों की सरकारी जमीन चिन्हित की गई है और उसका भौतिक सत्यापन कराकर उसकी निर्देशिका बनवाई गई है। यह सब नवाचार के रूप में लिया गया है। जिला अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम स्थल राजकीयकृत आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जा नगर के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया और यहीं पर छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय लोगों के लिए एक पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। आज विद्यालय के प्रांगण में बालक और बालिका वर्ग में अलग-अलग खो-खो प्रतियोगिता कराई गई और सभी प्रतिभागियों को उनका उत्साहवर्धन करते हुए मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

# बसहा बैल के साथ भीख मांग रहे 6 संदिग्ध गिरफ्तार

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



जिले की पुलिस ने छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो बसहा बैल (नंदी, शिवजी की सवारी) के साथ साधु का वेश धारण करके भिक्षाटन कर रहे थे। पकड़े गए युवक मुस्लिम समुदाए के बताए गए हैं। इन युवकों को हाजीपुर नगर थाना के कदमाघाट से पकड़ा गया है। पकडे गए 6 युवकों को बसहा के साथ पुलिस ने नगर थाने में लाया जहां सभी से पुलिस पूछताछ की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंग दल के कार्यकर्ता को इन सभी युवकों के व्यवहार से शक हुआ फिर उनके पीछे गुप्तचर लगाए जिससे पता चला कि ये युवक हिन्दू नहीं हैं। उसके बाद गंडक नदी के कदमाघाट पर उन्हें पकड़ लिया गया।सभी युवक साधु बनकर कई दिनों से हाजीपुर शहरी इलाके में भीख मांगते थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ कर रही है। थाने पर सभी संदिग्धों से नगर थानाध्यक्ष ने पूछताछ किया तो संदिग्धों ने बताया कि जहां मेला लगता है वहां हम लोग जाते हैं और मांग कर रोजी रोटी की व्यवस्था करते हैं। हिन्दू बनकर और सावन में बसहा लेकर भीख मांगने के सवाल पर सभी खामोश हो गए। इनमें से दो संदिग्धों के आधार कार्ड मिले हैं। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि जो आधार कार्ड में पता दर्ज हैं, उनका वेरिफिकेशन किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान 38 वर्षीय करीम अहमद, 40 वर्षीय सैयद अली, 30 वर्षीय हसन, 32 वर्षीय महबूब, 35 वर्षीय हलीम अहमद, और 30 वर्षीय सुबराती के रूप में हुई है। बजरंग दल के कार्यकताओं ने आरोप लगाया है कि ये सभी भीख मांगने वाले नहीं लगते बल्कि इनका मकसद संदिग्ध है।

# ओपीडी में गिरा छत का चट्ट बाल बाल बचे कर्मी



गडहनी, प्रात : किरण संवाददाता

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गडहनी के दवा वितरण केन्द्र मे अचानक छत का चट्ट गिर पडा। दवा वितरण केन्द्र मे ड्यूटी कर रहे कर्मी दुर्घटना के शिकार होने से बाल बाल बचे। बताया जा रहे है कि प्रखण्ड स्थित पीएचसी जर्जरता को प्राप्त हो चुकी है। जर्जर भवन मे ही पीएचसी का संचालन किया जाता है।

भवन की स्थिति ऐसी ही कि कब हादसा हो जायेगा कोई नही जानता। प्रसव भवन महिला वार्ड डॉक्टर कक्ष सहित अन्य भवनो की स्थिति काफी दयनीय है।बरसात के दिनो मे बैठने को कौन कहे खडे होने की भो जगह नही रहती। इन भवनो को लेकर कई बार सीएस डीएम को भी अवगत कराया गया सीएस द्वारा भवन का निरीक्षण भी किया गया।

डीएम भोजपुर राज कुमार द्वारा पीएचसी को बीआरसी भवन मे शिफ्ट करने को ले गडहनी बिडिओ को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है।लेकिन अभी तक इसे गम्भीरता से नही लिया गया। वहीं स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार ने घटना की बस्तु स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डीएम के आदेश के आलोक मे बीआरसी भवन मे पीएचसी को सिफ्ट कराई जाने की क्वायद की जा रही है।

### बोचहा में एक साल से रोगी कल्याण समिति की बैठक नहीं

**बोचहां ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में रोगी कल्याण समिति की अवधारणा को लागू किया गया है। परंतु विभागीय अफसरों की मनमर्जी व उदासीन रवैये के कारण प्रखंड के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इसका बिल्कुल ही अनुपालन नहीं हो पा रहा है। जिससे आमजनों को समुचित स्वास्थ्य सेवा मयस्सर नहीं हो रही है। स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि तक रीबन साल भर से रोगी कल्याण समिति की बैठक नहीं हुई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रबंधन में अपेक्षित सहयोग हेतु रोगी कल्याण समिति का गठन किये जाने का प्रावधान है। परंतु वस्तुस्थिति यह है कि यहां रोगी कल्याण समिति का गठन तो किया गया है, परंतु वह सिर्फ खानापूर्ति के लिये। नतीजतन यह समिति निष्क्रिय बनी हुई है। जिससे आमजनों को समुचित स्वास्थ्य सेवा मयस्सर नहीं हो रही है। जानकारी के अभाव में आज भी आमजनों को प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराने पर विवश है जहां पर उनके साथ इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है।

# प्राथमिक विद्यालय भवन का शिलान्यास

अरवल, प्रात :किरण संवाददाता



जिले के सोनभद्र बंशी सूर्यपुर प्रखंड क्षेत्र के मुन्ना गंज गांव में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का शिलान्यास स्थानीय विधायक बागी कुमार वर्मा एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष यादव कुसुम गणेश ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाया जाना चाहिए।

विद्यालय नहीं रहने के कारण बच्चों को पढ़ाई करने दूर जाना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए इस गांव में विद्यालय भवन के लिए मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से दस लाख रुपए की राशि अनुशंसित की गई है। विद्यालय भवन बनने के बाद यहां इस गांव के बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी। इन्होंने कहा कि बिहार सरकार शिक्षा को पूरी तरह चौपट कर दिया है। सरकार की गलत नीतियों के कारण शिक्षा के क्षेत्र में काफी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में गांव के विकास के लिए और भी कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा प्रसाद यादव ने किया। इस मौके पर युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष डॉ दयानंद कुमार यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष महाराणा यादव, बैजनाथ सिंह ,विनोद कुमार राय, वीरेंद्र कुमार निराला, विक्रम कुमार, मुकेश कुमार, अजीत कुमार ,राकेश मुस्कान, गुड्डू कुमार, घनश्याम वर्मा समेत कई लोगों ने अपनी बातें रखी।

# पूर्व मुखिया की हत्या के लिए होटल में जुटे चार बदमाश हथियार संग धराए

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

**गिरफ्तारी**

- गांधी सेतु रोड में आवासीय होटल की छापेमारी में हथियार बरामद
- बदमाशों के अनुसार दस लाख में तय हुई बात में दो लाख एडवांस

महात्मा गांधी सेतु रोड स्थित एक आवासीय होटल में छापेमारी कर गंगा ब्रिज थाने की पुलिस ने अपराध एवं हत्या की साजिश रचते तीन बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि चार अन्य पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गए। हालांकि होटल से भाग निकले एक को पुलिस ने सैफपुर दियारा स्थित उसके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो अन्य की तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस के अनुसार पकड़ें बदमाशों के पास से दो लोडेड कट्टा, छह जिंदा कारतूस, चाकू, मोबाइल और एक बाइक बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आवासीय होटल में किए गए छापेमारी के क्रम में गिरफ्तार गंगा ब्रिज थाने के तेरसिया निवासी आर्यन राज के पास लोडेड कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वहीं नगर थाना क्षेत्र के संत कबीर नगर जढ़आ निवासी सोनू राजपूत उर्फ डीएम के पास से लोडेड कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल तथा पातेपुर थाने के बाइस माइल डढुआ निवासी आदित्य प्रकाश के पास से दो जिंदा कारतूस एवं एक चाकू बरामद किया गया है। वहीं इनके निशानदेही पर गंगा ब्रिज थाने के सैफपुर दियारे से हरेंद्र राय को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। पकडे गए बदमाशों ने होटल से भाग निकले तीन बदमाशों के नाम पता भी बताए हैं, जिसमें गंगा ब्रिज थाने के तेरसिया के चंदन कुमार, नगर थाने के चौहट्टा निवासी अजय पासवान और एसडीओ रोड नखास चौक निवासी आशुतोष कुमार उर्फ बैला बताया गया है। पुलिस ने बताया कि पकड़ाए बदमाशों से पूछताछ के दौरान इस बात का खुलासा किया कि यह सभी एक पूर्व मुखिया की हत्या के इरादे से यहां जुटे थे। चंदन कुमार ने इस काम के लिए सैफपुर दियारे के हरेंद्र राय से दीवान टोक के पूर्व मुखिया शमानंद राय की हत्या के लिए दस लाख रुपये में बात तय की थी।

इसमें दो लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया गया था। शेष रकम घटना को अंजाम देने के बाद भुगतान करने के वादा किया था। इसके लिए सभी आवासीय होटल में जुटे थे इसी दौरान पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें हथियारों के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने बदमाशों की स्वीकारोक्ति पर सैफपुर से हरेंद्र राय को भी पकड़ लिया है, चंदन कुमार अभी फरार बताया गया है। पुलिस फरार हुए बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### उदवंतनगर में 160 यूनिट होगा पौधरोपण



**उदवंतनगर।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में पीओ तृप्ति लाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया जिसमें सभी नवपदस्थापित कर्मी मौजूद थे। बैठक में मनरेगा की चल रहे योजनाओं पर चर्चा की गई।पीओ ने बताया कि पौधरोपण कार्य कराया जा रहा है। प्रखण्ड के सभी 16 पंचायतों में 160 यूनिट पौधरोपण का लक्ष्य जिला से प्राप्त हुआ है। इच्छुक लाभुकों का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है। विभिन्न पंचायतों में पौधरोपण रोपण कराया जा रहा है। बैठक में मौजूद प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू सिंह व उपप्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन सिंह ने पीओ से पौधरोपण के लक्ष्य की जानकारी मांगी। मनरेगा पदाधिकारी ने बताया कि अभी तक 25 यूनिट पौधरोपण किया जा चुका है। मौके पर मनरेगा जेई प्रभाष कुमार सहित पीटीए, पीआरएस मौजूद थे।

# महान क्रांतिकारी के नाम पर रेल लाइन संघर्ष समिति का गठन

बड़हरा, प्रात : किरण संवाददाता




प्रखंड क्षेत्र के सरैयां बाजार स्थित भीखमदास के मठिया के प्रांगण में बड़हरा प्रखंड के प्रबुद्ध समाजसेवियों की एक बैठक की गई। इस दौरान महान गणितज्ञ वशिष्ठ नारायण सिंह तथा महान क्रांतिकारी जय प्रकाश नारायण रेल लाइन संघर्ष समिति का गठन किया गया। इस बैठक में भोजपुर बलिया रूट का दोबारा सर्वे कराने तथा सर्वे रूट में भोजपुर के महुली गंगा घाट तथा बलिया के सिताबदियारा को जोड़ने से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही आरा बलिया रेलवे लाइन रूट सर्वे को रद्द करने से संबंधित पत्र भेजने तथा इलाके में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुग्रीम शाह तथा संचालन समाजसेवी देवानंद उपाध्याय ने किया। इस दौरान संघर्ष समिति के संयोजक दयाशंकर सिंह ने बताया कि 26 जुलाई को डीआरएम के माध्यम से रेलवे के जीएम, रेलवे के चेयरमैन, रेल मंत्री भारत सरकार मुख्यमंत्री बिहार तथा आरा सांसद को एक पत्र भेजकर रेलवे लाइन की दोबारा सर्वे कराने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही 27 जुलाई को खवासपुर व सिन्हा में जनसभा का आयोजन किया होगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से धरना, प्रदर्शन तथा आंदोलन किया जाएगा। इस बैठक में राजेश शाह, रामसुंदर प्रसाद, राम अवतार सिंह तथा रामाकांत सिंह समेत सैकड़ों समाजसेवी शामिल थे।

# श्रम संसाधन मंत्री ने वृक्षारोपण कर किया शिशिर इंजीकॉन का उद्घाटन

जहानाबाद, प्रात :किरण संवाददाता

शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 60वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण का कार्यक्रम मोदनगंज प्रखंड के गंधार गांव में स्थित शिशिर इंजीकॉन प्रा. लिमिटेड के उद्घाटन समारोह के अवसर पर 24 वृक्षों के रोपण तथा यज्ञ हवन के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री जीवेश कुमार, जिला परिषद अध्यक्षा रानी कुमारी, पूर्व विधायक मनोज शर्मा तथा शिशिर इंजीकॉन प्रा.लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्चना कुमारी एवं राकेश कुमार ने पौधों के पूजन एवं रक्षासूत्र बांधकर मंत्रोच्चारण के साथ चौबीस फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।

मौके पर उपस्थित मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब विकराल रूप धारण करता जा रहा है। जलवायु को संतुलित रखने का एक मात्र उपाय अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करना है। वृक्षारोपण करके ही पर्यावरण को संतुलित बनाया जा सकता है। गायत्री परिवार के द्वारा किया जा रहा वृक्षारोपण अभियान प्रकृति की सुरक्षा के लिए अनमोल एवं अनुपम प्रयास है। इस अवसर पर गायत्री परिवार वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला प्रभारी रंगेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी बचनदेव कुमार, मुख्य ट्रस्टी शारदानंदन सिंह, जिला संयोजक कुमार श्रीकांत, श्यामनारायण कुमार, हरीजी, अंकित कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, कौशल कुमार, रंगनाथ शर्मा, सुबोध कुमार, दीपु कुमार, पंकज कुमार, पावस कुमार, गौतम कुमार, गोपीकृष्ण, भारती जी, जितेन्द्र गोस्वामी, कन्हैया कुमार एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मृतक के आश्रित को सरकारी योजना की लाभ दिलाने की प्रक्रिया की गई

**आरा।** महानगर जदयू जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में वार्ड नम्बर -05 बिन्दटोली मुहल्ला में विगत दिनों पानी मे डुबने से मृतक दयानंद बिन्द की आश्रित से मिलकर उन्हें सरकारी योजना की लाभ दिलाने की प्रक्रिया की गई। जदयू आरा नगर कमिटी से देव शर्मा, सियाराम मिश्रा, अखिलेश बिन्द वार्ड पार्षद सह जदयू वार्ड अध्यक्ष, ओमप्रकाश बिन्द,वार्ड पार्षद हिरालाल प्रसाद, कमलेश राय, रणजीत बिन्द साथ ही नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष जदयू शैलेंद्र बिन्द सक्रिय रहे।

# विधायक ने पॉवर ट्रांसमिशन लाइन का किया उद्घाटन



कैमूर, प्रात :किरण संवाददाता

रामगढ़ विधायक सुधाकर सिंह के द्वारा पॉवर ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन किया गया। जिसके तहत खामिदौरा 220 kva पॉवर ग्रिड से रामगढ़ 133kva पॉवर ग्रिड को जोड़ा गया। जिससे रामगढ़ में लोडिंग एवं लोड सीडिंग से छुटकारा मिलेगा। मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़ विधायक सुधाकर सिंह के द्वारा बिजली कटौती की समस्या से लोगो को हो रही परेशानी को देखते हुए रविवार को पॉवर ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन किया गया। जिसके तहत खामिदौरा 220 kva पॉवर ग्रिड से रामगढ़ 133kva पॉवर ग्रिड को जोड़ा गया। जिससे रामगढ़ में लोडिंग एवं लोड सीडिंग से छुटकारा मिलेगा। इस पहल से लोगो में काफी उत्साह है लोगो को अब निर्बाध बिजली सप्लाई मिलेगी। क्योंकि एक तरफ जहां क्षेत्र में अकाल की स्थिति बनी हुई है वहीं दूसरी तरफ बिजली कटौती से किसान एवं आम जनजीवन और अस्त व्यस्त था जिसे देखते हुए विधायक के द्वारा पहल करके पावर ट्रांसमिशन का उद्घाटन किया गया।

# स्कूल का निरीक्षण करने गई विधायक बनी टीचर, बच्चों के साथ खाना भी खाया

कैमूर , प्रात :किरण संवाददाता



कैमूर के स्कूलों की बदहाली हालांकि किसी से छुपी नहीं है लेकिन कागजों पर चाक-चौबंद और दुरुस्त पोषण से भरपूर खानपान की पोल तब खुल गई जब मोहनिया विधायक संगीता कुमारी अचानक ही कैमूर के मोहनिया प्रखंड के चौरसिया स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में अचानक निरीक्षण करने पहुंच गई कक्षा 6 में जाने के बाद उन्हें क्लास में टीचर जब दिखाई नहीं दी तो उन्होंने बच्चों से पूछा कि किस सब्जेक्ट की क्लास है बच्चों द्वारा जब यह बताया गया कि अंग्रेजी की क्लास है और हमें टेंस पढ़ाया जा रहा है तो उन्होंने बच्चों को खुद ही टेंस पढ़ाना शुरू कर दिया थोड़ी देर बाद जब अध्यापिका क्लास में आई तो विधायक ने उनकी क्लास लगा दी इसके बाद बच्चों की शिक्षण गुणवत्ता को जांचने के बाद उन्होंने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन भी बैठकर खाया जिसमें उन्हें कई खामियां नजर आई उन्होंने बताया कि बच्चों की प्लेटें काफी गंदी हैं और चावल के साथ दिए जाने वाले छोले में सिर्फ पानी ही पानी था चावल में भी कंकड़ की मात्रा ज्यादा थी बच्चों को खाना परोसने वाले एनजीओ की शिकायत वह खुद करेंगी साथ ही सदन में भी बच्चों के इस गुणवत्ता विहीन खाने के मुद्दे को उठाएंगी इसके बाद उन्होंने शिक्षकों से ही बच्चों का भविष्य से खिलवाड़ ना करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की नसीहत दी।

### श्रावणी मेला के अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन वैशाली द्वारा लोकगीत, भजन व लोकनृत्य की दी गई प्रस्तुति

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन वैशाली द्वारा आयोजित भगवानपुर अड्डा चौक, शिव मंदिर के प्रांगण में लोकगीत, भजन व लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम लोक गायिका सरस्वती मिश्रा के गणेश वंदना से शुरू हुई। तत्पश्चात शिव भजन एवं लोक गीतों की प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इसके बाद आदर्श चेतना सेवा संस्थान, हाजीपुर के कलाकारों द्वारा भजन, लोकगीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी उमेश कुमार निराला ने किया। लोकगीत गायक नवल सिंह द्वारा घर में पधारो गजानंद जी मेरे घर में पधारो से कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके बाद इन्होंने लोकगीत एवं भजन की प्रस्तुति कर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। तत्पश्चात दीपशिखा एवं श्वेता कुमारी द्वारा प्रस्तुत गीत हम न करव जमईया शिव जोगिया बनके न, काले के शिव के मनाईव हो शिव मानत नाहीं। इसके बाद प्रियंका कुमारी उर्फ लवली ने भजन की प्रस्तुति की । प्रसिद्ध नृत्यांगना श्रुति प्रसाद द्वारा मन मेरा मंदिर शिव मेरी पूजा, राधा कैसे न जले तथा कैसे खेले जइबू सावन में कजरिया जैसे गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### 300 बोतल विदेशी शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोराडीह (भागलपुर)।** बरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गोराडीह मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने भागलपुर कोतवाली सड़क पर गोराडीह बाजार स्थित यूको बैंक के समीप शराब के साथ 3 युवक को पुलिस ने धरदबोचा है। बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा चलाई जा रही वाहन चेकिंग के दौरान कोतवाली की तरफ से आ रही पिकअप वेन को रोक कर तलाशी ली गई । पुलिस को इस दौरान वेन में लदी मुहरी के बोरे के नीचे से 25 कार्टून इंपीरियल ब्लू ब्रांड के 750 एमएल के 300 बोतल विदेशी शराब मिली है। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही के तहत मौके पर ही चालक सहित दो युवक को गिरफ्तार कर शराब और पिकअप को जप्त कर लिया। शराब तस्करी करने वाले युवकों की पहचान झारखंड के साहिबगंज थाना क्षेत्र के सकरी गली निवासी राजकुमार रविदास के पुत्र अंगत रविदास, मुफस्सिल थाना साहिबगंज निवासी रविंद्र चौधरी के पुत्र राहुल चौधरी व मुंगेर जिला अंतर्गत आदर्श थाना क्षेत्र के जमालपुर निवासी राजकुमार चौधरी के पुत्र शिवानंद चौधरी के रूप में की गई है।

# मच्छरों से होने वाली बीमारियों को लेकर किया गया जागरूक

कैमूर, प्रात : किरण संवाददाता



- स्वास्थ्य कर्मी सहित भाजपा के कई नेता कार्यकर्ता एवं अन्य लोग भी रहे मौजूद

जिले के रामगढ़ प्रखंड के रेफरल अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह के निर्देश पर मच्छरों से होने वाली बीमारियों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसके तहत सभी आशा एएनएम को आम जनता को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। वही चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरेंद्र सिंह ने कहा की मानसून आने के साथ ही बारिश होने लगी है।

एक ओर जहां बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं जलजमाव की समस्या से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र मच्छरों से लोग परेशान हैं। ऐसे में मच्छरों के कारण डेंगू और मलेरिया के मरीजों के बढ़ने की संभावना अधिक हो चुकी है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग लोगों को मच्छरों से बचाव करने और सचेत रहने की सलाह दे रहा है। ताकि, लोग जागरूक हो क्योंकि मच्छरों से होने वाली बीमारियों में मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, जापानी इन्सेफेलाइटिस, जीका वायरस, चिकनगुनिया, हेपेटाइटिस ए आदि प्रमुख बीमारियां हैं। इसके अलावा बहुत सारी बीमारियां हैं जो मच्छरों के काटने से होती हैं। हालांकि, ये सभी बीमारियां अलग- अलग मच्छरों के काटने से होते हैं। लेकिन, सबसे अधिक मामले मलेरिया और डेंगू के ही आते हैं।मलेरिया का तेज बुखार दिमाग पर भी चढ़ जाता है इस मौके पर कृपाशंकर चौबे जिला निगरानी समिति सदस्य कैमूर, वंशलोचन राम एससी एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष जिला कैमूर ,अभय कुमार तिवारी भाजपा नेता, रेफरल अस्पताल मैनेजर सर्वेश कुमार सिंह रेफरल अस्पताल बीसीएम,विकास कुमार पांडेय भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री, प्रमोद कुमार सिंह भाजपा युवा मोर्चा ,अमित सिंह भाजपा युवा मोर्चा,सुधाकर तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रंजिश में दुकान के अंदर घुसकर गोली मारी

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी में शनिवार रात रंजिश में एक युवक ने अपने साथियों के साथ दुकान में घुसकर दुकानदार को गोली मार दी। गोली दुकानदार 30 वर्षीय सुधांशु की जांघ में लगी। इस दौरान आरोपियों ने डंडे और ईंट से भी हमला किया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। घायल को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित सुधांशु परिवार के साथ जौहरपुरी इलाके में रहते हैं। सुधांशु ने तीन दिन पहले ही घर के पास कपड़े की एक दुकान खोली थी। परिजनों के अनुसार, दो दिन पहले सुधांशु का एक दूर के रिश्तेदार शेखर से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इस दौरान शेखर ने सुधांशु को जान से मारने की धमकी दी। शनिवार रात करीब 8:30 बजे सुधांशु दुकान पर था। तभी शेखर अपने दो साथियों के साथ दुकान में घुसा और सुधांशु की जांघ में गोली मार दी।

### सांसद मनोज तिवारी रामलीला में केवट का किरदार निभाएंगे

नई दिल्ली। सितंबर में होने वाली रामलीला के मंचन को लेकर राजधानी में समितियां जुट गई हैं। लालकिला मैदान में लवकुश रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित लीला में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी केवट का किरदार निभाएंगे। इस संबंध में कांस्टीट्यूशन क्लब में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केवट का किरदार उनका पसंदीदा किरदार है। भगवान राम के भजन गाने का अवसर मिल जाता है। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने लोकप्रिय टीवी सीरियल महाबली हनुमान सहित 20 से ज्यादा नाटक और फिल्म में किरदार निभा चुके अभिनेता अरुण मंडोला लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। इस वर्ष लीला का मंचन शुरू होने से पूर्व 22 से 25 सितंबर तक लीला मंचन पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। अभिनेता अरुण मंडोला ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण का किरदार करने का मौका मिला है। यह मेरे लिए बहुत ही गर्व की बात है।

### सरकारी शिक्षकों के कक्षा में मोबाइल ले जाने पर रोक

नई दिल्ली। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के कक्षा में मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक लगी दी गई है। कक्षा में जाने से पहले शिक्षकों को मोबाइल जमा कराना होगा। इसको लेकर दक्षिण जिला उप शिक्षा निदेशक ने स्कूलों को ई-मेल के जरिये सूचित किया है। सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि कक्षा में शिक्षकों को मोबाइल का इस्तेमाल न करने दिया जाए। निदेशों के बावजूद ऐसा संज्ञान में आया है कि कुछशिक्षक कक्षा में मोबाइल का प्रयोग करते हैं। स्कूल प्रमुख शिक्षकों को निर्देश दें कि कक्षा में जाने से पहले स्कूल प्रमुख के पास या लॉकर में अपना मोबाइल जमा कराएं। अगर कक्षा में कोई शिक्षक मोबाइल का इस्तेमाल करते हुए मिलता है तो उस शिक्षक और संबंधित स्कूल प्रमुख पर कार्रवाई की जाएगी। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ जिला पश्चिमी-ए के सचिव संतराम ने बताया कि इस निर्णय का स्वागत है। यह शिक्षण प्रक्रिया में बाधा है। स्कूल के समय में किसी भी तरह से मोबाइल और टैब का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। शिक्षण के अलावा कोई कार्य करने या करवाने वाले पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# दिल्ली ईवी फोरम की मेजबानी करेगी केजरीवाल सरकार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- दिल्ली में ई-मोबिलिटी क्षेत्र में योगदान देने वाले लीडर्स और रोल मॉडल को स्विच दिल्ली ईवी अवार्ड्स देकर सम्मानित करेगी केजरीवाल सरकार

केजरीवाल सरकार दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी को सफलतापूर्वक लागू हुए दो पूरे होने के अवसर पर जश्न मनाने के लिए चौथे दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) फोरम की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आगामी 10 अगस्त को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में चौथे दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन फोरम का आयोजन किया जाएगा। 2020 में स्थापित दिल्ली ईवी फोरम रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने और दिल्ली की ईवी पॉलिसी के प्रभावी और सहयोगी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सरकारी एजेंसियों, उद्योग प्रतिनिधियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों, थिंक टैंक, आरडब्ल्यूए समेत दिल्ली भर में ईवी इको सिस्टम में 200 से अधिक हितधारकों को एक साथ लाने की एक अनूठी पहल है।

दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन (डीडीसी) 10 अगस्त 2022 को आरएमआई इंडिया के सहयोग से एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में इस फोरम की मेजबानी करेगा। फोरम में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत, डीडीसी दिल्ली के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह और परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव-सह-आयुक्त आशीष कुंद्रा समेत कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहेंगे। चौथा दिल्ली ईवी फोरम दिल्ली ईवी पॉलिसी-2020 की अधिसूचना की दूसरी वर्षगांठ को भी रेखांकित करेगा। वर्ष 2022 में, दिल्ली में ईवी की बिक्री प्रतिमाह कुल नई बिक्री का औसतन 10 फीसद के करीब रही है, जबकि मार्च 2022 में दिल्ली में ईवी की बिक्री में 12.5 फीसद की उच्च दर देखी गई है। यह 2019-20 के बाद एक तेज वृद्धि है, जबकि पहले कुल नए वाहन की बिक्री में ईवी का केवल 1.2 फीसद हिस्सेदारी थी। ईवी पॉलिसी के लागू होने के दो वर्षों के अनुभवों पर एक रिपोर्ट आयोजित होने वाले फोरम में प्रस्तुत की जाएगी और उस पर चर्चा की जाएगी। दिल्ली सरकार, दिल्ली को भारत की ईवी राजधानी के रूप में पहचान दिलाने में योगदान देने वालों को 15 श्रेणियों में सम्मानित करने के लिए ह्यस्विच दिल्ली ईवी अवार्ड्सह्व भी प्रदान करेगी। पुरस्कारों के लिए आवेदन और नामांकन से संबंधित जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में दिल्ली का भारत में अग्रणी राज्य के रूप में उभरना, विशेषज्ञों और उद्योग हितधारकों के साथ परामर्श व चर्चा करना भी अहम वजह है। दिल्ली सरकार ई-मोबिलिटी इकोसिस्टम को लगातार ईवी पॉलिसी में शामिल कर रही है और हम हितधारकों को दिल्ली ईवी पॉलिसी को अभी तक अनुकरणीय सफलता दिलाने की दिशा में उनके दिए गए योगदान के लिए आगामी फोरम में सम्मानित करेंगे। डीडीसी दिल्ली के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह ने कहा कि पिछले दो वर्षों में दिल्ली ईवी फोरम के मंच ने 200 से अधिक हितधारकों को एक साथ लाया है और भारत की ईवी राजधानी बनने की दिशा में दिल्ली के सफर में भागीदारी दी है। फोरम के माध्यम से, हमने दिल्ली ईवी पॉलिसी के तहत निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के तरीकों के बारे में लगातार चर्चा की है। पॉलिसी की दूसरी वर्षगांठ दिल्ली की ईवी पॉलिसी की सफलता के पीछे के सबक का जश्न मनाने और उसको साझा करने का एक क्षण है। आगामी फोरम का उद्देश्य प्रमुख हितधारकों, अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय विशेषज्ञों और शिक्षाविदों को एक साथ लाना है, ताकि दिल्ली की ईवी पॉलिसी को लागू करने की उपलब्धियों, मिले सबक और अनुभवों पर चर्चा की जा सके। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में तेजी लाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित सर्वोत्तम अनुभवों पर चर्चा की जाएगी और दिल्ली के परिवहन क्षेत्र को इलेक्ट्रिक में बदलने के लिए संभावित नीतिगत पहलों पर सभी हितधारकों से विचार विमर्श किया जाएगा। इस दौरान दिल्ली सरकार फोरम में दिल्ली के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एक्शन प्लान भी लॉन्च करेगी।

डीडीसी दिल्ली द्वारा दिसंबर 2020 में दिल्ली ईवी फोरम की स्थापना के बाद से ही द्वि-वार्षिक बैठकों का आयोजन करता है और इसके माध्यम से दिल्ली ईवी पॉलिसी को लागू करने के लिए हितधारकों के व्यापक समूह के साथ लगातार जुड़ाव रखने के लिए एक मंच प्रदान करना चाहता है। दिल्ली ईवी फोरम, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने, संभावित समाधानों की पहचान करने और पॉलिसी में परिभाषित ई-वाहन और चार्जिंग बुनियादी ढांचे के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए निजी क्षेत्र के लोगों से प्रतिबद्धता प्राप्त करने की चुनौतियों पर चर्चा करने और समझने का एक प्रयास है। पहले भी, इस मंच के जरिए आयोजित चर्चाओं के माध्यम से हितधारकों से प्राप्त सिफारिशों और उनके इनपुट को दिल्ली सरकार द्वारा नीतिगत कार्यों में अपनाया गया है।

# मंकीपाक्स से पीड़ित शख्स के संपर्क में आए थे 13 लोग, किए गए आइसोलेट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अमेरिकन एक्सप्रेस में कार्यरत पश्चिम विहार निवासी 32 वर्षीय शख्स में मंकीपाक्स की पुष्टि हुई है। इस शख्स ने विदेश यात्रा नहीं की थी। इनके संपर्क में आने वाले 13 लोगों को आइसोलेट कर दिया गया है। इनमें से कई लोगों के शरीर पर दाने के साथ ही उन्हें बुखार आ रहा है। पश्चिमी जिला के मेडिकल आफिसर डा. नीरज ने बताया कि शख्स अपने तीन दोस्तों के साथ 25 जून को कार से हिमाचल गया था। वहां पर नारकंडे में रुकने के बाद 27 जून को दिल्ली वापस आ गया। चार जुलाई को उसकी तबियत खराब होने लगी। लेकिन उसे लगा कि मौसम के कारण ऐसा हो रहा है। सात जुलाई को उसके शरीर पर दाने होने लगे और नौ जुलाई को उसे बुखार हो गया। तबियत ठीक नहीं होती देख वह 11 जुलाई को पश्चिम विहार में चिकित्सक के पास पहुंचा और अपनी परेशानी बताई। शरीर पर लगातार बढ़ रहे दाने को देखते हुए उसने 16 जुलाई को त्वचा रोग विशेषज्ञ से दिखाया। 21 जुलाई तक भी कोई लाभ नहीं होने के बाद जिला प्रशासन को इसके बारे में सूचना दी गई। इसके बाद इसे एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके हाथ, हथेली, कमर पर दाने हो गए हैं। इस दौरान उनके संपर्क में आनेवाले डाक्टर, शख्स की पत्नी, बड़ा भाई, भाभी, माता-पिता व दोस्तों को आइसोलेट कर दिया गया है। इनपर जिला प्रशासन नजर रख रहा है। दिल्ली में केंद्र सरकार पहले ही इस तरह की गंभीर बीमारियों को लेकर अलर्ट है। एम्स और लोक नायक जैसे अस्पतालों में इनसे निपटने के लिए तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी कहा कि मंकीपाक्स से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सरकार के पास पर्याप्त संसाधन है। मेडिकल की दिशा में दिल्ली सरकार ने पहले ही काफी काम किए हैं। यहां रहने वाले करोड़ों नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन लगाई जा चुकी है।

# एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को रास्ता नहीं देने वालों पर अब लगेगा जुर्माना



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में अभी तक ट्रैफिक नियम तोड़ने पर जुर्माना देना पड़ता था। लेकिन अब इमरजेंसी सेवा वाले वाहनों को रास्ता नहीं देने पर दिल्ली सरकार शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। दरअसल, दिल्ली की सड़कों पर आपातकालीन वाहन जैसे एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को रास्ता देना अनिवार्य कर दिया है।

अभी तक लोग मानवीय तौर पर इनके लिए, रास्ता छोड़ देते थे, लेकिन अब दिल्ली में अनिवार्य रूप से आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को रास्ता देने का प्रविधान कर दिया गया है। अगर कोई वाहन चालक नियम का उल्लंघन करता है तो उस पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

दिल्ली पुलिस इमरजेंसी सेवा वाले वाहनों को रास्ता नहीं देने वाले लोगों से सख्ती से निपटेगी। स्पेशल कमिश्नर लीगल अफेयर्स व लाइसेंसिंग-संजय सिंह ने ट्वीट कर लोगों से ऐसे वाहनों को रास्ता देने की अपील की है। साथ ही ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ दस हजार रुपये का चालान काटे जाने का निर्देश भी जारी किया है।

# लव कुश रामलीला में मनोज तिवारी बनेंगे केवट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली कॉन्स्टिट्यूशन क्लब नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में लीला के प्रेसिडेंट श्री अर्जुन कुमार ने पत्रकारों को बताया भोजपुरी सिनेमा के मजे हुए हुए अभिनेता सिंगर और सांसद श्री मनोज तिवारी इस वर्ष लीला में केवट का किरदार निभाएंगे उन्होंने यह भी बताया कि लोकप्रिय टीवी सीरियल महाबली हनुमान सहित 20 से ज्यादा सीरियल और सस्पेंस फिल्म में रोल कर चुके बॉलीवुड एक्टर श्री अरुण मंडोला इस बार लीला में लक्ष्मण का किरदार कर रहे हैं! श्री अर्जुन कुमार के मुताबिक इस वर्ष लीला का मंचन शुरू होने से पूर्व 22 से 25 सितंबर 2022 लीला मंचन पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम इसी कड़ी में हारे का सहारा बाबा श्याम खाटू वाले की भजन संध्या कार्यक्रम में लोकप्रिय भजन गायक श्री कन्हैया मित्तल गुणगान करेंगे लीला कमेटी के जनरल सेक्रेटरी श्री सुभाष गोयल ने बताया कि ब्रह्म ऋषि श्री कुमार स्वामी जी का एक विशेष कार्यक्रम 24 सितंबर 2022 को लीला स्थल लाल किला मैदान पर संपन्न होगा इस अवसर पर फिल्मी दुनिया की अनेक कलाकारों द्वारा कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे फिल्म अभिनेता श्री मनोज तिवारी सांसद ने पत्रकारों को बताया कि लव-कुश रामलीला में केवट का किरदार उनका पसंदीदा किरदार है क्योंकि मुझे किरदार को निभाते हुए प्रभु श्री राम के भजन गाने का अवसर मिल जाता है और मैं एक्टर से पहले एक गायक हूं सो प्रभु श्री राम जी के सामने और लाखों राम भक्तों के बीच मुझे भजन गाने का सुनहरा मौका मिल जाता है एक्टर श्री अरुण मंडोला ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि लव कुश रामलीला कमेटी के माध्यम से मुझे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के छोटे भाई लक्ष्मण का किरदार करने का मौका मिला है यह मेरे लिए बहुत ही गर्व की बात है` इस मौके पर लव कुश रामलीला कमेटी के चेयरमैन श्री पवन गुप्ता सीनियर उपाध्यक्ष श्री सत्य भूषण जैन और लीलामंत्री श्री कपिल रस्तोगी व श्री प्रवीण सिंगल ने भी पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए

# कांवड़ियों के बीच आजादी के अमृत महोत्सव की भी दिख रही झलक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सावन के महीने में भक्त भगवान शिव की भक्ति में सराबोर हैं। हरिद्वार से कांवड़ में जल भरकर कांवड़िये दिल्ली पहुंच रहे हैं। कांवड़ियों के बीच आजादी के अमृत महोत्सव की भी झलक दिख रही है। वाहनों पर तिरंगा झंडा लगाकर बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए कांवड़िये आ रहे हैं। दिल्ली में दो साल बाद कांवड़ियों की रौनक देखने को मिल रही है। अभी सड़कों पर ज्यादातर हरियाणा और राजस्थान के कांवड़िये चलते दिख रहे हैं। कांवड़ लाने वालों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग शामिल हैं। सड़कों पर बम-बम भोले की गूंज कोई पैदल चलकर कांवड़ ला रहा है तो कोई वाहन से। इसमें मोटरसाइकिल, स्कूटर, स्कूटी, कार, ऑटो, ई-रिक्शा शामिल हैं। शिव भक्तों ने वाहनों को डीजे, रंग-बिरंगी लाइट और झालरों से सजा रखा है। बोल बम-बोल बम की गूंज सड़कों पर सुनाई दे रही है। भगवान शिव के गानों की धुन पर कांवड़िये झूमते हुए गंतव्य स्थल की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं कुछ कांवड़िये साइकल से भी आ रहे हैं। रविवार से दिल्ली में डाक कांवड़ आने का सिलसिला शुरू हो गया। शिविर में कांवड़ियों का सत्यापन दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में सजे शिविरों में कांवड़ियों का जोरदार स्वागत हो रहा है। भोले के संगीत की धुन पर कांवड़िये शिविरों में झूमते दिख रहे हैं। वेलकम इलाके में कांवड़ शिविर लगाने वाले सद्भावना कांवड़ समिति के संस्थापक सुदेश चौधरी ने बताया कि कांवड़ियों को लेकर सभी व्यवस्था कर रखी हैं। उनके भोजन से लेकर रुकने का इंतजाम किया गया है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय की पेटेंट कानूनों पर सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली विश्वविद्यालय पेटेंट कानूनों पर एक सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की योजना बना रहा है ताकि छात्रों को उनके अनुसंधान को साकार उत्पाद बनाने में मदद और उन्हें पेटेंट दाखिल करने के बारे में बुनियादी जानकारी मिल सके। यह पहली बार होगा जब इस तरह का पाठ्यक्रम किसी विश्वविद्यालय में कराया जाएगा। पेटेंट कानूनों को दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पत्र के एक भाग के रूप में पढ़ाया जाता है और विश्वविद्यालय में कुछ विज्ञान पाठ्यक्रमों में इस विषय पर एक अध्याय भी शामिल है। पेटेंट कानूनों पर पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम और अन्य तौर-तरीकों को तैयार करने को लेकर एक समिति का गठन किया है। पेटेंट एक प्रकार की बौद्धिक संपदा है जो उसके स्वामी को किसी अन्य को वह आविष्कार करने, उपयोग करने या बेचने से रोकने का कानूनी अधिकार देता है। नई गठित समिति की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के बी आर अंबेडकर सेंटर फॉर बायोमेडिकल रिसर्च के मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी लेबोरेटरी की प्रोफेसर दमन सलूजा कर रही हैं। सलूजा ने कहा कि पाठ्यक्रम से छात्रों को यह समझने में मदद मिलेगी कि पेटेंट के लिए दाखिल करते समय किन बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिए, क्योंकि कई छात्रों को इस बात की जानकारी नहीं है कि क्या पेटेंट योग्य है और क्या नहीं। उन्होंने कहा, उच्च शिक्षा में बहुत सारे अनुसंधान होते हैं जिनके ठोस परिणाम होते हैं। हालांकि, लोगों को इसके बारे में पता नहीं है... कि अपने अनुसंधान को एक वास्तविक उत्पाद कैसे बनाया जाए? लोग पेटेंट नियमों और पेटेंट कानूनों के बारे में नहीं जानते हैं। डीयू इस संबंध में एक सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की योजना बना रहा है जो इस कमी को पूरा करेगा। सलूजा ने कहा कि सर्टिफिकेट कोर्स तीन-चार महीने का कार्यक्रम होगा, इस दौरान छात्रों को पेटेंट कानूनों के बारे में मूल बातें सिखाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम विज्ञान के उन छात्रों के काम आएगा जो अपने अनुसंधान के लिए पेटेंट कानूनों के बारे में जानना चाहते हैं।

# मंकीपॉक्स से निपटने में अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए:अनिल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





- चौ. अनिल कुमार ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है
- दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिनके पास कोई भी मंत्रालय नहीं वे सिर्फ अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने में लगे हुए है

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली में मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आना चिन्ता का विषय है क्योंकि पिछली बार कोरोना महामारी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को आश्वासन दिया था कि घबराने की कोई बात नहीं है कोरोना महामारी एक चुटकी के समान है और उन्होंने यह बात तब कही थी जब कोरोना महामारी फैल रही थी और दिल्ली की जनता इस भयंकर महामारी की मार से अनजान थी और उसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के झूठे आश्वासनों का खामयाजा दिल्ली की जनता को भुगतने पड़े। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है, दिल्ली सरकार को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि कोविड -19 महामारी के भयंकर दौर को न दोहराया जाए। पिछले कोरोना काल में केजरीवाल सरकार की खराब योजना व देर से प्रतिक्रिया, निष्क्रियता के कारण मेडिकल, ऑक्सीजन और अस्पताल में बिस्तरों की कमी की वजह से दिल्ली में हजारों लोगों की जान चली गई।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि चिंता की बात यह है कि दिल्ली में इस संक्रमित मरीज का यात्रा करने का कोई ब्यौरा नहीं है और ना ही यह पता है कि उस मरीज ने किसी को संक्रमित किया है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह पता लगाना अति आवश्यक है कि क्या उसने अन्य लोगों को संक्रमित किया है या नहीं? जांच समय रहते उचित कदम उठाया जा सके। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में हैं, और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिन्हें स्वास्थ्य का प्रभार दिया गया है, वें भी कई अन्य विभागों के बोझ से दबे हुए हैं और भ्रष्टाचार में लिप्त है और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जिनके पास कोई भी मंत्रालय नहीं वे सिर्फ अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने में लगे हुए है बजाय के दिल्ली की जनता के स्वास्थ्य के बारे में चिन्ता करने का समय ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी पूरी तरह से डगमगाई हुई है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि कोविड-19 महामारी अभी भी दिल्ली में बहुत सक्रिय है और डेंगू के मामले हर रोज सामने आ रहे हैं, लेकिन राजधानी में पूर्ण स्वास्थ्य मंत्री नहीं है, जो गंभीर चिंता का विषय है, बावजूद इसके केजरीवाल दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य के प्रति गम्भीर नहीं दिख रहे हैं।

# 55 करोड़ की लागत वाले ब्रिज में अबतक 87 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं : दुर्गेश पाठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आप विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी ने जो ब्रिज 2006 में 55 करोड़ की लागत में सैंक्शन किया था, वह 87 करोड़ खर्चने के बाद 2022 में भी पूरा नहीं हुआ है। जिस ब्रिज को 2010 में बन जाना चाहिए था उसकी शुरुआत 2022 में की गई है। आप विधायक ने एलजी विनय कुमार से ब्रिज को जल्द से जल्द बनवाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने घूस खाने वालों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की विनती की है। उन्होंने कहा कि आज यह ब्रिज से संबंधित सभी दस्तावेज एलजी साहब को सौंपेंगे जिससे जांच को समय से आगे बढ़ाया जा सके।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राजेंद्र नगर से विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल हमारे प्यारे एलजी साहब काफी खाली हैं इसलिए वह पूरी दिल्ली में घूम-घूमकर मोदीजी के पोस्टर लगा रहे हैं। हमें लगा उन्हें कुछ काम दे दिया जाए क्योंकि इतने बड़े आदमी का खाली बैठना अच्छी बात नहीं है। आज हम उनके लिए एक काम लेकर आएं हैं, आशा है कि वह इस काम को अच्छे से करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की एमसीडी ने एक शानदार काम किया है जिसे एलजी साहब को जरूर देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2006 में जब दिल्ली में कॉमनवेल्थ टूर्नामेंट कराने की बात हुई तो दिल्ली में विकास संबंधी कई प्रोजेक्ट शुरू किए गए। उसी दौरान वजीरपुर विधानसभा स्थित किशनगंज के सदर बाजार के क्षेत्र में रेलवे अंडरब्रिज बनना था। यह ब्रिज 2006 में सैंक्शन हुआ जिसका उद्घाटन 2010 में होना था। ब्रिज के 4 बॉक्स बनने थे लेकिन आज 2022 में अभीतक पहले बॉक्स पर ही काम चल रहा है। दूसरी दिलचस्प बात यह है कि ब्रिज की लागत 55 करोड़ रुपए तय की गई थी लेकिन उसमें अबतक 87 करोड़ रुपए लग चुके हैं। उस समय भी कई नेताओं ने इसका कई बार उद्घाटन किया, कई बार लड्डू भी बंटे। चांदनी चौक से सांसद, पूर्व मेयर जय प्रकाश जी ने भी इसका उद्घाटन किया था।

ब्रिज की कुछ तस्वीरें दिखाते हुए दुर्गेश पाठक ने कहा कि मेरी एलजी साहब से विनती है कि इस मामले की जांच हो और उनके पास समय हो तो वह ब्रिज की हालत को खुद देखने जाएं। जाहिर है जब एमसीडी ने ब्रिज की लागत 55 करोड़ तय की थी तो उन्होंने इसमें 2-4 लाख रुपए नेताओं और अन्य लोगों को खिलाने के लिए भी रखा होगा। कहने का अर्थ यह है कि वास्तव में 40-45 करोड़ का काम रहा होगा जिसमें 10-15 करोड़ रुपए अतिरिक्त जोड़े होंगे। अबतो 87 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। कहते हैं कि भाजपा वाले बहुत पैसा लेते हैं। वैसे तो एलजी साहब के लिए यह एक छोटा सा काम है लेकिन अगर यह काम हो जाता है तो बड़ी बात होगी। मेरी एलजी साहब से विनम्र निवेदन है कि इस ब्रिज को जल्द से जल्द बनवाया जाए। साथ ही जिन लोगों ने इसमें पैसे खाए हैं उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। आज मैं इससे संबंधित सभी दस्तावेज एलजी साहब को भेजूंगा जिससे उन्हें जांच में कोई समस्या ना हो।

## सरकारी शिक्षकों के कक्षा में मोबाइल ले जाने पर रोक

नई दिल्ली। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के कक्षा में मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक लगी दी गई है। कक्षा में जाने से पहले शिक्षकों को मोबाइल जमा कराना होगा। इसको लेकर दक्षिण जिला उप शिक्षा निदेशक ने स्कूलों को ई-मेल के जरिये सूचित किया है। सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि कक्षा में शिक्षकों को मोबाइल का इस्तेमाल न करने दिया जाए। निदेशों के बावजूद ऐसा संज्ञान में आया है कि कुछ शिक्षक कक्षा में मोबाइल का प्रयोग करते हैं। स्कूल प्रमुख शिक्षकों को निर्देश दें कि कक्षा में जाने से पहले स्कूल प्रमुख के पास या लॉकर में अपना मोबाइल जमा कराएं। अगर कक्षा में कोई शिक्षक मोबाइल का इस्तेमाल करते हुए मिलता है तो उस शिक्षक और संबंधित स्कूल प्रमुख पर कार्रवाई की जाएगी।

राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ जिला पश्चिमी-ए के सचिव संतराम ने बताया कि इस निर्णय का स्वागत है। यह शिक्षण प्रक्रिया में बाधा है। स्कूल के समय में किसी भी तरह से मोबाइल और टैब का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। शिक्षण के अलावा कोई कार्य करने या करवाने वाले पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# सीलमपुर हत्याकांड: फ्रिज में छिपाने वाले बड़े भाई को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सीलमपुर इलाके में घर के अंदर व्यक्ति की हत्या कर शव को फ्रिज में छिपाने वाले बड़े भाई समेत दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लूटपाट और पुश्तैनी संपत्ति के कागज हड़पने के लिए बड़े भाई आबिद हुसैन ने अपने मुंह बोले बेटे जाहिद के साथ मिलकर हथौड़े से जाकिर को मौत के घाट उतारा था। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पुलिस ने दोनों आरोपितों को दबोच कर कुछ ही घंटों में हत्या की गुत्थी सुलझा ली। इन आरोपितों के पास से लूटे गए चार लाख रुपये और आभूषण बरामद हुए हैं। हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद कर लिया गया है। उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7.15 बजे सीलमपुर थाना क्षेत्र की गौतमपुरी गली नंबर-सात में जाहिर नामक व्यक्ति का शव उसके ही घर में फ्रिज में मिला था। उसका फोन न उठने पर एक जानकारी सूचना पर पुलिस वहां पहुंची थी। जाकिर की पत्नी और दोनों बेटे उससे अलग दूसरे मकान में रहते थे। इस केस में जांच टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। फुटेज में बृहस्पतिवार दोपहर के समय दो लोग जाकिर के मकान से निकलते दिखाई दिए। उन दोनों के हाथ में सामान भी दिखा। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि मकान से निकल रहा एक व्यक्ति मृतक जाकिर का बड़ा भाई आबिद है। उसके साथ निकल रहे दूसरे व्यक्ति की पहचान जाहिद के रूप में हुई, जिसे आबिद अपना मुंह बोला बेटा मानता है। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों ने स्वीकार लिया कि उन्होंने ही हथौड़ा मार कर जाकिर की हत्या की है पुश्तैनी संपत्ति बेचना चाहता था आबिद आरोपित आबिद की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वह संगम विहार में पुश्तैनी संपत्ति बेच कर अपनी बेटियों की शादी करना चाहता था, लेकिन जाकिर इसके लिए तैयार नहीं था।

## पुलिसकर्मी बनकर अगवा करने का आरोप

नई दिल्ली। शाहदरा के विवेक विहार में एक युवक को अगवा करने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि दो आरोपियों ने पुलिसकर्मी बनकर पीड़ित को अगवा किया है। युवक की सास की शिकायत पर शनिवार को पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला परिवार के साथ विवेक विहार के कस्तूरबा नगर इलाके में रहती हैं। उनके घर के पास उनकी बेटी अपने परिवार के साथ रहती है। बुजुर्ग महिला के अनुसार, 21 जुलाई को वह घर पर मौजूद थी। तभी उनकी नाती उनके घर आई और बोली कि कुछ लोग पुलिस वाले बताकर उसके पिता को लेकर जा रहे हैं। वह तुरंत उसके घर पहुंची तो लोग उनके दामाद को लेकर जा रहे थे। उन्होंने पूछा तो आरोपियों ने खुद को गुरुग्राम के पुलिस वाले बताया। लेकिन उनके दामाद को ले जाने का कारण नहीं बताया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी और आसपास दामाद की तलाश की। दो दिनों तक उन्होंने तलाश की, लेकिन कहीं से कुछ पता नहीं चला और ना ही गुरुग्राम पुलिस से उनके पास कोई फोन आया। उनका आरोप है कि दो नामालूम व्यक्तियों ने पुलिस वाले बनकर उनके दामाद को अगवा किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### केजरीवाल की लोकप्रियता से घबरा रही है भाजपा : अरुण तोमर

नई दिल्ली। भजन पुरा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी से नगर निगम का चुनाव लड़ चुके अरुण तोमर का कहना है उप राज्यपाल नें भाजपा के दबाव में जो सीबीआई जांच की सिफारिश की है उसमे कुछ नहीं निकलने वाला। यह केवल आम आदमी पार्टी की छवि को खराब करने का षडयंत्र है लेकिन इसमें भी भाजपा को कुछ हाथ नहीं लगने वाला। अरुण तोमर कहते हैं पूरी भाजपा इस समय आम आदमी पार्टी के बढ़ते हुए ग्राफ्फ से ना केवल चिंतित है अपितु भयभीत है। पहले दिल्ली और अब पंजाब में आम आदमी पार्टी मो मिली बम्पर जीत से भाजपा नेत्रत्व के होश फाख्ता हो चुके हैं। अरुण तोमर कहते हैं जिस तरह से गुजरात और हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ अन्य चुनावी राज्यों में अरविन्द केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की सभाओं में लोगो का हुजूम उमड़ रहा है उससे भाजपा की परेशानियाँ बढ़ रही है। इन राज्यों में लोग अब बदलाव चाहते है और आम आदमी पार्टी ना केवल इन राज्यों में अपितु पूरे देश में भाजपा के विकल्प के रूप में उभर रही है।

### दिल्ली के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश

नई दिल्ली। दिल्ली के कुछ हिस्सों में रविवार को हल्की बारिश के बाद पारा 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह जानकारी मौसम कार्यालय ने दी। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके और पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर में अच्छी बारिश हुई, जबकि शाहदरा और कुछ अन्य हिस्सों में बूंदाबांदी हुई। उसने कहा कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 79 प्रतिशत रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में आमतौर पर बादल छाये रहेंगे और हल्की बारिश एवं गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। शनिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 25.5 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### पूर्व मेयर श्याम सुंदर अग्रवाल ने किया हॉउस टैक्स कैम्प का उद्घाटन

नई दिल्ली। अनारकली वार्ड के चंदू पार्क में सोशल वेलफेयर एसोसिएशन चंदू पार्क के द्वारा हाउस टैक्स कैंप लगाया गया जिस का उद्घाटन पूर्व महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने किया एसोसिएशन के चेयरमैन विपिन गुप्ता ने पुष्प गुच्छ दे कर तथा संस्था के प्रधान संजय शर्मा व सचिव परमेश रस्तोगी ने माला पहना कर स्वागत किया। पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा हम सभी को अपना संपत्ति कर समय से जमा करवाना चाहिए इससे जहां निगम के कार्यो में तेजी आती है वही हमे छूट का लाभ मिलता है जिस प्रकार से अनारकली वार्ड के क्षेत्रवासी उत्साह से अपना यहां अपना संपत्ति कर जमा करवाने आए है वह काबिले तारीफ है यहां की एसोसिशन के सभी पदाधिकारियों का भी कैंप लगाने के लिए धन्यवाद के पात्र है जिसके माध्यम से यहां के 82 लोगो ने 4 लाख 45 हजार रुपए जमा करवाए, क्षेत्रवासियो को अपने अपने घर के पास रविवार को भी संपति कर जमा करवाने की सुविधा मिल पाई वही निगम को राजस्व प्राप्त हो रहा है।

### शिविर में लगवाई दो सौ से ज्यादा लोगो ने वैक्सीन

नई दिल्ली। भजन पुरा वार्ड के तहत सुदामापुरी क्षेत्र में सामजिक कार्यकर्ता समाजसेवी ठाकुर विनोद जायस के सुदामापुरी कार्यालय में आयोजित शिविर में क्षेत्र के दो सौ से अधिक लोगो ने कोरोना विरोधी वैक्सीन लगवाई। ठाकुर विनोद जायस नें बताया प्रशाशन के सहयोग से उनके कार्यालय में पिछले माह से वैक्सीन लगवाने का कार्य लगातार चल रहा है, तकरीबन हर सप्ताह दो या तीन दिन यह शिविर लगाया जाता है जिसमे औसतन डेढ़ सौ से लेकर दो सौ लोग शिविर का लाभ उठाते हुए वैक्सीन लगवाते हैं। विनोद जायस नें बताया शिविर में लोगो को पहली, दूसरी तथा बूस्टर डोज लगवाने की व्यवस्था रहती है। इसके लिए क्षेत्र में पूरा प्रचार किया जाता है और लोग सुबह से ही शिविर में आना शुरू कर देते हैं और दोपहर बाद तक यह कार्य निरंतर चलता रहता है। विनोद जायस का कहना है कोरोना को ले लोगों में लगातार जागरूकता आ रही है और लोग समझ रहे हैं कोरोना की रोकथाम के लिए वैक्सीन लगवाना बे-हद जरूरी है। उन्होंने बताया उनके कार्यालय में वैक्सीन लगवाने का सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

## वन महोत्सव अभियान का समापन 24 जुलाई को : गोपाल राय

### रात के अंधेरे में पुलिस का काम लोगो को सुरक्षा देना है, ना की प्रधानमंत्री का बैनर लगाना- गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने असोला भाटी माइंस में आयोजित होने वाले वन महोत्सव के समापन समारोह स्थल पर रातों-रात दिल्ली पुलिस द्वारा कब्जा किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि पीएम कार्यालय के आदेश पर पुलिस ने वन महोत्सव के समापन समारोह स्थल को अपने कब्जे में लिया और प्रधानमंत्री का बैनर लगाया। 11 जुलाई से शुरू हुए वन महोत्सव अभियान का समापन 24 जुलाई को असोला भाटी माइंस में एक लाख पौधे लगाने के साथ किया जाना था। इसमें एलजी और सीएम अरविंद केजरीवाल को शामिल होना था, लेकिन पुलिस ने दिल्ली सरकार के लगे बैनर को हटा दिया और तैयारी में लगे लोगों को भी धमकाया। यह दिल्ली सरकार का कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री पुलिस के बल पर जबरदस्ती अपनी फोटो लगवाकर क्या साबित करना चाहते हैं? मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पिछले कुछ समय से सीएम अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार के मंत्रियो को बदनाम करने की लगातार कोशिश की जा रही है। सीएम अरविंद केजरीवाल के सिंगापुर जाने की फाइल रोक दी गई और अब दिल्ली सरकार के कार्यक्रम में पीएम जबरदस्ती अपनी फोटो लगवा रहे हैं। मोदी सरकार ने वृक्षरोपण अभियान को राजनितिक कार्यक्रम बना दिया है। इसलिए उनके इस राजनितिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और दिल्ली सरकार के मंत्री शामिल नहीं होंगे। केजरीवाल सरकार ने 2014 से लेकर अब तक 2.10 करोड़ पौधारोपण किया है, जबकि इस साल 35 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य है- गोपाल राय पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज प्रेसवार्ता कर कहा कि दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में प्रदूषण के खिलाफ सरकार चौतरफा काम कर रही है। इसका सकारात्मक परिणाम भी देखा जा सकता है। पिछले 4-5 सालों के दौरान करीब 25 प्रतिशत से ज्यादा पीएम-10 और पीएम-2.5 का स्तर कम हुआ है। दिल्ली में प्रदूषण कम करने में वृक्षारोपण अभियान ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दिल्ली में चल रहें वृक्षारोपण अभियान के फलस्वरूप दिल्ली में जहां साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसद था, वहीं, हमारी सरकार के प्रयासों के कारण साल 2021 में यह बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया है। साथ ही, साल 2014 से लेकर अब तक केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के अंदर सभी सम्बंधित विभागों की हरित एजेंसी द्वारा 2 करोड़ 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य भी हासिल किया है, जबकि इस साल वृक्षारोपण महा अभियान के तहत 35 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। एलईडी टीवी के माध्यम से बच्चों को वीडियो और फोटो दिखाकर वृक्षारोपण के बारे में जागरूक करना था, अब उस पर पीएम का बैनर लगा दिया गया है- गोपाल राय पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आगे कहा कि यदि मंच की तस्वीर को ध्यान से देखेंगे, तो एलईडी टीवी दिखाई देगा, जिसको वहां लगाने का मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम में आने वाले बच्चों को वीडियो और फोटोज के माध्यम से वृक्षारोपण के बारे में जागरूक करना था। लेकिन रात को पुलिस के द्वारा अचानक से एलईडी टीवी के ऊपर जबरदस्ती मोदी जी के बैनर को लगाकर प्रधानमंत्री कार्यालय क्या सन्देश देना चाहता है, यह दिल्ली सरकार की समझ से परे है। रात के अंधेरे में पुलिस का काम लोगो को सुरक्षा देना है, ना की मोदी जी का बैनर लगाना है। अब यह आलम है कि कोई भी व्यक्ति पुलिस की इजाजत के बिना कार्यकम स्थल पर नहीं जा सकता है। चारो तरफ दिल्ली पुलिस की घेराबंदी है और अब यह सूचना मिली है कि पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के बैनर्स को फाड़ कर फेका जा रहा है। दिल्ली सरकार ने 35 लाख पौधे लगाने के लक्ष्य में से 9 लाख पौधारोपण कर दिया है और आगे भी पौधारोपण अभियान जारी रहेगा- गोपाल राय पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सरकार के कार्यक्रम स्थल पर जबरदस्ती पुलिस के बल पर कब्जा किया गया। हमें इस बात का दुख हो रहा है कि देश के प्रधानमंत्री पुलिस के बल पर जबरदस्ती अपना फोटो लगवाकर क्या साबित करना चाहते हैं? यह दिल्ली सरकार का कार्यक्रम था। इसका मोदी जी से क्या लेना देना। मोदी सरकार को अचानक से केजरीवाल सरकार से इतना डर क्यों लगा रहा है, यह हमारी सरकार की समझ में नहीं आ रहा है? लगातार पिछले कुछ समय से यह देखा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी और दिल्ली सरकार के मंत्रियो को बदनाम करने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। पहले सत्येंद्र जैन को झूठे केस में गिरफ्तार कर लिया गया और अब दिल्ली के उप मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का षड़यंत्र चल रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को सिंगापुर जाना था।

### असोला भाटी माइंस में एक लाख पौधे लगाने के साथ किया जाना था- गोपाल राय

मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार ने इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए वृक्षारोपण महा अभियान को गति देने के लिए 11 जुलाई से वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण महा अभियान की शुरूआत सेंट्रल रिज से की। जिसके तहत 11 जुलाई से लेकर अबतक दिल्ली के सभी विधानसभाओ में विधायकों और दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियो ने अलग-अलग जिलों में इस महा अभियान को प्रोत्साहित किया। 15 दिनों तक चलने वाले इस वन महोत्सव का समापन आज (24 जुलाई) असोला भाटी माइन्स में एक लाख से अधिक पौधे लगाकर किया जाना था। इस समापन समारोह में उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल महा अभियान का नेतृत्व करने वाले थे, लेकिन यह बेहद दुःखद है कि दिल्ली सरकार के इस सरकारी आयोजन में कल (23 जुलाई) रात प्रधानमंत्री कार्यालय के आदेश पर कार्यक्रम स्थल पर पुलिस भेजी गई और पुलिस ने मंच को अपने कब्जे में लेकर तैयारियों में लगे सभी लोगो को हटाया दिया और मंच पर लगे दिल्ली सरकार के बैनर को हटाकर पुलिस ने मोदी जी की फोटो वाले बैनर को लगा दिया। साथ ही वहां मौजूद लोगो को भी धमकाया गया कि अगर मोदी जी के बैनर को कोई हटाएगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दयालपुर में दो मंजिला मकान गिरने से एक की मौत, छह घायल

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर में रविवार तड़के दो मंजिला मकान गिरने से एक ही परिवार के सात लोग मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस, अग्निशमन विभाग, नगर निगम समेत अन्य बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंची। मलबे में दबे परिवार के मुखिया 45 वर्षीय मोहम्मद सुलेमान, उनकी पत्नी, दो बेटियां और तीन बेटों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने बड़े बेटे 20 वर्षीय सूफियान को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मो. सुलेमान परिवार के साथ दयालपुर के मुस्तफाबाद स्थित बाबूनगर में किराये के दो मंजिला मकान में रहते थे। वह मूलरूप से मेरठ के जाकिर कॉलोनी के रहने वाले हैं। सुलेमान ने मकान मालिक शमीम अहमद से पूरा मकान किराये पर लिया था। मकान की दोनों छतें गाटर-पटियों की बनी हुई थी। भूतल पर सुलेमान अपना कबाड़ी का कारोबार करते थे। जबकि ऊपर के मंजिल पर वह परिवार के साथ रहते थे। शनिवार देर रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी लोग पहली और दूसरी मंजिल पर सो गए। जबकि सूफियान भूतल पर सो गया। रविवार तड़के करीब 4:45 बजे अचानक दोनों मंजिलों की छतें और बीच की दीवारें भरभराकर गिर गई। जबकि आगे की दीवार खड़ी रही।

## संगम विहार इलाके में बच्ची से दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



संगम विहार इलाके में अपने घर के बाहर खेल रही बच्ची को उसका 28 वर्षीय पड़ोसी उठाकर अपने घर ले गया। जहां आरोपित ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपित ने बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद धमकी देकर अपने घर से बाहर निकाल दिया। बच्ची रोते हुए अपने घर पहुंची और मां को आपबीती बताई। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के बयान व मेडिकल के बाद केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पड़ोसी ने गली में उसे अकेले देखा तो उठाकर अपने घर ले गया। जहां आरोपी ने बच्ची की पिटाई की और फिर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने वारदात के बाद बच्ची को डरा धमका कर अपने घर के बाहर निकाल दिया। बच्ची रोते हुए अपने घर तक पहुंची और उसकी माँ ने उसे चुप कराया। उससे रोने का कारण पूछा तो बच्ची ने आपबीती अपनी मां को बताई। जिसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। संगम विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को लेकर अस्पताल गई। जहां मेडिकल में दुष्कर्म और पिटाई की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। उधर, न्यू अशोक नगर इलाके में साढ़े आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने अपनी बहन के सहयोग से बच्ची को अपने फ्लैट पर बुलाने के बाद नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया। ऐसा करने के बाद वारदात को अंजाम दिया। बच्ची के स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित फरार हैं, पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक बच्ची परिवार के साथ न्यू अशोक नगर इलाके में रहती है। शुक्रवार को वह अपने घर में खेल रही थी। उसी घर की बिल्डिंग के दूसरे फ्लैट में रहने वाली युवती बच्ची को अपने साथ बहाने से लेकर गई थी। काफी देर बाद जब वह लौटी तो रो रही थी। उसने अपनी मां को पेट में दर्द होने की शिकायत की। दर्द ज्यादा होने पर मां उसको अस्पताल लेकर गई, वहां जांच के दौरान पता चला कि बच्ची के साथ किसी ने दुष्कर्म किया है। मां ने मामले की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने बच्ची की काउंसलिंग कराई। जांच शुरू की गई तो मालूम हुआ कि युवती के साथ फ्लैट में उसका भाई था। उसने बच्ची को पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक दी थी। उसे पीने के बाद वह बेहोश हो गई।

## चांदनी चौक, मजनूं का टीला को खाने-पीने के केन्द्र के तौर पर विकसित किया जाएगा : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में पायलट प्रोजेक्ट के तहत मजनू का टीला और चांदनी चौक को फूड हब के रूप में विकसित किया जाएगा। रिसर्च और मार्केट एसोसिएशंस के साथ कई बैठकों के बाद मजनू का टीला और चांदनी चौक को चिन्हित किया गया है। यहां सड़क, बिजली, पानी व सफाई का इंतजाम किया जाएगा। फूड सेफ्टी व हाइजिन की गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराया जाएगा। साथ ही पूरे देश और दुनिया के अंदर इसकी ब्रांडिंग की जाएगी, ताकि दिल्ली आने वाले लोग इन फूड हब में आ सकें। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगले छह हफ्ते के अंदर एक डिजाइन प्रतियोगिता करेंगे, जिसमें देश की मशहूर आर्किटेक्चर फर्म से इन फूड हब को विकसित करने के लिए डिजाइन मांगा जाएगा। इसके बाद अगले 12 हफ्तों में आर्किटेक्चर के डिजाइन को अंतिम रूप देकर कांट्रैक्ट दे दिया जाएगा और दोनों फूड हब को विकसित करने का काम शुरू कर दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि आने वाले पांच साल के अंदर हमने यह लक्ष्य रखा है कि 20 लाख युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेंगे। रोजगार उत्पन्न करने के लिए नए आइडिया लेकर आ रहे हैं। केजरीवाल ने फूड हब की घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली, भारत का फूड कैपिटल माना जाता है। दिल्ली के लोगों को खाने और खिलाने का बहुत शौक है। दिल्ली में साउथ इंडियन, मराठी, गुजराती, बंगाली समेत हर किस्म का खाना मिलता है। पूरे देश का किसी भी तरह का खाना हो, वो दिल्ली में मिलता है। साथ ही, दुनिया भर का खाना दिल्ली में मिलता है। चाहे इटेलियन हो, चाइनीज हो या एशियन हो, वो दिल्ली में जरूर मिलता है। केजरीवाल ने कहा कि इन फूड हब के अंदर हम भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक करेंगे। वहां की सड़कें, बिजली, पानी, सफाई आदि ठीक करेंगे। दूसरा, उस फूड हब के अंदर फूड सेफ्टी का पूरा इंतजाम किया जाएगा, ताकि फूड सेफ्टी और हाइजिन की गाइडलाइन का सभी लोग सख्ती के साथ पालन करें। तीसरा, उस फूड हब की पूरे देश और पूरी दुनिया के अंदर ब्रांडिंग की जाएगी। ताकि देश-दुनिया से दिल्ली आने वाले लोग उस फूड हब में आ सकें। सीएम ने कहा कि हमें उम्मीद है कि इससे बहुत सारे रोजगार उत्पन्न होंगे। शुरूआत में पायलट आधार पर हम पहले चरण में दो फूड हब विकसित करने जा रहे हैं। इसके उपर बहुत रिसर्च की गई और पूरे दिल्ली के अंदर जगह-जगह फूड हब का दौरा किया गया। वहां पर कितनी दुकानें हैं और रोजाना कितने लोग आते हैं। कौन सा खाना कहां पर प्रसिद्ध है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मार्केट एसोसिएशन के साथ कई बैठकें की। उसके बाद पहले चरण के लिए दो फूड हब विकसित करने के लिए चिन्हित किए गए हैं। पहला मजनू का टीला है। मजनू का टीला खासकर छात्रों, खासकर डीयू के बच्चों के लिए बहुत ज्यादा प्रसिद्ध स्थान है और पूरे एशियन सीरीज के लिए प्रसिद्ध है। दूसरा, चांदनी चौक है। चांदनी चौक में आसपास काफी कुछ ऐसा है, जिसको फूड हब बनाया जाएगा। यहां पर चांदनी चौका का खाना भी बहुत प्रसिद्ध है। केजरीवाल सरकार तीन स्तरों पर इस प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन करेगी। पहला, विभिन्न अथॉरिटीज के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा।

## राकेश अस्थाना को दोबारा मिलेगा सेवा विस्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



वर्तमान दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना का कार्यकाल आगामी 31 जुलाई को खत्म हो रहा है। गुजरात कैडर के 1984 बैच के आइपीएस राकेश अस्थाना के कार्यकाल के अब महज छह दिन ही शेष बचे हैं। आयुक्त पद पर रहते हुए उन्होंने दिल्ली पुलिस को बेहतर दिशा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वर्षों से एक ही ढर्रे पर चलने वाली दिल्ली पुलिस के कामकाज में अमूलचूल बदलाव लाकर अस्थाना ने इस बल को और मजबूत व पेशेवर बनाने की दिशा में एक के बाद कई मजबूत फैसले लिए। दिल्ली पुलिस को एक नई दिशा दी, जो महकमे में चर्चा का विषय बना हुआ है। उनकी कार्यशैली व कामकाज के तौर तरीके से माना जा रहा है कि उन्हें दोबारा भी सेवा विस्तार दिया जा सकता है। इसी हफ्ते दोबारा सेवा विस्तार देने अथवा न देने को लेकर गृह मंत्रालय में महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाना है। उनका कार्यकाल खत्म होने का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है दिल्ली व केंद्र शासित प्रदेशों में तैनात यूटी कैडर के आइपीएस अधिकारियों समेत समस्त पुलिस बल की निगाहें इस पर टिकी हुई है। अस्थाना दिल्ली पुलिस के पहले ऐसे आयुक्त हैं जो ट्रांसफर पोस्टिंग, यूनिटों के बंटवारे व अन्य नए-नए तरीके के फैसले लिए जाने को लेकर महकमे में हमेशा सुर्खियों में ही रहे। पहली बाद दिल्ली पुलिस में वरिष्ठ आइपीएस अधिकारियों में भी अपने मुखिया का खौफ देखने को मिला। बेहिसाब ट्रांसफर पोस्टिंग कर उन्होंने इस मिथ्या को तोड़ दिया कि कुछ ही संयुक्त आयुक्त, डीसीपी, एसीपी व इंस्पेक्टरों को हमेशा अच्छे पदों पर बने रहने का हक मिल सकता है। उन्होंने शीर्ष रैंक पर बहुतों को मौका दिया। हालांकि इस तरह के प्रयोग में जिम्मेदारी नहीं संभाल पाने पर कईयों को पद से हटना भी पड़ा। बड़ी संख्या में आइपीएस व इंस्पेक्टरों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे। अस्थाना के उक्त फैसले से एक धड़ा जिन्हें मौका दिया गया उनमें खुशी देखने को मिला तो दूसरी ओर जो वर्षों से लगातार अच्छी पोस्टिंग काट रहे थे और उन्हें हटाकर निष्क्रिय यूनिटों में तबादला कर दिया गया एक बहुत बड़ी संख्या में ऐसे अधिकारियों व कर्मियों में गहरा असंतोष भी पनप रहा है। यही हाल आइपीएस में भी है। चंद दानिप्स व आइपीएस को ही अच्छी पोस्टिंग दी गई जो पहले भी अच्छी पोस्टिंग काट चुके थे। बेहद सख्त मुखिया होने के नाते अस्थाना के खौफ का ही नतीजा है कि उनका कार्यकाल खत्म होने का समय जैसे जैसे नजदीक आ रहा है।

## शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय ने एक अनूठी पहल की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) सौ साल का सफर तय कर चुका है। शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय ने एक अनूठी पहल की। पिछले सौ साल के दौरान किसी भी वजह से अंतिम वर्ष की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए छात्रों को कोर्स पूरा करने का मौका दिया जा रहा है। छात्र अपने बचे पेपर देकर कोर्स पूरा कर सकते हैं। डीयू की यह पहल किस कदर सफल रही, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आठ हजार से अधिक छात्रों ने पढ़ाई पूरी करने में दिलचस्पी दिखाई है। उनके दस्तावेज के सत्यापन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। प्रक्रिया पूरी होने पर डीयू परीक्षा की तिथि घोषित करेगा। पुराने छात्र भी परीक्षा को लेकर उत्सुक हैं। लखनऊ स्थित प्रियदर्शनी कालोनी निवासी राकेश कुमार रावत (70) ने बताया कि सीबीआइ में नौकरी करने के दौरान ही मैंने वर्ष 1979 में एलएलएम में दाखिला लिया था। हालांकि, जांच के सिलसिले में अलग-अलग राज्यों में आना-जाना पड़ता था। नौकरी में स्थानांतरण भी होते थे। इस कारण अंतिम सेमेस्टर का एक ही पेपर दे पाया था। वक्त का पहिया घूमता रहा और मैं नौकरी में व्यस्त रहा, लेकिन कोर्स पूरा करने की इच्छा बनी रही। अब सीबीआइ के सलाहकार के पद से सेवानिवृत्त हो चुका हूं। कुछ समय पहले एक दोस्त के जरिये डीयू की शताब्दी योजना का पता चला था। यह बहुत ही अच्छी पहल है। लंबे समय बाद छात्र बनकर अच्छा महसूस हो रहा है। अब परीक्षा की तैयारी में जुटा हूं। 70 साल की उम्र में 41 साल बाद परीक्षा देने का अलग ही अनुभव मिलेगा। डीयू की तरह बाकी विश्वविद्यालयों को भी इस तरह की पहल करनी चाहिए। रावत कहते हैं कि डिजरटेशन के टापिक का चयन हो चुका है। 66 वर्ष की उम्र में पढ़ाई पूरी करने की ललक ओडिशा स्किल डेवलपमेंट अथारिटी (ओएसडीए) के चेयरमैन और माइंड ट्री कंपनी के सह-संस्थापक सुब्रतो बख्शी भी 40 साल बाद पढ़ाई पूरी करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून की पढ़ाई के लिए ला सेंटर में दाखिला लिया था। मैं बाड़ा हिंदू राव स्थित डीसीएम क्लाथ मिल्स में नौकरी करता था। उस वक्त ला सेंटर मंदिर मार्ग पर था। नौकरी से शाम में छूटने पर पढ़ाई करने मंदिर मार्ग जाता था।

**जानकारी** पर्यावरण दिवस पर मोदी सरकार कहती है कि सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करना है,

## हर मंच पर मोदी की फोटो लगवाने की आतुरता नहीं : भारद्वाज


नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर मंच पर फोटो लगवाने की आतुरता फिर सामने आयी है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण वन महोत्सव में एलईडी स्क्रीन पर जबरन अपनी फोटो वाली होर्डिंग लगवाई है। जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब वो क्या अपने कार्यक्रम में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की फोटो लगाते थे। प्रधानमंत्री कार्यालय के इशारे पर दिल्ली सरकार के कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के अफसर जबरन घुसे। इसके बाद जिस एलईडी स्क्रीन पर बच्चों की फिल्म चलनी थी उस पर नरेंद्र मोदी का फोटो लगाया। दिल्ली सरकार और दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जोर-जबर्दस्ती करने के लिए पुलिस भेजते हैं और अपना पोस्टर-होर्डिंग लगवाते हैं। दिल्ली सरकार के कार्यक्रम को प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर राजनीतिक कार्यक्रम में तब्दील करने की निंदा करते हैं। हमारे मुख्यमंत्री और मंत्री ने फैसला किया है कि ऐसे राजनीतिक कार्यक्रम के अंदर हिस्सा नहीं लेंगे। विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पर्यावरण दिवस पर मोदी सरकार कहती है कि सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करना है। वहां पर सिंगल यूज प्लास्टिक का बना मोदी का होर्डिंग लगाया गया है। सीएम अरविंद केजरीवाल से जलन और ईर्ष्या के चलते सिविल लाइन से असोला भाटी माइंस तक लगे सभी होर्डिंग को फाड़ा गया है। क्योंकि उस पर अरविंद केजरीवाल की फोटो थी। पीएम मोदी फोटो को लेकर इतने आतुर हैं कि ह्यमैं हर मंच पर अपनी तस्वीर लगा दूं। ऐसा तो फिल्म राजा बाबू में होता है जिसमें करिश्मा कपूर को अनपढ़ गोविंदा कभी इंस्पेक्टर, कभी डॉक्टर तो कभी वकील की तस्वीर में नजर आते हैं। मोदी को भी इसी तरह अपनी फोटो लगाने का शौक है। जिस तरह से दुबई, कतर के शासकों की तस्वीर हर दुकान-होटल में लगी होती है। वैसे ही अब लगता है कि जल्द ही हर जगह मोदी की तस्वीर लगाने के लिए कानून बनने वाला है। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में आज महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चल रहे वर्तमान घटना चक्र से साबित होता जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी से लगता है। पिछले कुछ दिनों की घटनाएं हैं सामने आ रही हैं वह केवल इत्तेफाक नहीं बल्कि दिल्ली वालों और सीएम अरविंद केजरीवाल के मॉडल के साथ एक साजिश है। सबसे पहले दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को एक झूठे फर्जी केस में, जिसमें 7 साल से कुछ नहीं निकल रहा था उसके अंदर ईडी की धाराएं लगाकर गिरफ्तार कराया। सत्येंद्र जैन वह स्वास्थ्य मंत्री हैं, जिन्होंने दिल्ली के अंदर शानदार अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक बनवाए। जिसको ना सिर्फ देश और दिल्ली में बल्कि पूरे विश्व से बड़े-बड़े नेता, प्रशासनिक अधिकारी देखने आज भी आते हैं। उसके बाद पीएम मोदी को पता चला की सीएम अरविंद केजरीवाल के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। सिंगापुर की सरकार ने सीएम केजरीवाल को अपने यहां न्योता दिया है कि आप आइए और वर्ल्ड सिटी समिट में पूरे संसार के नेताओं के सामने दिल्ली की स्वास्थ्य, शिक्षा सेवाओं और दिल्ली के मॉडल के बारे में चर्चा करें। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को सिंगापुर नहीं जाने दिया। पूरी दुनिया में उसका मजाक उड़ रहा है कि प्रधानमंत्री, एक मुख्यमंत्री को विदेश में जाने से रोक रहा है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ और प्रसिद्ध शिक्षा मंत्री जिन्होंने दिल्ली के सरकारी स्कूलों को आज प्राइवेट स्कूलों से आगे निकाला है। जिनके सरकारी स्कूलों में आज गरीब के बच्चे एक अफसर के बच्चे के साथ बेंच पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। डॉक्टर-इंजीनियर बन रहे हैं। ऐसे शिक्षा मंत्री के पीछे सभी एजेंसियों को छोड़ दिया गया है। सीबीआई-ईडी, पुलिस सभी को कहा गया है कि कोई भी तरीका निकालो, मनीष सिसोदिया को बस आप गिरफ्तार करके जेल में डालना है।

## दिल्ली की कुछ छुपी हुई ऐतिहासिक जगहें, जिनके बारे में नहीं जानते होंगे आप !

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कई ऐतिहासिक धरोहर हैं। जिस तरफ भी आप निकलेंगे उस तरफ आपको एक इतिहास जानने और देखने को मिल जाएगा। राजधानी में कई ऐतिहासिक जगहें छुपी हुई हैं जिनके बारे में दिल्ली-एनसीआर में रहने के बावजूद बहुत कम लोग ही जानते होंगे। आज हम आपको ऐसी ही कुछ जगहों के बारे में बताते हैं, जहां आप वीकेंड पर फैमली या दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। हुमायूं का मकबरा मुगल वास्तुकला के विकास का एक मील का पत्थर है। इस मकबरे को 16वीं सदी में बनाया गया। मुगल सम्राट हुमायूं की बेगम( पत्नी) बीगा बेगम के मौत के 14 साल बाद इसे 1569-70 में बनाया गया था। उस वक्त इसे बनाने में 1.5 मिलियन रुपये की लागत आई थी। इसे बनाने वाले वास्तुकार मिराक मिर्जा घियाथ थे। इसमें लगभग 150 कब्रें हैं। इसे उपयुक्त रूप से मुगल वंश के कब्रिस्तान के रूप में जाना जाता है। मकबरा एक बड़े बगीचे में बीच में बना है। इसकी वास्तुकला ताजमहल जैसी ही है। इसमें आप दक्षिण और पश्चिम दोनों दिशाओं से प्रवेश कर सकते हैं। मकबरा एक ऊंचे, चौड़े, सीढ़ीदार मंच पर है, जिसके किनारों पर छोटी धनुषाकार कोशिकाएं हैं। हुमायूं का मकबरा कैसे पहुंचे- मुगल सम्राट हुमायूं का यह मकबरा दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से लगभग 2.8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, यहां पहुंचकर आप टैक्सी या फिर ऑटो रिक्शा लेकर मकबरे तक आसानी से पहुंच सकते हैं। वहीं, अगर आप बस से जाना चाहते हैं तो सराय काले खां बस डिपो इस मकबरे के काफी निकट है। अगर मेट्रो से पहुंचने की बात करें तो वायलेट लाइन पर जवाहरलाल नेहरू मेट्रो स्टेशन है। दिल्ली से कुछ घंटों की दूरी पर हैं ।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध गांजा सहित युवक गिरफ्तार

गुरुग्राम। अपराध शाखा सैक्टर 31 ने कार्यवाही करते हुए एक युवक को 8 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि अपराध शाखा ने आरोपी वशिष्ट को लेबर चौक फरीदाबाद रोड के निकट से काबू किया है, जिसके खिलाफ डीएलएफ फेस वन में मामला दर्ज किया गया है।

### गुरु हरीकिशन साहिब का मनाया प्रकाशोत्सव

गुरुग्राम। सैक्टर 22 स्थित गुरुद्वारा परिसर में गुरु हरीकिशन साहिब का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा सभा के महासचिव हर्षपाल सिंह ने बताया कि प्रातः से ही गुरुद्वारा में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। पूरे दिन गुरुद्वारा में कीर्तन का आयोजन चलता रहा, जिसमें कुलवंत सिंह व बलवंत सिंह ने प्रस्तुतियां दी। हरीकिशन का प्रकाशोत्सव दिल्ली-एनसीआर की संगतों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। वर्ष 1664 में जब दिल्ली में चेचक की बीमारी फैल गई थी तो गुरु जी ने बंगला साहिब में अमृत जल से दिल्ली की संगत का दुख दूर किया था। गुरुद्वारा परिसर में लंगर का आयोजन भी किया गया।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं का महाकुंभ आज

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकताओं के लिए लगातार प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन पूरे देश में कर रही है। इसी श्रृंखला में सोमवार 25 से 27 जुलाई तक अल्पसंख्यक समुदायों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गुरुग्राम में किया जा रहा है। यह शिविर भाजपा के प्रदेश कार्यालय गुरूकमल में होगा।

प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल दोपहर दो बजे करेंगे। रविवार को भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव दागुबाटी पूरनदेश्वरी ने शिविर की तैयारियों का जायजा लिया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकताओं का पार्टी से जुडने के बाद उनका प्रशिक्षित होना जरूरी है। शिविरों के माध्यम से कार्यकताओं को अल्पसंख्यकों के



उद्घाटन

- गुरूकमल में मुख्यमंत्री मनोहर करेंगे प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

कल्याण के लिए पिछले आठ वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा की गई पहल को समझाने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा। 25 से 27 जुलाई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में ब्लॉक से लेकर राष्ट्रीय स्तर के पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी प्रशिक्षण लेंगे। राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के प्रभारी जाकिर हुसैन ने बताया कि अल्पसंख्यक कार्यकताओं को मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया जाएगा, ताकि वे अपने समुदाय में भाजपा की नीतियों के बारे में बता सके। भाजपा नेता ने कहा किअल्पसंख्यकों के विकास के लिए भाजपा ने अनेकों कल्याणकारी योजनाएं लागू की है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण लोगों तक यह जानकारी नहीं पहुंच पा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उन्हें इन योजनाओं के बारे में अवगत कराया जाएगा। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी ने विकास की राजनीति शुरू की है जिसमें सबका साथ, सबका विकास निहित है ।बताते चलें कि भाजपा और मुसलमानों के बीच संबंधों के बारे में बहुत सारी गलत धारणाएं बनी हुई हैं, जिन्हें भाजपा प्रशिक्षण के जरिये दूर कर रही है। अल्पसंख्यक भाजपा के प्रमुख अंग हैं और अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं ने पार्टी के विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### युवाओं ने अंडरपास में किया हुड़दंग, जाम लगा

**फरीदाबाद।** मोटरसाइकिल सवार कुछ युवाओं की हुड़दंग करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो मेवला महाराजपुर अंडरपास का बताया जा रहा है। एक वाहन चालक कुंदन शर्मा ने यह वीडियो फरीदाबाद पुलिस के अधिकारिक ट्विटर हैंडल पर टैग करते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने बताया है कि कार द्वारा गुरुग्राम से फरीदाबाद लौटते वक्त ओल्ड फरीदाबाद के नजदीक उन्होंने यह दृश्य देखा। हुड़दंगी युवाओं ने अंडरपास पूरी तरह बंद किया हुआ था। चालक अपने वाहनों में बैठे-बैठे इस नजारे को देखते रहे। इसी दौरान उन्होंने कार में बैठे-बैठे युवाओं का वीडियो बना लिया। वीडियो में युवा नारेबाजी करते दिख रहे हैं। पटाखे जैसी आवाज भी सुनाई दे रही है। यह बता पाना मुश्किल है कि आवाज पटाखों की हैं या हवाई फायरिग की। इस वीडियो के वायरल होने से पुलिस की पेट्रोलिग और शहर की कानून व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। कुंदन शर्मा ने अपने ट्वीट में यह भी लिखा है कि उस दौरान इस जगह पर पुलिस नहीं थी। आगे सवाल करते हुए पूछते हैं कि इस घटना को देखते हुए क्या हम कह सकते हैं कि फरीदाबाद के लोग सुरक्षित हैं। पुलिस आयुक्त ने डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान को इस वीडियो की सच्चाई पता लगाने का जिम्मा सौंपा है।

# एचसीएस व एलाइड सर्विसेज परीक्षा के विभिन्न केंद्रों को डीसी ने किया चेक



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

- स्वयं डीसी निशांत यादव ने सम्भाली कमान, चेक किए विभिन्न परीक्षा केंद्र

जिला गुरुग्राम में 24 जुलाई रविवार को आयोजित की गई एचसीएस और एलाइड सर्विसेज परीक्षा सुरक्षित व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो, ज़िला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया। इसके लिए स्वयं डीसी निशांत कुमार यादव ने कमान सम्भाली और ज़िला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में से कुछ को आकस्मिक तौर पर चेक किया। उन्होंने उन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजन की व्यवस्थाएँ देखी, परीक्षा केंद्र अधीक्षक व स्टाफ से भी पूछ ताछ की।प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि प्रश्न पत्र सही तरीके से गोपनीयता से परीक्षा केंद्रों तक पहुँचे, जिसके लिए 35 डिस्ट्रिब्यूशन ऑफि सर ड्यूटी पर लगाए गए। सुरक्षा की दृष्टि से जिन स्कूलों में केंद्र बनाए गए, उसके नजदीक फोटोस्टेट मशीन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण वाली दुकानों को बंद रखा गया। परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर परिधि में भारतीय दंड प्रक्रिया अधिनियम की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। समूची व्यवस्था पर नजर रखने के लिए 19 ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाए गए थे।इस परीक्षा के लिए गुरुग्राम जिला में 90 केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर 25032 परीक्षार्थियों ने परीक्षा देनी थी। परीक्षा दो शिफ़्टों में आयोजित की गई। पहली शिफ़्ट में सुबह 10 से 12 बजे और दूसरी शिफ़्ट शाम 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की गई। दोनो सत्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

# हमारे घर से कूड़ा बन निकलने वाली पॉलिथीन है खतरनाक: नवीन गोयल

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

रविवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सेक्टर-56 स्थित रेल विहार आरडब्ल्यूए की टीम के साथ मिलकर सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को कपड़े के थैले वितरित किए गए। साथ ही पौधारोपण करने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए पॉलीथिन का इस्तेमाल न हो, इसके लिए हम सभी को लगातार काम करने की जरूरत है। हमें अपनी आदतों में पॉलीथिन के प्रयोग पर नियंत्रण लाना होगा। इसके स्थान पर कपड़े के थैले का इस्तेमाल शुरू करने का संकल्प लेना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने हरियाणा में इस मुहिम को एक मिशन



- सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़ें और कपड़े के थैले उपयोग में लाएं

बना दिया है। पार्टी का हर कार्यकर्ता इसमें अपनी आहुति दे रहा है। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन सेंकड़ों वर्षों तक भी गलती नहीं है। इसके कारण हमारा पर्यावरण तो खराब होता ही है, साथ में नाले, नालियां भी ब्लॉक हो जाते हैं। इनके ब्लॉक होने से ही बरसात के समय में ओवरफ्लो की समस्या आती है। यानी हमारे घरों से कूड़े के रूप में बाहर निकलने वाली एक-एक पॉलिथीन हमें कई तरह से प्रभावित करती है। ऐसे में हमें इससे छुटकारा पाकर अपने भविष्य को सुखमय बनाना चाहिए। श्री गोयल ने कहा कि अगर हर व्यक्ति अपने घर से भी पॉलिथीन का उपयोग ना करने की शुरूआत करता है तो पूरे देश से पॉलिथीन का उपयोग बंद हो जाएगा। रेल विहार आरडब्ल्यूए के प्रधान डीडी शर्मा हम हर घर में कपड़े के थैलों को वितरित कराएंगे। इस अवसर पर सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के प्रधान हरीश यादव, सुरेश वशिष्ट, ओपी चोपड़ा, राकेश सेठी, नितिन, लोकेश नारंग, रवि शर्मा, ईशू वाल्मीकि, नेहा, राजेंद्र कुमार, पी. कसारिया समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चंदावली पुल पर एलिवेटेड सेक्शन बनाने की मांग, 80 गांवों की हुई महापंचायत

**फरीदाबाद।** दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे के मोहना मार्ग आगरा नहर चंदावली चौक पर एलिवेटेड सेक्शन बनाने की मांग को लेकर रविवार को बड़ी पंचायत का आयोजन हुआ। जिसमें 80 गांवों की सरदारी ने हिस्सा लिया। महापंचायत में पूर्व विधायक आनंद शर्मा के पुत्र हेमंत शर्मा, मास्टर ऋषिपाल, पूर्व सरपंच रचना शर्मा, किशन सिंह चहल, जसवंत पंवार, रतन सिंह, कुलदीप यादव ने प्रमुख रूप से विचार व्यक्त किए। मोहना मार्ग से इन गांवों का होता है आवागमन चंदावली, सोतई, मुजैड़ी, शाहपुर कलां, भटपुरा, नवादा तिगांव, बुखारपुर, मच्छगर, दयालपुर, फफूंडा, आदि गांवों होता है। महापंचायत में चंदावली की पूर्व सरपंच रचना शर्मा ने कहा कि सरकार को हमारी समस्या को अनदेखा नहीं करना चाहिए। चंदावली का कम से कम 150 साल पुराना पुल बना हुआ था। उसकी कनेक्टिविटी बल्लभगढ़ से बिलकुल खत्म कर रहे है। हमारा स्कूल, कॉलेज, डाक खाना, बाजार और अस्पताल सभी के रास्ते बल्लभगढ़ से है। यदि 80 गांव की क्नैक्टिविटी एक दम से बंद कर दी जाएगी तो लोगों की समस्या का अंबार लग जाएगा।

# ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग कर विपक्ष को परेशान कर रही भाजपा सरकार : आशीष

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव आशीष दुआ ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का जनता पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। यदि भाजपा सरकार यह समझती है कि कांग्रेस को ईडी-सीबीआई का भय दिखाकर डरा देगी तो ऐसा कभी नहीं होगा, क्योंकि देश की जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग कर भाजपा सरकार विपक्ष को परेशान कर रही है।

ईडी-सीबीआई भाजपा के निर्देश पर काम कर रही है। भाजपा सरकार ने जनता के साथ जो किया है, उसका आने वाले समय में जनता स्वयं परिणाम अवश्य देगी। उन्होंने कहा किभाजपा की सरकार जब से सत्ता में आई है, केवल धर्म, जात-पात, संप्रदाय की राजनीति कर रही है। केवल धर्म, जात-पात की राजनीति कर रही है। देश में अराजकता और



हमला

- भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का जनता पर गलत प्रभाव पड़ रहा है: आशीष दुआ

सांप्रदायिकता का माहौल पैदा किया जा रहा है और जो असली मुद्दे हैं उनसे जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। जहां पर भी भाजपा की सरकार है वहां भ्रष्टाचार, अराजकता, अपराध, बेरोजगारी, महंगाई, अशिक्षा के मामलों में वृद्धि हुई है। भाजपा असली मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए देश में अनावश्यक मुद्दों की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करती आई है, जबकि देश की जनता कमरतोड महंगाई और भ्रष्टाचार से लगातार जूझ रही है। इस सरकार के पास इन समस्याओं के समाधान का कोई रास्ता नहीं है। भाजपा के लिए सत्ता और कुर्सी ही अहम है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई के इस दौर में गरीब ही नहीं, अपितु मध्यमवर्गीय लोगों का भी जीवन-यापन करना मुश्किल हो गया है। सरकार ने महंगाई कम करने का कोई रोडमैप तैयार नहीं किया है। यदि सरकार कुछ कर रही है तो वह केवल जात-पात के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम। उन्होंने कहा पहले किसानों ने संघर्ष कर सरकार के घुटने टिकवाए और बिल वापस कराया। अब यह सरकार देश के जवानों को मारना चाहती है, लेकिन देश का नौजवान सरकार की इस योजना का मुंहतोड़ जवाब देगा और किसी भी हालत में यह योजना को लागू नहीं होने दी जाएगी।

### शिव कावड़ सेवा समिति ने किया कावड़ शिविर व भण्डारे का आयोजन



**गुरुग्राम।** भीम नगर स्थित गीता सार मंदिर के प्रांगण में शिव कावड़ सेवा समिति के तत्वावधान में कावड़ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी पवन पाहूजा बंटी ने बताया कि पिछले करीब 20 वर्षों से कावडिश्यों की सेवा के लिए शिव कावड़ सेवा समिति द्वारा हर वर्ष शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें शिवभक्तों के लिए रहने, भोजन, दवाईयां आदि की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने बताया कि रविवार को समिति द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। यह शिविर 21 जुलाई से 27 जुलाई तक लगाया जाएगा और 26 जुलाई को गीता सार मंदिर के बाहर एक शाम भोले बाबा के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समासजेवी महेश चड्ढा, दिनेश खन्ना, अनिल वर्मा, दिनेश चड्ढा, आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ढोल बजाने की 300 रुपये दिहाड़ी मांगने गए युवक की हत्या

**फरीदाबाद।** ढोल बजाने वाले युवक अर्जुन की उसके पड़ोसियों ने 300 रुपये के लिए पीट-पीटकर हत्या कर दी। शव तिगांव पुल के पास आगरा नहर किनारे फेंक दिया। बल्लभगढ़ की शिव हरिजन कालोनी में रहने वाला अर्जुन शादी व अन्य समारोहों में ढोल बजाने का काम करता था। स्वजन का आरोप है कि वह 22 जुलाई को पड़ोस में रहने बैंड संचालक से ढोल बजाने की दिहाड़ी मांगने गया था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। स्वजन ने उसकी गुमशुदगी की सूचना शहर थाना बल्लभगढ़ पुलिस को दी थी। रविवार को अर्जुन का शव तिगांव पुल के पास आगरा नहर किनारे झाड़ियों में मिला। पुलिस के अनुसार शिव हरिजन कालोनी के रहने वाले मनोज ने पुलिस को बताया है कि उसका बेटा अर्जुन सेक्टर छह स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। शिव हरिजन कालोनी के कुछ युवकों ने बैंडबाजा ग्रुप बनाया हुआ है। अर्जुन उसमें दिहाड़ी पर ढोल बजाने के लिए चला जाता था। उसने कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम में ढोल बजाया था।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर पर लहराएगा तिरंगा : विरेन्द्र



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

सिग्रेचर टावर स्थित जिला भाजपा कार्यालय गुरु कमल के प्रांगण में रविवार को आजादी के अमृत महोत्सव, हर घर लहराएगा तिरंगा को लेकर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की बैठक का आयोजन मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में किया गया। चेयरमैन वीरेंद्र यादव ने बताया कि बैठक के दौरान मोर्चा के सभी पदाधिकारी शामिल रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तथा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुखविंद्रर सिंह मांढी के दिशा-निर्देश पर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं द्वारा घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे। बैठक के दौरान राष्ट्रपति चुनी गई द्रोपदी मुर्मू की जीत पर बधाई दी। इस अवसर पर दिनेश यादव, गजराज सिंह, सतीश यादव, मुकेश जैलदार, नवीन यादव, डा. ललित, सचिन, सतपाल राघव, मनोज बोहरा, बनवारीलाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जन कल्याण के संकल्प को पूरा करने में जुटी है भाजपा सरकार : कपिल दुआ

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

नगर निगम वार्ड 20 के पार्षद कपिल दुआ ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में गरीबों के कल्याण, जनसेवा और सुशासन के संकल्प को पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व वाली सरकार जन कल्याण के सबसे बड़े संकल्प को पूरा करने में जुटी हुई है।

ऐसे संकल्पों को गत वर्षों में पूरा भी किया गया है। प्रदेश सरकार ने सबका साथ-सबका विकास मूल सिद्धांत के साथ प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ जन आकांक्षाओं को पूरा किया। कई दशक से विकास के क्षेत्र में पिछड़े प्रदेश को बहुमुखी विकास मिला है, जिसका श्रेय मुख्यमंत्री मनोहरलाल को जाता है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश



- कई दशक से विकास के क्षेत्र में पिछड़े प्रदेश को बहुमुखी विकास मिला है: कपिल

डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास हो, उज्जवला योजना हो, स्वच्छता मिशन, स्वामित्व योजना, उजाला, आदि जैसी योजनाओं का लाभ सीधे आज जनता को मिल रहा है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद के इन 8 वर्षों के दौरान जो कार्य हुए हैं उनकी कल्पना भी किसी सरकार ने नहीं की होगी। लोगों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने निर्णय लिया है कि आगामी 11 से 17 अगस्त तक हर घर के ऊपर तिरंगा फहराया जाएगा। इससे हर देशवासी में देशभक्ति की भावना जागृत होगी।

हर देशवासी तिरंगे का सम्मान करता है और तिरंगा फहराने में हम गर्व महसूस करते हैं। सैनिक भी तिरंगे की आन-बान और शान के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर देते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे भी अपनी देशभक्ति व राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए आगामी 11 से 17 अगस्त तक अपने घर पर तिरंगा अवश्य फहराएं। उन्होंने कहा कि यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

# अपने जन्मदिवस पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व ने किया पौधारोपण

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी दलीप लूथरा ने अपना 61वां जन्मदिवस न्यू कालोनी स्थित जितेंद्र बहल पार्क में पौधारोपण कर मनाया। इस अवसर पर भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, नगर निगम की मेयर मधु आजाद अतिथि के रुप में शामिल हुए और पौधारोपण किया। नवीन गोयल ने कहा कि वृक्ष हम सभी के जीवन की अनमोल धरोहर हैं। वृक्ष सुरक्षित हैं तो हम सभी का जीवन सुरक्षित है। हरे भरे वृक्षों से ही पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। बड़े पैमाने पर वृक्षों के किए गए अवैध कटान के कारण ही पर्यावरण को खतरा बना हुआ है। इस लिए हम सभी का दायित्व है कि वृक्षों की सुरक्षा व पौधारोपण में बढ़चढकर सहभागिता करें। नगर निगम की मेयर ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक न केवल पर्यावरण के लिए खतरनाक है, अपितु मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालती है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करके



कपड़े से निर्मित थैलों का प्रयोग करें, ताकि पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके। दलीप लूथरा को जन्मदिन की बधाई देने वालों में विधायक सुधीर सिंगला, पूर्व सांसद डा. सुधा यादव, सुभाष कत्याल, कपिल सलूजा, सुमेर सिंह तंवर, कुलभूषण भारद्वाज, पूर्व पार्षद दलीप साहनी, सुनील कथूरिया, पंडित कर्ण कुमार आर्य, प्रेम सभा के प्रधान इंद्रजीत अबरोल, आरडब्ल्यूए प्रधान संजय मदान, हरी चंद कुमार, प्रेमनाथ लूथरा, साहिल मनोचा, एडवोकेट सुभाष ग्रोवर, राजेश चांदना, अशोक कपूर, लेखराज चावला, अर्जुन देव चावला आदि शामिल रहे। गौरतलब है कि दलीप लूथरा वर्ष 2008 से लगातार पौधारोपण करते आ रहे हैं।

# एथलीट सोना यादव व चित्रकार हिमांशी शर्मा का किया स्वागत

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

भगवान परशुराम परामर्श केंद्र राजीव नगर स्थित परिसर में रविवार को हुई बैठक के दौरान राज्य एथलीट डा. सोना यादव व राष्ट्रीय चित्रकार हिमांशी शर्मा का स्वागत किया गया। संस्था के निदेशक अजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री उषा प्रियदर्शी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष अलीशा तोमर द्वारा की गई।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सभी वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को मिलकर शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए विशेष कार्य करने चाहिए, ताकि आम आदमी को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने भगवान परशुराम परामर्श केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में



- कार्यक्रम के दौरान सभी वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को मिलकर शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए विशेष कार्य करने चाहिए

संस्था बनाई गई थी। आज संस्था द्वारा जनकल्याण के लिए अनेक कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान अलीशा तोमर, उषा प्रियदर्शी, फिल्म अभिनेता राज चौहान, पूर्व आईआरएस कल्याण सिंह शर्मा आदि ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए मानसून के दौरान अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए तथा उनकी देखभाल करनी चाहिए। पॉलिथीन की जगह कपड़े के थैले इस्तेमाल करने चाहिए। इस अवसर पर डा. गगनदीप चौहान, अन्नू अहीर, दीपक कटारिया एडवोकेट, कमलजीत कटारिया, दीपचंद फौजी, अभिषेक ठाकुर, नरेंद्र शर्मा, चित्रकार कमल शर्मा, वीणा शर्मा, सुषमा पंवार आदि मौजूद रहे।

# एफएमडीए के सीईओ ने किया सड़कों का निरीक्षण

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने शहर में चल रही सड़क निर्माण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों व ठेकेदार को काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उनके साथ अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. गरिमा मित्तल सहित अन्य अधिकारी थे। एक बार में बनाई जा रही है सात मीटर चौड़ी सड़क मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में सेक्टर-11-12 को बांटने वाली कोर्ट रोड, सेक्टर 15-16 को बांटने वाली मैगपाई वाली सड़क बन गई है। फुटपाथ निर्माण व अन्य काम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। एफएमडीए उन्नत तकनीक और प्रणालियों की खोज कर रहा है। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित सड़कों की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक बार में सात मीटर चौड़ी कंक्रीट सड़क बनाई जा रही है। सेक्टर-25 बूस्टर से बढ़ेगी जलापूर्ति मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सेक्टर-25 में नगर निगम के जलापूर्ति बूस्टिंग स्टेशन का भी दौरा किया। इस प्लांट की क्षमता एक करोड़ लीटर थी, जो इसकी संरचना का एक तिहाई हिस्सा ढहने के कारण घटकर 66 लाख लीटर रह गई। उन्होंने एफएमडीए के मुख्य अभियंता को भूमिगत जल भंडारण टैंक के क्षतिग्रस्त हिस्से का पुनर्निर्माण करने का निर्देश दिया, जिसकी क्षमता 33 लाख लीटर है। टैंक एफएमडीए द्वारा बनाया जाएगा। इसे संचालन के लिए नगर निगम को वापस सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले गर्मी के मौसम से पहले बल्लभगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में ताजे पानी की आपूर्ति की क्षमता मौजूदा 66 लाख लीटर से बढ़ाकर एक करोड़ लीटर करने करने के लिए जल्द ही इस पर काम शुरू करेंगे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में कार्यकताओं की एक बैठक भाजपा कार्यालय गुरु कमल सेक्टर 30 गुरुग्राम में संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि इस वर्ष देश में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव के तौर पर मनाई जा रही है आजादी के अमृत महोत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। 15 अगस्त भारतवर्ष का राष्ट्रीय पर्व है हमें अपने देश की परंपरा, सांस्कृतिक भावनाएं, जीवन मूल्य पर गर्व है और हमेशा रहेगा। हम सब भारतवासी एक सूत्र में बंधे हुए इसी को आगे बढ़ाते हुए भारतीय जनता



पार्टी देशभर में 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा को लेकर कार्यकताओं की अलग-अलग जिम्मेदारियां मंडल अनुसार तय की गई। बैठक में प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी, जिला महामंत्री मनीष गाडोली, प्रदेश संयोजक मजदूर प्रकोष्ठ सतीश नागर, जिला उपाध्यक्ष हरबीर अधाना, राजेश अरोड़ा, ज्योति डेबला, जिला सचिव सुरेंद्र गहलोत, सोनिया यादव, प्रदीप जैलदार, जितेंद्र चौहान, जिला आईटी प्रमुख रामवीर भाटी, प्राची खुराना, कार्यालय मंत्री यादराम जोया पार्षद,श्रवण आहूजा, नितिन शांडिल्य, प्रियव्रत कटारिया, सुनिल कुमार, देवेंद्र यादव, वीरेंद्र सिंह, अरुण शुक्ल, वेद प्रकाश यादव, निधि राघव, अलका सचदेवा, नीरज यादव, निधि कोटिया, देवेंद्र प्रधान, अभय सिंह चौहान, नरेश चौहान, अरुण , सिद्धार्थ सिद्धू, बैठक में उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

## आर्थिक मंदी, महंगाई, बैंकों के खिलाफ जनता सड़कों पर

चीन में सरकार के खिलाफ 24 प्रांतों में विद्रोह शुरू हो गया है। महंगाई, मंदी और बेरोजगारी के कारण कई प्रांतों में हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। आम जनता की पुलिस से झड़पें होने लगी है। बैंकों के सामने जमा पैसा लेने के लिए लंबी लंबी लाइनें लग गई है। बैंकों के सामने सरकार को टैंकों को खडा करके विद्रोह को दबाने का काम करना पड़ रहा है। आर्थिक गड़बड़ियों के कारण 4000 बैंक दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गए हैं। बैंकों में जमा चार लाख से ज्यादा खाताधारकों के हजारों करोड़ रुपए वापस नहीं मिल रहे हैं। निम्न और मध्यम वर्ग के नागरिक आर्थिक संकट के चलते सड़कों पर सरकार का विरोध करने उतर गए हैं। कई स्थानों में हिंसक प्रदर्शन भी हुए। कोविड-19 संकट के बाद चीन के लगभग 31 लाख उद्योग और कारोबार बंद हो चुके हैं। एक करोड़ से ज्यादा छात्र स्नातक की परीक्षा पास करके बेरोजगार घूम रहे हैं। लाखों की संख्या में उद्योग और कारोबार बंद होने से करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए हैं। महंगाई बेरोजगारी और आर्थिक संकट के कारण लोगों को अपनी नियमित जरूरतें पूरी कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण विद्रोह अब सड़कों पर आकर हिंसक प्रदर्शन करने पर उतारू हो गया है। बैंक ओर प्रॉपर्टी की लोन किस्तें जमा करना मुश्किल भारत की तरह चीन में भी मध्यमवर्ग प्रॉपर्टी में निवेश करना सुरक्षित मानता था। प्रॉपर्टी के प्रोजेक्ट में करोड़ों लोगों ने निवेश किया था। प्रॉपर्टी के लिए लोन लिया था, समय पर कब्जा नहीं मिलने के कारण लोगों को ब्याज भी भरना पड़ रहा है, और किराया भी देना पड़ रहा है। बिल्डरों ने जमा पैसा निकालकर दूसरे प्रोजेक्टों में लगा दिया। इससे लोग आर्थिक संकट में फंस गए हैं। प्रॉपर्टी सेक्टर में मंदी आ जाने से अन्य सेक्टर भी प्रभावित हुए हैं। लॉकडाउन से फैली आर्थिक मंदी जीरो कोविड-19 की पॉलिसी और लंबे समय तक लॉकडाउन के कारण चीन की आर्थिक स्थिति बद से बदतर हो गई है। चीन को आंतरिक और बाह्य मोर्चे पर जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उसके कारण आर्थिक स्थिति को संभाल पाना सरकार के लिए संभव नहीं हो पा रहा है। चीन के नागरिक भी श्रीलंका की तरह रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण नाराज होकर लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। चीन के लिए अर्थ-व्यवस्था को बनाए रखना बड़ी चुनौती बन गया है। जिनपिंग के लिए बड़ी चुनौती

नवंबर माह में कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में वर्तमान राष्ट्रपति जिनपिंग तीसरी बार अपनी दावेदारी पेश करेंगे। मिडिल और निम्न वर्ग का विद्रोह उनकी सत्ता के लिए सबसे बड़ा चुनौती बन गया है। उल्लेखनीय है, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के लगभग 10 करोड़ सदस्य प्रत्यक्ष रूप से मतदान करते हैं। आम जनता के बीच वर्तमान राष्ट्रपति और सरकार को लेकर जो विद्रोह सड़कों पर जनमानस का आया है। बैंकों के लगभग दिवालिया हो जाने और सरकारी इमदाद नहीं मिलने से महंगाई और बेरोजगारी से परेशान युवा सड़कों पर उतरकर सरकार का विरोध कर रहे हैं। निश्चित रूप से इसका असर नवंबर माह में जिनपिंग की उम्मीदवारी पर पड़ने से कम्युनिस्ट पार्टी में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ गई है। कर्ज के बोझ से जनता परेशान

पिछले वर्षों में चीन के नागरिकों पर कर्ज को बोझ बढ़ा है। इसी बीच लाखों की संख्या में उद्योग धंधे बंद होने के कारण बेरोजगारी बढ़ गई है। आम आदमी को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। परिवार के सदस्यों की जरूरतें पूरी नहीं होने के कारण, अब लोग आर पार की लड़ाई लड़ने सड़कों पर उतर रहे हैं। चीन में पहली बार इस अनोखे विरोध और हिंसक प्रदर्शन ने सरकार की मुसीबतें बढ़ा दी है। चीन की यह हालत सारी दुनिया के देशों के लिए एक सबक भी है। आर्थिक मंदी, महंगाई और बेरोजगारी से जनता को राहत नहीं मिली, तो अधिकांश देशों में जनता बेहाल होकर सड़कों पर उतर रही है। चीन जैसे कम्युनिस्ट देश में ऐसी हालत, पूंजीवादी देशों के लिए सबसे बड़ी चिंता का कारण बन गई है। भारत की स्थिति भी चिंताजनक यूरोप के कई देशों में आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। 2008 में अमेरिका की आर्थिक मंदी से ज्यादा खराब हालात दुनिया के अधिकांश देशों में बन गए है। 2008 में लेहमेन ब्रदर्स की आर्थिक गड़बड़ियों से अमेरिका के सैकड़ों बैंक, कम्पनियां, नगरीय संस्थान दिवालिया हो गए थे। 2008 की तुलना में 2022 में आर्थिक मंदी एवं कर्ज के बोझ से सारे दुनिया के देश प्रभावित हुए है। चीन, श्रीलंका, नेपाल, भारत सहित लगभग 50 देशों में आर्थिक संकट गहरा गया है। पूंजीवाद और साम्यवाद जैसे हालात 100 साल के बाद एक बार फिर देखने को मिलने लगे है। भारत भी इससे आछूता नहीं है। विदेशी मुद्रा एवं स्वर्ण भंडार लगातार कम हो रहा है। 15 जुलाई को समाप्त हुए सप्ताह में 7.54 अरब डॉलर का मुद्रा भंडार कम होकर 511.6 अरब डॉलर हो गया है।

## द्रौपदी मुर्मू : समाज के अंतिम छोर की प्रतिभा

**राष्ट्रपति के रूप में उनका चयन निश्चित ही एक ऐसा संदेश प्रवाहित कर रहा है, जिसमें एक उम्मीद है, एक विश्वास है। जो उस समाज में आगे बढें का हौसला प्रदान कर रहा है, जिसको अभी तक वंचित माना जाता रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनवाकर स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को सार्थकता प्रदान की है। यहां उल्लेखनीय तथ्य यह है कि द्रौपदी मुर्मू उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन से निकले शब्दों में समाज का अंतिम छोर है। केंद्र की मोदी सरकार ने आज पंडित दीनदयाल जी के सपने को साकार करने की अभिनव पहल की है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि जिस दिन समाज के अंतिम छोर पर रहने वाला व्यक्ति मुख्य धारा में नहीं आएगा, तब तक राष्ट्र विकसित नहीं कहा जा सकता। वर्तमान केंद्र सरकार की अवधारणा ही सबका साथ सबका विकास वाली है।**





**सुरेश हिन्दुस्थानी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

राष्ट्रपति के चुनाव की मतगणना के पश्चात देश ने नए राष्ट्रपति के रूप में जनजातीय समाज की प्रतिभा द्रौपदी मुर्मू को चुन लिया गया है। राष्ट्रपति के रूप में उनका चयन निश्चित ही एक ऐसा संदेश प्रवाहित कर रहा है, जिसमें एक उम्मीद है, एक विश्वास है। जो उस समाज में आगे बढें का हौसला प्रदान कर रहा है, जिसको अभी तक वंचित माना जाता रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनवाकर स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को सार्थकता प्रदान की है। यहां उल्लेखनीय तथ्य यह है कि द्रौपदी मुर्मू उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन से निकले शब्दों में समाज का अंतिम छोर है। केंद्र की मोदी सरकार ने आज पंडित दीनदयाल जी के सपने को साकार करने की अभिनव पहल की है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि जिस दिन समाज के अंतिम छोर पर रहने वाला व्यक्ति मुख्य धारा में नहीं आएगा, तब तक राष्ट्र विकसित नहीं कहा जा सकता। वर्तमान केंद्र सरकार की अवधारणा ही सबका साथ सबका विकास वाली है।

भारतीय जनता पार्टी ने समर्थन देकर अभी तक तीन राष्ट्रपति बनाने में सफलता प्राप्त की है। जिसमें भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के शासन काल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और वर्तमान केन्द्र सरकार के समय पहले रामनाथ कोविंद और अब द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। राजनीतिक गुणा भाग कैसे लगाए जाते हैं, यह भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से अच्छा शायद की कोई जानता हो। भाजपा ने पहले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए जनजातीय समाज की द्रौपदी मुर्मू का नाम चयन करके देश के राजनीतिक दलों को चौंकाया, वहीं कई राजनीतिक दलों के लिए एक ऐसी विवशता पैदा कर दी, जिससे उन्हें यह तय करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा कि अब क्या किया जाए। अब भाजपा ने उपराष्ट्रपति पद के लिए भी पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ के नाम का चयन करके फिर से चौंकाने वाला कार्य किया है। उल्लेखनीय है कि अभी तक जिन नामों पर कयास लगाए जा रहे थे उनमें से कोई भी नाम नहीं आया। अगर इसे सामाजिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यही कहा जाएगा कि अभी तक जनजातीय वर्ग से कोई भी व्यक्ति या महिला राष्ट्रपति पद तक नहीं पहुंचा है, इसी प्रकार से जाट समुदाय का व्यक्ति उपराष्ट्रपति पद तक नहीं पहुंचा। भली भांति जानते हैं कि स्वतंत्रता के बाद देश का चित्र ऐसा ही दिखाई देता था कि प्रधानमंत्री का बेटा प्रधानमंत्री, कलेक्टर का बेटा कलेक्टर और शासकीय बड़े पदों पर बैठे अधिकारियों का बेटा उसी लाइन पर चलता था, यह उसकी व्यक्तिगत योग्यता न होकर पारिवारिक पृष्ठभूमि से मिली विरासत के आधार पर ही तय किया जाता था। इससे देश में उन प्रतिभाओं को बहुत पीछे किया गया जो वास्तव में कुछ पाने का अधिकार रखती थी। यह बात सही है कि जनजातीय समाज की कोई राजनीतिक पहुंच नहीं थी, इसका आशय यही है कि पूर्व में राजनीतिक पहुंच वाले व्यक्ति ही उच्च पदों पर पहुंच पाते थे और यही व्यक्ति सरकारी सम्मानों को प्राप्त करने में सफल हो जाते थे, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद इसमें व्यापक परिवर्तन दिखने लगा है। हम यह भी जानते हैं कि विगत कुछ वर्षों से सरकार की ओर से दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान में अब वह व्यक्ति नहीं आते जो सरकारी कृपा पर जीवित रहते थे या फिर जिनकी राजनीतिक पहुंची थी, बल्कि यह सम्मान वहां तक पहुंचे हैं, जिन्होंने धरातल पर काम किया है, जो समाज के हित के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे समाज की ओर सरकार की दृष्टि जाना निश्चित रूप से यह सिद्ध करता है कि देश उचित दिशा की ओर कदम बढ़ा रहा है।

देश की 70 वर्षों की राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यही कहा जाना समुचित है कि स्वतंत्रता के बाद समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्तियों का जो विकास होना चाहिए था, वह इससे वंचित रहा। स्वतंत्रता केवल राजनीतिक शक्तियों और पैसों वालों के यहां कैद होकर रह गई थी। वास्तव में देखा जाए तो आजादी केवल उन्हीं को मिली थी जो सरकार के आसपास था। ग्रामीण परिवेश में और वनवासी अंचलों में निवास करने वाला समाज इस आजादी की किरण से बहुत पीछे रहा, उसे पता ही नहीं था कि आजादी क्या होती है। आज केंद्र की सरकार ने आजादी की पोस्ट किरण को समाज के अंतिम छोर पर पहुंचाने का कार्य किया है जो निश्चित ही स्वागत योग्य है।

इसी प्रकार एक बात और मेरे मन में आ रही है। एक बार राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एक प्रसिद्ध समाचार चैनल पर बहस चल रही थी। उसमें एक पक्ष द्वारा यह प्रश्न किया गया कि दोनों व्यक्ति यानी कि द्रोपदी मुर्मू और यशवंत सिन्हा में से योग्यता के आधार पर किस को राष्ट्रपति होना चाहिए? यहां पर किया गया यह प्रश्न प्रथम दृष्टया इसलिए भी गलत है, क्योंकि योग्यता केवल कागजों के आधार पर नहीं आती, उसे अनुभव द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है। एक अनपढ़ व्यक्ति भी कुशल प्रबंधक हो सकता है और एक पढ़ा-लिखा व्यक्ति भी गलत दिशा की ओर भी जा सकता है। इसलिए यह प्रश्न किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। आप केवल आदिवासी समाज की महिला के नाते उसे अयोग्य करार दे दें, यह सोच का तरीका ठीक नहीं है। वनवासी समाज में भी कई प्रतिभाएं हैं। वह पूरे मन से भारत की रीति-रिवाजों का पालन भी करते हैं।

## एमएसपी समिति - तू डाल डाल मैं पात पात?

**कुल 29 सदस्यीय इस समिति में चेयरमैन संजय अग्रवाल के अतिरिक्त नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद, कृषि अर्थशास्त्री डॉ. एस. सी. शेखर और डॉ. सुखपाल सिंह सहित भारत भूषण त्यागी, गुणवंत पाटिल, कृष्णवीर चौधरी, प्रमोद कुमार चौधरी, गुणी प्रकाश, सैयद पाशा पटेल, इफको के चेयरमैन दिलीप संघानी और विनोद आनंद को भी सम्मिलित किया गया है। इन सदस्यों के अलावा, राज्य और केंद्र सरकार की ओर से कई वरिष्ठ अधिकारी भी कमेटी में शामिल होंगे। केंद्र सरकार की तरफ से कमेटी में कृषि सचिव, आइसीएआर के महानिदेशक, खाद्य सचिव, सहकारिता सचिव, वस्त्र सचिव चार राज्य सरकारों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा के कृषि विभाग के अपर मुख्य सचिवों को भी इसमें रखा गया है।**






**तनवीर जाफरी**
**लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है**

केंद्र सरकार द्वारा पिछले दिनों एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) व किसानों व कृषि से जुड़े अन्य कई मुद्दों पर बनाई गई समिति की घोषणा की गयी। पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल को इस समिति का चेयरमैन बनाया गया है। कुल 29 सदस्यीय इस समिति में चेयरमैन संजय अग्रवाल के अतिरिक्त नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद, कृषि अर्थशास्त्री डॉ. एस. सी. शेखर और डॉ. सुखपाल सिंह सहित भारत भूषण त्यागी, गुणवंत पाटिल, कृष्णवीर चौधरी, प्रमोद कुमार चौधरी, गुणी प्रकाश, सैयद पाशा पटेल, इफको के चेयरमैन दिलीप संघानी और विनोद आनंद को भी सम्मिलित किया गया है। इन सदस्यों के अलावा, राज्य और केंद्र सरकार की ओर से कई वरिष्ठ अधिकारी भी कमेटी में शामिल होंगे। केंद्र सरकार की तरफ से कमेटी में कृषि सचिव, आइसीएआर के महानिदेशक, खाद्य सचिव, सहकारिता सचिव, वस्त्र सचिव चार राज्य सरकारों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा के कृषि विभाग के अपर मुख्य सचिवों को भी इसमें रखा गया है। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार जीरो-बजट फार्मिंग को बढ़ावा देने, फसलों के पैटर्न में बदलाव करने और एमएसपी को ज्यादा प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए इस कमेटी का गठन किया गया है। समिति में तीन सदस्यों के स्थान संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा सुझाये गए नामों को समिति में शामिल करने के उद्देश्य से रिक्त छोड़े गये हैं।

कहने को तो किसानों की मांग पर भारत सरकार ने एमसपी पर एक कमेटी का गठन कर दिया है। सरकार ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले ही इस समिति का गठन कर इस विषय को लेकर संसद में पैदा होने वाले किसी गतिरोध से बचने की भी कोशिश की है। साथ ही किसानों को यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि गत वर्ष किसान आंदोलन की समाप्ति के समय सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य व किसानों व कृषि से जुड़े अन्य कई विषयों पर जिस कमेटी को गठित करने का वादा किया गया था वह पूरा किया जा चुका है। परन्तु इस समिति के गठन के बाद इसके स्वरूप को लेकर उठ रहे सवालों ने फिर से नये विवादों को जन्म दे दिया है। उदाहरण के तौर पर सरकार की ओर से इसमें पंजाब के किसी कृषि विशेषज्ञ,किसान नेता अथवा राज्य के अधिकारी को शामिल नहीं किया गया है। भले ही पंजाब राजनीतिज्ञों की नजरों में लोकसभा में 13 और राज्य सभा में मात्र 7 सदस्य भेजकर देश में कम राजनैतिक हैसियत रखने वाला राज्य क्यों न नजर आता हो परन्तु यह भी सच है कि राष्ट्रीय अन्न भंडार में सबसे अधिक योगदान इसी पंजाब राज्य का है। आज यदि पूरे विश्व को गर्व से यह बताया जाता है कि ह्यभारत पूरी दुनिया को अन्न खिला सकता हैह्ल तो ऐसे दावे पंजाब और हरियाणा के बल पर ही किये जाते हैं। लिहाजा पंजाब के किसानों की तरफ से यह संदेह जताना मुनासिब ही है कि केंद्र सरकार द्वारा गठित एमएसपी समिति से पंजाब प्रतिनिधित्व का नदारद रहना कहीं गत वर्ष चले किसान आंदोलन में पंजाब के किसानों की अत्यधिक भागीदारी की सजा तो नहीं?

दूसरी तरफ संयुक्त किसान मोर्चा के नेता भी सरकार द्वारा गठित इस समिति से पूर्णतयः असहमत हैं। एस के एम (संयुक्त किसान मोर्चा) के नेताओं का साफ आरोप है कि सरकार द्वारा गठित समिति के सभी नामित सदस्य भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की विचारधारा रखने वाले तथा गत वर्ष हुए किसान आंदोलन के विरोधी,कार्पोरेट घरानों के हित साधक तथा सत्ता समर्थक हैं लिहाजा इस समिति में एस के एम नेताओं के सदस्य के रूप में शामिल होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। किसान मोर्चा नेताओं का कहना है कि कमेटी के इस स्वरूप से सरकार की बदनीयती साफ नजर आती है, क्योंकि ये सभी लोग या तो सीधे भाजपा-आरएसएस से जुड़े हैं या उनकी नीति की हिमायत करते हैं और किसान आंदोलन के समय आंदोलन के विरुद्ध जहर उगलने का काम करते रहे हैं। उदाहरणर्थ कमेटी के अध्यक्ष पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल हैं। यह वही हैं जिन्होंने तीनों किसान विरोधी कानून की ड्राफ़्टिंग की थी। दूसरे सदस्य नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद हैं जो इन तीनों विवादित किसान विरोधी कानूनों के मुख्य पैरोकार थे। समिति में विशेषज्ञ के नाते वे अर्थशास्त्री रखे गये हैं, जो एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के खिलाफ रह चुके हैं। इसी प्रकार कृष्णा वीर चौधरी भारतीय कृषक समाज से जुड़े भाजपा के नेता हैं तो सैयद पाशा पटेल महाराष्ट्र से भाजपा के एमएलसी रह चुके हैं। प्रमोद कुमार चौधरी आरएसएस से जुड़े भारतीय किसान संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हैं तो गुणवंत पाटिल शेतकरी संगठन से जुड़े, डब्ल्यूटीओ के पक्षधर व भारतीय स्वतंत्र पक्ष पार्टी के महामंत्री हैं जबकि गुणी प्रकाश का नाम किसान आंदोलन का विरोध करने वालों में अग्रणी था। सरकार द्वारा एमएसपी पर गठित इस समिति को संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा इन्हीं कारणों से खारिज कर दिया गया है और स्पष्ट रूप से सरकार को यह भी बता दिया गया है कि संयुक्त किसान मोर्चा, किसान विरोधी कमेटी में किसी तरह की हिस्सेदारी नहीं करेगा।

सरकार व किसानों के बीच एमएसपी पर गठित इस समिति को लेकर पैदा हुए गतिरोध के बीच एक बार फिर यह सवाल पैदा होता है कि क्या वास्तव में सरकार की नीयत किसानों को उनकी फसल का वह न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के लिये साफ है जोकि किसानों का अधिकार भी है? और यदि वास्तव में ऐसा है फिर आखिर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा यह आरोप क्यों लगाया जा रहा है कि -इस समिति में ऐसे सरकारी पिट्ठुओं की भरमार है, जिन्होंने किसान विरोधी कानूनों का समर्थन किया था और न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने के खिलाफ उनका रूख सार्वजनिक है? और इसी आधार पर एस के एम नेता यह कहने के लिये भी मजबूर हैं कि -ऐसी किसी कमेटी से किसानों के पक्ष में किसी तर्कसंगत रिपोर्ट और न्याय की आशा नहीं की जा सकती? संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं का यह भी कहना है कि यह समिति सरकार की इच्छा अनुसार फैसला करने व एमएसपी पर खानापूर्ति करने मात्र के लिए बनाई गई है। इसलिए मोर्चा इस कमेटी में शामिल नहीं होने का ऐलान करता है। स्वामीनाथन आयोग के सी 2प्लस50 फीसदी फामूर्ले के अनुसार एमएसपी की गारंटी का कानून बनवाने के लिए आंदोलन ही हमारे पास एकमात्र रास्ता बचा है। तो क्या संयुक्त किसान मोर्चा नेता एक बार फिर किसी बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे?

या वह मोदी सरकार जिसने किसानों की आमदनी दो गुनी करने का वादा किया था और स्वयं को किसानों का हितैषी बताते नहीं थकती, वह एमएसपी समिति को लेकर राजनीति करने,डब्ल्यू टी ओ व कारपोरेट्स का हित साधने का प्रयास करने के बजाये वास्तव में किसान हितैषी कदम उठाते हुए पूरी नेकनीयती,ईमानदारी व पारदर्शिता से समिति में किसान हितैषी सदस्यों का समावेश करेगी। जब तक किसानों को इस बात का विश्वास नहीं हो जाता तब तक एमएसपी समिति को लेकर सरकार व किसान नेताओं के बीच तू डाल डाल मैं पात पात का खेल जारी रहेगा। और ऐसा वातावरण न तो सरकार के हित में है न किसानों के और न ही देश और देशवासियों के।

## 200 करोड़ टीका उभरते और सशक्त होते भारत की तस्वीर

विनय कुमार

कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में भारत ने एक नया मुकाम हासिल किया है। महज डेढ़ साल के सफर में देश ने 200 करोड़ वैक्सीनेशन का आंकड़ा छू लिया है। टीकाकरण के इस अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी 2021 को की थी। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में शुरूआती दौर से ही भारत ने पूरी दुनिया के सामने एक मिसाल भी पेश की है। चाहे हम बात करें कोरोना के शुरूआती दौर की जब इसके इलाज के लिए कहीं कोई ठोस उपाय नहीं था तब भी भारत ने दुनिया को रास्ता दिखाया। जहां पूरी दुनिया इस महामारी से निपटने में त्रस्त नजर आई वहीं भारत ने वसुधैव कुटुंबकम को चरितार्थ करते हुए इस विषम परिस्थिति में हर किसी के लिए मदद का हांथ बढ़ाया। चाहे दवा की कमी का मामला हो या फिर सस्ते टीकाकरण के निर्माण का भारत ने विश्व गुरु की तरह पूरे कोरोना काल में अपनी छवि दर्ज कराई। विकसित से लेकर विकासशील मुल्कों तक भारत ने दवा की खेप पहुंचाई और फिर जब टीके का इजाद हुआ तो पड़ोसी देशों से लेकर दुनिया के दर्जनों मुल्कों तक इस कोरोना से बचाव के फरिस्ते को पहुंचाया। 3 जनवरी 2021 को भारत में कोरोना के खिलाफ लड़ाई के लिए दो वैक्सीन कोवैक्सीन और कोविशील्ड हम सबों के सामने आया और फिर सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों पर टीकाकरण की शुरूआत हुई। जिस चरणबद्ध तरीके से अब पूरे टीकाकरण अभियान को चलाया गया है और जा रहा है उसने भी हमारे 200 करोड़ टीके के लक्ष्य को आसानी से हासिल करने में मदद भी की है। भारत में टीकाकरण अभियान काफी प्लानिंग के जरिए सुचारु रुप से चलाया गया। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र ने समय समय पर लोगों के बीच आकर अपनी बात रखी। देश में टीके के प्रति विश्वास और भरोसा कायम करने के प्रयासों और हर किसी को मुफ्त टीका देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एलान का ही यह नतीजा है कि आज हम इतने बड़े लक्ष्य को हासिल करने में सफल हुए हैं। देश में पहले स्वास्थ्य कर्मियों और फिर बुजुर्गों को टीका का कवच प्रदान किया गया जिन पर इस वायसर का सबसे ज्यादा खतरा मंडरा रहा था। बाद में टीके की उपलब्धता बढ़ने के साथ पहले 45 साल से ऊपर और फिर 18 साल से ऊपर के हर आयुवर्ग के लोगों को यह कवच प्रदान किया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में यह पूरा अभियान एक तरीके से मुफ्त चलाया गया जिससे टीके को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिली। टीकाकरण का यह अभियान अब कई पड़ाव तय करते हुए बच्चों तक पहुंचने लगा है। 18 वर्ष से उपर के सभी लोगों को जहां अब बुस्टर डोज दी जा रही है वहीं स्कूली बच्चों को कोविड से बचाब के लिए टीके का कवच देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हाल ही में देश के आजादी के 75 साल के जश्न की तरह टीकाकरण के बूस्टर डोज के 75 दिनों का विशेष कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है ताकि कोरोना के खिलाफ जंग को देश फतह कर सके। 75 सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कैसे अपना दमखम बढ़ाया है यह भी हमारी इस सफलता का परिचायक है। हमारे स्वास्थ्य कर्मियों ने महज 277 दिनों में 100 करोड़ टीके का आंकड़ा हासिल किया और फिर अगला 100 करोड़ यानि 200 करोड़ का आंकड़ा 548 दिनों में तय किया। यह छलांग और इतने कम समय में इतनी बड़ी उपलब्धि हमारे आजादी का अमृत महतोत्सव को और संबल प्रदान करता है। टीकाकरण अभियान के दौरान कई दिन ऐसा हुआ जब हमने एक एक दिन में एक करोड़ से ज्यादा टीके के डोजेज लगाए यह सशक्त और उभरते भारत की एक तस्वीर है। ताजा जारी आंकड़े के मुताबिक देश की दो तिहाई जनता को पहली खुराक दी जा चुकी है वहीं दूसरी डोज का आंकड़ा भी 93 करोड़ के आसपास है। अब बुस्टर डोज के नये अभियान से टीकाकरण को और गति मिली है और हम कह सकते हैं कि कोरोना के खिलाफ जंग में अगर देश को जीत मिली है और मिल रही है तो उसकी सबसे बड़ी वजह टीकाकरण है।

## मातृ मृत्यु दर कम करने की चुनौती

अरविंद जयतिलक

यह बेहद चिंताजनक है कि भारत के 640 जिलों में से 448 जिलों में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के तहत निर्धारित लक्ष्य से बहुत अधिक है। यह खुलासा जर्नल पीएलओस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित एक अध्ययन से हुआ है। अध्ययन के मुताबिक शोधकताओं ने 2017-2019 के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) में दर्ज 61,982,623 जीवित बच्चों की संख्या और 61,169 माताओं की मृत्यु के आंकड़ों के विश्लेषण के जरिए यह निष्कर्ष निकाला है। गौरतलब है कि स्वाथ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली एक वेब आधारित निगरानी प्रणाली है जिसे स्वाथ्य परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लगाया गया है। इस अध्ययन में विश्लेषण का निष्कर्ष हासिल करने के लिए 2011 की जनसंख्या को आधार बनाया गया है। संभवतः यहीं वजह है कि 2022 के 773 जिलों के बजाए सिर्फ 640 जिलों के आंकड़ों को ही इस्तेमाल किया गया है। जिला स्तर पर मातृ मृत्यु दर के अध्ययन से उद्घाटित हुआ है कि देश के 70 फीसद यानी 448 जिलों में मातृ मृत्यु दर 70 से अधिक उल्लेखनीय है कि मातृ मृत्यु दर प्रति एक लाख जन्म पर प्रजनन या गर्भावस्था की जटिलताओं के चलते होने वाली माताओं की मृत्यु को कहा जाता है। सतत विकास लक्ष्यों के तहत संयुक्त राष्ट्र ने 2030 के लिए मातृ मृत्यु दर 70 निर्धारित किया है जबकि भारत में मातृ मृत्यु दर 113 है। शोधकताओं के अध्ययन पर दृष्टिपात करें तो मातृ मृत्यु दर के मामले में विश्व में 15 प्रतिशत माताओं की मौत भारत में हुई है। इस मामले में नाइजीरिया के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। नाइजीरिया में मातृ मृत्यु दर 19 प्रतिशत है। मुंबई स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउस ब्रिटेन और यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्टेजलिया के शोधकताओं ने पाया है कि सर्वाधिक मातृ मृत्यु दर अरुणाचल प्रदेश में 284 और सबसे कम महाराष्ट्र में 40 है। इसी तरह पंजाब में मातृ मृत्यु दर 143, मध्यप्रदेश में 179, उत्तर प्रदेश में 208, दिल्ली में 162, जम्मू-कश्मीर में 151, राजस्थान में 162, छत्तीसगढ़ में 144, बिहार में 164, लक्षद्वीप में 208 और असम में 209 है। हालांकि अध्ययन में शोधकताओं ने यह भी पाया है कि भारत में प्रति एक लाख शिशु के जन्म पर मातृ मृत्यु दर 130 से घटकर 113 हो गयी है। शोधकताओं के अध्ययन के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिले में मातृ मृत्यु दर सबसे कम है। इसी तरह 115 जिलों में मातृ मृत्यु दर 210 से अधिक या समान है। 125 जिलों में 140-209 है। जबकि 210 जिलों में 70 से 139 है। वहीं सिर्फ 190 जिलों में में ही मातृ मृत्यु दर अनुपात 70 से कम है। गौर करें तो यह पहली बार नहीं कि जब किसी शोध के जरिए प्रसव व गर्भावस्था में जान गंवा रही माताओं के विचलित करने वाले आंकड़े उजागर हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट से उजागर हो चुका है कि भारत में प्रत्येक वर्ष गर्भधारण संबंधी जटिलताओं के कारण और प्रसव के दौरान तकरीबन 5 लाख से अधिक माताएं दम तोड़ती हैं। चिकित्सकों की मानें तो मातृ मृत्यु दर का सबसे प्रमुख कारण महिलाओं में 30 प्रतिशत रक्तस्राव, 19 प्रतिशत एनीमिया, 16 प्रतिशत संक्रमण, 10 प्रतिशत जटिल व जोखिम वाले प्रसव एवं 8 प्रतिशत मृत्यु दर उच्च रक्तचाप संबंधी विकारों से होती है। गर्भवती महिलाओं में कुपोषण के कारण कभी-कभार उन्हें गर्भपात भी कराना पड़ता है जिससे उनकी जान जाने का खतरा बना रहता है। मेटरनल मॉर्टेलिटी रेशियो (एमएमआर) और इंटरनेशनल प्रेग्नेंसी एडवाइजरी सर्विसेज की रिपोर्ट की मानें तो भारत में असुरक्षित गर्भपात से हर दो घंटे में तकरीबन एक स्त्री की जान चली जाती है। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि स्वास्थ्य जागरुकता के बावजूद आज भी गांवों में 40 प्रतिशत से अधिक प्रसव बेहद खतरनाक स्थिति में घरों में कराए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की पापुलेशन फंड-इंडिया की रिपोर्ट में पहले ही उजागर हो चुका है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में 50 प्रतिशत और राजस्थान में 41 प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं ने अपने घरों में शिशुओं को जन्म दिया। देश के अन्य राज्यों की हालात भी कमोवेश ऐसी ही है। इससे न सिर्फ गर्भवती महिलाओं की जान जोखिम में पड़ रही है बल्कि वे खतरनाक बीमारियों की चपेट में आ रही हैं। यहां यह भी ध्यान देना होगा कि भारत में गर्भवती महिलाओं की मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण गर्भपात है। गत वर्ष पहले सरकारी संस्था नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुअ था कि शहरों में 20 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों में हर सातवें गर्भधारण का अंत गर्भपात के रुप में होता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश भर में ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भपात का प्रतिशत 2 तथा शहरी क्षेत्रों में 3 है। गौर करें तो भारत में गर्भपात की इजाजत कुछ विशेष परिस्थितियों में दी गयी है। मसलन अगर गर्भ के कारण किसी महिला की जान खतरे में है या गर्भ में पल रहे बच्चे की विकलांगता की आशंका बढ़ गयी है अथवा महिला के साथ बलात्कार हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### एंबुलेंस में प्रसूता ने बच्ची को दिया जन्म, दोनों स्वास्थ्य

हसनपुर। प्रसूता को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाते वक्त रास्ते में एंबुलेंस में प्रसव हो गया। उसने बेटी को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। सीएचसी में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव मिलक घेर निवासी धर्मपाल की पत्नी सुशीला को प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस से सीएचसी लाया जा रहा था। रास्ते में उसकी प्रसव पीड़ा बढ़ गई। एंबुलेंस स्टाफ की मदद से सुशीला ने बच्ची को जन्म दिया। यह उसका पहला बच्चा है। बाद में जच्चा-बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित भरु ने एंबुलेंस स्टाफ की प्रशंसा की। सुशीला के परिवार में खुशी का माहौल है।

### बच्चों के विवाद में भीड़े दो गुटों मे पथराव से दो लोग घायल

गजरौला। बच्चों के बीच किसी मामूली बात पर विवाद होने पर दो गुट आपस में भिड़ गए। मारपीट के बाद पथराव हो गया। जिसमें दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों तरफ से घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है ।तिगरिया खादर गांव निवासी आदेश के भतीजे अंकित व अतर सिंह के बेटे तिलक के बीच तीन दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उस समय तो अन्य लोगों ने विवाद शांत करवा दिया था। आरोप है कि शनिवार की रात फिर से दोनों गुटों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट होने लगी। देखते ही देखते पथराव हो गया। जिससे वहां हड़कंप मच गया। लोगों ने किसी तरह विवाद शांत कराया। पथराव में चंद्रपाल व नन्हे घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने जांचकर कार्रवाई किए जाने की बात कही।

### न्यायालय के आदेश पर पाँच लोगों पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

गजरौला। शिक्षक सहित पांच लोगों पर विवाहिता ने घर में घुसकर गैंगरेप का आरोप लगाकर थाना पुलिस को तहरीर दी। परन्तु थाना पुलिस ने महिला को टरका दिया। जिस पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए पांच लागों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के आदेश थाना पुलिस को दिए है। आरोप है कि एससी एक्ट में दर्ज मुकदमें में नामजद आरोपी पीड़ित महिला व उसके पति से मुकदमा वापिस लेने के लिए दबाव बना रहा है। इसी के चलते गत दस अप्रैल को विवाहिता घर पर अकेली थी। उसी समय आरोपी श्रीराम सैनी अपने चार अन्य साथियों के साथ उसके घर में घुस गया। उसके साथ अश्लील हरकतें की उठाकर कमरे ले गया। पांचों लोगों ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। मुकदमा वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबा होने पर मोहल्ले के ही दो लोग दौड़कर वहां पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित महिला थाने पहुंची तथा घटना की तहरीर पुलिस को दी। आरोप है कि इस मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। और महिला को टरका दिया। उपरांत इसके महिला ने न्यायालय की शरण ली और न्याय दिलवाए जाने की मांग की। न्यायालय ने श्रीराम सैनी, शिक्षक बृजपाल, शिवराज सिंह, सौरभ व पंकज भारती के विरुद्ध संबंधित धाराओं में आरोप में रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश किए हैं। आरोपी बृजपाल बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि न्यायालय का आदेश मिला है। जांचोपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक हुई आयोजित

## कई मुद्दों पर हुआ विचार विमर्श

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता




वरिष्ठ नागरिक परिषद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश बिजनौर की मासिक बैठक रविवार को पं. शिवराम शर्मा की अध्यक्षता में उनके निवास, शिवाशीष, नई बस्ती, बी 14, बिजनौर पर श्री नरेश कुमार अग्रवाल सेवानिवृत्त प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज बिजनौर के संचालन व श्री लेखा सिंह सेवानिवृत जज के संरक्षण मे आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ गायत्री मंत्र एवं प्रार्थना के संयुक्त पाठ के साथ हुआ। सर्वप्रथम अध्यक्ष ने सभी उपस्थित सदस्यो का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा गत बैठक की कार्यवाही सभी सदस्यो के समक्ष रखी गई जिसकी सभी सदस्यो ने सर्वसम्मति से पुष्टि की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दिनांक 17 जुलाई 2022 को वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सदस्यो ने ताड़केश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर भगवान भोलेनाथ का और लौटते समय देवी मंदिर दुङ्गा, सिद्ध पीठ सिद्धबली कोटद्वार में भी दर्शन कर मां और भगवान श्री हनुमान जी का भी आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त दर्शनार्थ गये टूर के संबंध में सदस्यो ने अपने अपने अनुभव शेयर किए और सुंदर सुखद और आनंदमय धार्मिक यात्रा का अनुभव किया। बैठक में श्री बी. आर. मेहरा ने हनुमान चालीसा का पाठ किया व परिषद के अन्य सदस्यो ने कविता पाठ भी किया।

बैठक में श्रीमती सुधा रानी अग्रवाल व श्री लेखा सिंह को जन्मदिन का उपहार देकर सम्मानित किया गया। बैठक में श्री शिवराम शर्मा, श्री धर्मवीर शर्मा, श्री बी.आर. मेहरा, श्री नरेश कुमार अग्रवाल, श्रीमती हीरा देवी, श्रीमती आदेश कुमारी शर्मा, डा. राजेन्द्र कुमार शर्मा, श्री लेखा सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक को सफल बनाने में राजीव कुमार शर्मा जो प्रथमा यू.पी.ग्रामीण बैंक में कार्यरत है का विशेष योगदान रहा। बैठक का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं शांति पाठ के साथ हुआ।

# चोरी का खुलासा करने पर मंडी व्यापारियों ने किया पुलिस को सम्मानित




नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

दो दिन पहले हुई चोरी का 24 घंटे के अंदर खुलासा करने पर मंडी व्यापार कमेटी के लोगों ने पुलिस को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया। रविवार को मंडी व्यापार कमेटी के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार वर्मा, चैकी इंचार्ज संदीप मलिक, कांस्टेबल सोमवीर, सौरभ, विकास चैधरी, नेत्रपाल राठी सहित घटना का खुलासा करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। दो दिन पहले आडती मोइनुद्दीन अंसारी की दुकान से हुई ढाई लाख की चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए 243650 रुपए की नकदी बरामद कर एक अभियुक्त को जेल भेज दिया था। चोरी का 24 घंटे के अंदर ही खुलासा करने पर मंडी व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जन सहयोग का होना बेहद जरूरी है। चैकी इंचार्ज संदीप मलिक ने व्यापारियों के सहयोग की तारीफ करते हुए सतर्क रहने की अपील की है। मंडी व्यापारियों की ओर से खुलासा करने वाली टीम को शॉल ओढ़ाकर गुलदस्ता भेंट किया गया तथा माला पहनाकर हौसला अफजाई की। कार्यक्रम का संचालन मंडी व्यापार कमेटी के अध्यक्ष हाशिम अहमद ने किया। इस मौके पर महबूब अंसारी एडवोकेट, शहंशाह आलम, मोईनुद्दीन, नवाब अंसारी, डॉ इदरीस अंसारी, वसीम, शाहनवाज, अय्यूब, नईम अहमद, नफीस, हफीज अहमद उर्फ खलीफा, हाजी शरीफ, कामिल आदि मौजूद रहे।

# शत प्रतिशत रहा मैस्को पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम

अमरोह, प्रात: किरण संवाददाता



सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10 और कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमें मैस्को पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी छात्र, छात्राओं ने बहुत अच्छे अंको में परीक्षा उत्तीर्ण की है।

विद्यालय की 12वीं कक्षा से कु० युसरा ने 93.5: अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु० वरदा व मोहम्मद समीर ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 10वीं कक्षा से कु० युमना सिद्दीकी ने 95.8: अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु० सानिया सैफी व कु० फातिमा मोइन ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस शुभ अवसर पर चेयरमैन कमाल फारूकी ने समस्त छात्र छात्राओं व विद्यालय के अध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रबंधक अशहर तौसीफ ने सभी छात्र छात्राओं को उनके अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। प्रधानाचार्या पूजा बुटटन ने भी सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए परीक्षा परिणाम की बधाई दी।

इस अवसर पर शाहबाज हैदर, अशरफ अली, असद रजा, शेहजर तनवीर आदि ने शुभकामनाएं दी।

# रेलवे स्टेशन बिजनौर में है सुविधाओं का अभाव

## कोई कैंटीन व खाने पीने की नहीं है कोई व्यवस्था

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता




रेलवे स्टेशनों पर जहां आने जाने वाले यात्रियों व मुसाफिरों के लिये बुनियादी सुविधायें होती हैं जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। वहीं जनपद बिजनौर मुख्यालय पर बिजनौर के रेलवे स्टेशन पर इन बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। वैसे तो बिजनौर रेलवे स्टेशन से कई यात्री गाडियां व मालगाडियों का आवागमन होता है मगर पैसेंजरों के लिये बुनियादी सुविधाओं का अभाव सा दिखायी पडता है। बिजनौर रेलवे स्टेशन से मसूरी एक्सप्रेस, सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस, चडींगढ एक्सप्रेस, नजीबाबाद-गजरौला पैसेंजर गाडियों का आवागमन होता है जिससे यहां यात्रियों व मुसाफिरों की काफी भीड भाड रहती है। मगर उनके लिये यहां पर ना तो साफ शौचालय की व्यवस्था है अगर है भी वह यात्रियों की संख्या के हिसाब से पूरी नहीं है पीने के पानी की व्यवस्था है वह भी पूरी तरह साफ सुथरी नहीं और ना ही यहां पर कैंटीन है जिससे यहां पर यात्री भूख लगने पर कुछ खा पी सकें या प्यास लगने पर साफ पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकें। इस कारण से यात्रियों को कई बार इधर उधर भटकना पडता है। इस बारे में कई बार उच्चाधिकारियों का भी ध्यान इस ओर दिलाया गया मगर कोई परिणाम नहीं निकला। इस बारे में जब रेलवे स्टेशन इंचार्ज से बात करने की कोशिश की गयी तो उनसे मोबाइल पर बात नहीं हो सकी।

**अभाव**

- कई बार उच्चाधिकारियों से की गयी शिकायत, नहीं हुआ समस्याओं का समाधान

# जंगल में फंसी विदेशी महिला व हिन्दुस्तानी पति की पुलिसकर्मियों ने की मदद

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

कांवड यात्रा के मददेनजर किये गये रूट डायवर्जन के कारण कार से हरिद्वार जा रहा एक परिवार रास्ता भटककर जंगल में फंस गया। पुलिस ने रात को करीब 12 बजे उक्त परिवार की मदद की। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपूर्व सिंह दिल्ली एवम अनास्तासिया जो आपस में पति पत्नी हैं व उनके साथ उनके बच्चे भी थे। दिल्ली से हरिद्वार जाते समय रास्ते में जंगल में रास्ता भटक गये। जिसमे बताया गया था कि अपूर्व सिंह अपनी पत्नी और छोटे बच्चे साथ जंगल में कहीं फंस गए है, कार भी खराब हो गयी है। तो उन्होंने व्हाटसएप के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तुरंत मौके पर करीब 1.5 किलोमीटर पैदल रास्ता तय करते हुए सुनसान जंगल के बीच मौके पर पहुंचे तो पाया कि एक विदेशी महिला (यूक्रेन नागरिक) अपने हिंदुस्तानी पति व बच्चे के साथ दिल्ली से हरिद्वार जाते समय श्रावणमास कांवर यात्रा के दृष्टिगत रूट डायवर्जन के कारण रास्ता भटक कर उक्त स्थान पर उनकी कार कीचड़ में फंस गयी तथा खराब हो गयी है। चारों तरफ जंगल एवम सुनसान अंधेरे के कारण, तथा जंगली जानवरों के हमले कारण बुरी तरह भयभीत हलकान परेशान हो गए थे उपरोक्त स्थिति से कालर ने व्हाटसएसप के माध्यम सूचना 112 पर देते हुए मदद की गुहार की थी। कर्मचारियों को सुनसान जगह अंधेरे में मदद को आता देख उनकी आंखें खुशी के आंसू नहीं रोक पाई थी। चतअ कर्मचारियों द्वारा मिलकर कार को निकालने का प्रयास किया गया सफलता नहीं मिलने पर सूझबूझ का परिचय देते हुए कंट्रोल रूम से सम्पर्क कर लोकल पुलिस के माध्यम से ट्रेक्टर का प्रबंध कर फंसीं हुई कार को निकाला गया। तदोपरांत उन फॅसे हुए यात्रियों के द्वारा कर्मचारियों का धन्यवाद अदा करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की डायल 112 एमरजेंसी सेवा की प्रसंशा की गई। क्षेत्र के लोगों में उपरोक्त घटना की चर्चा प्रसंशा की जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है। डायल 112 में कमांडर सनव्वर अली, सब कमांडर अनुज कुमार व चालक नूरहसन मौजूद रहे।

# तनिशा चौहान रही आरके पब्लिक स्कूल की टॉपर





अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

नगर के मौहल्ला सुबोध नगर निवासी तनिशा चौहान ने राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल में वाणिज्य संकाय की टॉपर बनी।सी0बी0एस0सी0 से सम्बद्ध राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल के इन्टरमीडिएट के परीक्षाफल में छात्रा तनिशा चौहान सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में वाणिज्य संकाय की टॉपर बनी। उन्होने अर्थशास्त्र में सर्वाधिक 100 व अकाउंट में 99 अंक प्राप्त किये। हाल ही में उन्होने इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में लगभग 9500 छात्रों में से 1043 वीं रैंक प्राप्त की है, साथ ही केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा भी दी है। ज्ञात हो कि तनिशा चौहान के बड़े भाई अमन सिंह चौहान भी इसी स्कूल में 2020 के परीक्षाफल में टॉप 5 की सूची में शामिल थे। वर्तमान में वह यूनिवर्सिटी ऑफ पैट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडी देहरादून से बी0 टेक (कम्प्यूटर साइंस) के पाँचवे सेमिस्टर में अध्ययरत है। वह भी गत वर्ष के परीक्षाफल में विश्वविद्यालय टॉपर रहे है। इन होनहार छात्रों के पिता अजय सिंह चौहान एक प्रतिष्ठित संस्थान में अकाउंटेंट है, जबकि माता प्रतिभा चौहान इसी स्कूल में अध्यापिका हैं।

# किसानों ने टयूबैल की मोटर चोरी करते चोर दबोचा

**धनौरा।** सर्किल के गांव में देर रात्री खेत से मोटर चोरी करते एक चोर को किसानों ने दबोच लिया, जबकि उसके तीन साथी मौके से भागने में कामयाब हो गए। पकड़े गए चोर की ग्रामीणों ने रस्सी से बांधकर पिटाई की। सूचना पुलिस को दी गई। क्षेत्र के गांव फतेहउल्लेपुर निवासी चतर सिंह के खेत से मोटर चोरी करते ग्रामीणों ने चोर को पकड़ कर जमकर उसकी पिटाई की। पुछताछ करने पर चोर ने बताया कि वह नौगांवा सादात का रहने वाला है। ग्रामीणों का कहना है कि तीन माह से लगातार खेतों से मोटर चोरी हो रही है। जिसकी वजह से किसान काफी परेशान है। इसको लेकर ग्रामीण एक साथ इकट्ठा हो गए और उन्होंने खेत में घेराबंदी करने शुरू कर दी। गुस्से में आए ग्रामीणों ने पहले तो चोर को पकड़ा, रस्सी से बांधा फिर उसकी जमकर धुनाई भी की। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया है कि मामला मेरे संज्ञान में है। मामले में जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

बछरायूं, प्रात: किरण संवाददाता

शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप यूपी पुलिस के सिपाही पर लगे हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी सिपाही वर्तमान में जनपद बाराबंकी में तैनात है। युवती का दावा है कि सिपाही ने उसके साथ कोर्ट मैरेज की है।थाना रहरा के गांव रुस्तमपुर निवासी फौजिन्द्र यूपी पुलिस में सिपाही है और उसकी वर्तमान में उसकी तैनाती जिला बाराबंकी में है। बताया जाता है कि उसका थाना इलाके के एक गांव की रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती का आरोप है कि पुलिसकर्मी ने उसके साथ शादी किए जाने का वादा कर कई बार दुष्कर्म किया। काफी समय तक शादी नहीं करने पर युवती ने शादी का दबाव बनाया तो वह टालमटोल करने लगा। बाद में उसके साथ बातचीत भी बंद कर दी। युवती ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने पीड़िता को साथ लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण सिंह को घटना से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई। युवती ने सिपाही द्वारा अपने साथ कोर्ट मैरिज किए जाने का दावा करते हुए प्रमाण पत्र पेश किया। सीओ ने थाना पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि आरोपी सिपाही के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

गजरौला, प्रात: किरण संवाददाता



संदिग्ध परिस्थितियों में कबाड़ खरीदने व बेचने वाले युवक की मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवा दिया है। नगर के नवादा रोड निवासी शल्लू पुत्र फरीद कबाड़ खरीदने बेचने का काम करता था। शनिवार को दिनभर कबाड़ा खरीदने के बाद वह शाम को भानपुर फाटक के निकट स्थित कबाड़ के कारोबारी को कबाड़ बेचने गया था। कारोबारी के मुताबिक कबाड़ा बेचने के बाद वह ई-रिक्शा पर बैठ गया। वह ई-रिक्शा चार्जिंग पर लगी थी। जिससे उसे करंट लग गया। कारोबारी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर शल्लू को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर शल्लू के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए तथा शल्लू को उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाने लगे। रास्ते में शल्लू की मौत हो गई। परिवार वालों ने सल्लू की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। रिपोर्ट आने पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी

# युवा अधिवक्ता कुलदीप कुमार राणा के कार्यालय का उद्घाटन

हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता



तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट ने युवा अधिवक्ता कुलदीप कुमार राणा के ग्राम डगरोली स्थित कार्यालय का उद्घाटन किया। बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त एडवोकेट ने कहा युवा अधिवक्ताओं को अपने क्षेत्र में नागरिकों को देश के संविधान एवं कानून के बारे में प्रचार प्रसार करना चाहिए तथा देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम में आगामी 11 से 17 अगस्त तक प्रत्येक कार्यालय, प्रतिष्ठान, आवास पर प्रत्येक देशवासी को तिरंगा ध्वज फहराकर देश की आजादी एवं तिरंगे के प्रति सम्मान का प्रदर्शन करना होगा। युवा अधिवक्ताओं को प्रचलित कानून एवं विधि, नियमावली का ज्ञान अर्जन करके अपनी योग्यताओं को सदैव उन्नत करना चाहिए। युवा अधिवक्ता कुलदीप कुमार राणा के डगरोली स्थित कार्यालय का तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से बार कोषाध्यक्ष फतेह सिंह एडवोकेट, विधानसभा सह संयोजक विधि प्रकोष्ठ भाजपा नंदराम सिंह सागर एडवोकेट, भाजपा जिला सह संयोजक विधि प्रकोष्ठ टेकचंद राणा एडवोकेट, नुसरत अली एडवोकेट, कृपाल सिंह एडवोकेट, तीरथ सिंह एडवोकेट, गुलाब सिंह एडवोकेट, ऋषि पाल सिंह एडवोकेट, पूर्व प्रधान नरेश कातिब, गुलाब सिंह लिपिक एवं स्थानीय ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद रहे।

# शिवभक्तों का हुआ फूलमाला पहनाकर स्वागत



अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे शिवभक्तों का नगर के बंबू गढ़ चौराहे पर डीएम बीके त्रिपाठी, एसपी आदित्य लांग्हे, नगर पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने फूलमाला पहनाकर पुष्पवर्षा कर उनके पैर धोरकर स्वागत किया। र

विवार को नगर पालिका परिषद की के तत्वाधान में बंबू गढ़ चौराहा पर सभी शिव भक्तों का जिलाधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे सहित नगर पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने माला पहनाकर पुष्पवर्ष कर शिवभक्तों के पैर धुल कर कांवडियों का स्वागत किया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि कांवरिए भगवान शिव के भक्त हैं और वह भगवान का रूप है इनका स्वागत करना चाहिए आप लोग भी शिव भक्तों का स्वागत कर पुण्य लाभ कमाएं । इस अवसर पर पर अपर जिलाधिकारी भगवान शरण, उप जिला अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, नगर पालिका अध्यक्ष पति अतुल जैन आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने गांव गौसपुर का दौरा कर गंगा कटान क्षेत्र का निरीक्षण किया

## अक्टूबर व नवंबर माह में गंगा द्वारा कटान रोकने के लिए स्थाई स्टड बनाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया

नांगल सोती, प्रात: किरण संवाददाता



डीएम व एसपी ने गांव गौसपुर का दौरा कर गंगा कटान क्षेत्र का निरीक्षण किया, डीएम ने अक्टूबर-नवंबर माह में गंगा द्वारा कटान रोकने के लिए स्थाई स्टड बनाने का ग्रामीणों को आष्वासन दिया।

गांव गौसपुर में गंगा पिछले एक दषक से गांव की ओर कटान कर रही है, कटान से गंगा और गांव के बीच की दूरी मात्र 50 मीटर रह गई है, कटान की चपेट में आकर कई ग्रामीणों की सैकड़ों बीघा कृशि भूमि गंगा में समा चुकी है, कटान रोकने के लिए जून माह में गंगा नदी पर 19 अस्थाई स्टड बनाए गए थे, पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्र में हो रही बारिष के चलते गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है जिससे कटान को लेकर ग्रामीण चिंतित हैं, षनिवार को डीएम उमेष मिश्रा व एसपी दिनेष सिंह ने गौसपुर का दौरा कर कटान क्षेत्र का निरीक्षण किया, डीएम ने ग्रामीणों को बताया की गंगा का जलस्तर कम होने पर अक्टूबर-नवंबर माह में स्थाई स्टड बनाए जाएंगे, जिसके लिए बजट को मंजूरी मिल गई है, डीएम व एसपी ने ग्रामीणों को सचेत रहते हुए बरसात में कटान क्षेत्र की ओर न जाने की सलाह दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय जनता पार्टी की बैठक वी डी इंटर कॉलेज में हुई संपन्नः



संभल। भारतीय जनता पार्टी मण्डल हयातनगर के तत्वाधान में आज एक बैठक बी डी इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुई,जिसमे भारत के सर्वोच्च पद पर आसीन हुई प्रथम आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने के उपलक्ष्य में मिष्ठान वितरण किया गया और हर्ष व्यक्त किया गया,बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष गणेश शर्मा ने कहा कि ये भाजपा में ही सम्भव है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को राष्ट्रपति बनने का सुअवसर मिल सकता है। कार्यक्रम में सभी कार्यकताओं ने आभार व्यक्त किया और एक दूसरे को मिष्ठान खिला कर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुरेश अटल,ब्रह्मानन्द वार्ष्णेय, गणेश शर्मा, विपिन गुप्ता,सुमित श्याम,पुनीत अटल,जितेंद्र सैनी,ऋचा वार्ष्णेय, निशि रानी,राजीव कुमार,कालूराम सैनी, भुवनेश सैनी,पंकज गुप्ता,राहुल अटल,चिराग गुप्ता क्षेमवती गुप्ता आकाश निक्की वाल्मीकि बाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

### बाहुबली मुख्तार के भाई अफजाल की 14.90 करोड़ की संपत्ति जब्त

गाजीपुर। बहुजन समाज पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। जिला और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने रविवार को उनकी 14.90 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट 14(1) के तहत की गई है। अफजाल अंसारी बांदा जेल में बंद बाहुबली मुख्तार अंसारी का भाई है। पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने बताया कि जनपद में अवैध तरीके से धन, भू-संपत्ति एवं चल-अचल संपत्ति अर्जित करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है।

### गंगाजल से होगा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थल का जलाभिषेक

सहारनपुर। श्रावण शिवरात्रि पर आदिदेव भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए हरिद्वार से पावन गंगाजल मेरठ के पुरा महादेव या अन्य स्थानों के शिवमंदिरों पर चढ़ाने का सिलसिला वर्षों से चला आ रहा है। भक्तगण धर्मनिष्ठ भारत की झलक दिखाने के लिए तिरंगे से सजी कांवड़ लेकर भी यात्रा करते आए हैं लेकिन मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान के ब्रह्मचारी अजीत शर्मा ने इस बार अपनी कांवड़ यात्रा को राष्ट्र वंदना यात्रा का ऐसा रूप दिया है कि सहारनपुर स्थित योग संस्थान मुख्यालय से रवाना होकर वह हर की पैड़ी से पवित्र गंगाजल लेकर नई दिल्ली के राजपथ स्थित महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा स्थल पर जलाभिषेक करेंगे।

### गोंडा में तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म, मामला दर्ज

गोंडा। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के एक गांव में तीन साल की बच्ची के साथ नाबालिग द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिवराज ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी तीन वर्षीय बेटी के साथ गांव के ही 13 वर्षीय किशोर द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला शनिवार को दर्ज कराया था।

# योगी सरकार ने राज्य कर्मचारियों व पेंशनर्स का महंगाई भत्ता बढ़ाया

लखनऊ, प्रातः किरण संवाददाता

योगी सरकार ने 16 लाख से अधिक राज्य कर्मचारियों व करीब 11 लाख 60 हजार पेंशनर्स का भी भत्ता बढ़ाया है, उसका लाभ उनको चंद रोज बाद ही मिलेगा। सरकार ने इनको बढ़े दर से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत का भुगतान करने का फैसला किया है। अगस्त माह में मिलने वाले वेतन में इनको इन सभी का लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने 16 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और 11.52 लाख पेंशनरों को डीए की बढ़ोतरी का एक जनवरी 2022 से प्रभावी की थी। अब इनको बढ़े एरियर का लाभ मिलेगा।

जनवरी से जून तक का एरियर कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा। वित्त विभाग के महंगाई भत्ते के लिए जारी शासनादेश में के बिंदु तीन में लिखा है कि एक जुलाई से महंगाई भत्ता वृद्धि की धनराशि अगस्त माह के नियमित वेतन के साथ नकद की जाएगी। जानकारी के मुताबिक राज्य कर्मचारियों को तीन



फाइल फोटो

**लाभ**

- 16 लाख से अधिक राज्य कर्मचारियों व करीब 11 लाख 60 हजार पेंशनर्स का भत्ता बढ़ाया

प्रतिशत की बढ़ी दर से डीए व डीआर का भुगतान करने पर योगी सरकार पर हर महीने 220 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आएगा। महंगाई भत्ते के शसनादेश में जिक्र किया गया है कि जो कर्मचारी एक जनवरी 2022 के बाद सेवानिवृत्त हो चुके हैं अथवा अगले छह माह में सेवानिवृत्त होने वाले हैं उनके महंगाई भत्ते की पूरी धनराशि का भुगतान नकद किया जाएगा। पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स को भी बढ़े दर से महंगाई राहत देने के साथ अखिल भारतीय सेवाओं के पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स को भी बढ़े दर से महंगाई राहत देने का शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों को एक जनवरी 2022 से 31 की बजाय 34 प्रतिशत की दर से डीए व डीआर देने का फैसला मार्च में किया था। सरकार के इस ऐलान के बाद यूपी के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) एक जनवरी, 2022 के प्रभाव से बढ़ाया गया है, इसलिए सबको एरियर भी मिलेगा। आदेश के हिसाब से जनवरी से जून कुल छह महीने का एरियर भी जुलाई की बढ़ी हुई सैलरी और पेंशन के साथ अगस्त में आएगा। इससे पहले यूपी सरकार के कर्मचारियों को 31 फीसदी के हिसाब से महंगाई भत्ता दिया जा रहा था।

यूपी के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता यानी डीए और महंगाई राहत यानी डीआर में किया गया यह इजाफा एक जनवरी 2022 से प्रभावी माना जाएगा। यानी यूपी के सरकारी नौकरी वालों को एरियर का लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार के महंगाई भत्ता बढ़ाने के फैसले के बाद यूपी का वित्त विभाग सक्रिय हो गया। अनुमान लगाया जा रहा था कि यूपी सरकार कभी भी कर्मचारियों के लिए डीए का ऐलान कर सकती है। अब राज्य के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स का तीन फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ने के बाद राज्य सरकार पर सालाना कई करोड़ का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा।

# भाजपा के कुशासन व बढ़ती महंगाई के खिलाफ आप की युवा शक्ति उतरेगी सड़कों परः अवाना

लखनऊ, प्रातः किरण संवाददाता

रविवार को लखनऊ के आम आदमी पार्टी के कार्यालय में यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना ने मीडिया को संबोधित करते हुए योगी सरकार के जनविरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि योगी जी की सरकार में केवल हिन्दू, मुस्लिम, मंदिर, मस्जिद की राजनीति को प्रमुखता दी जा रहीं हैं जबकि निरंतर बढ़ती बेरोजगारी ने युवाओं को घोर निराशा के गर्त में धकेलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुशासन और बढ़ती हुई महंगाई के खिलाफ आप का युवा शक्ति सड़कों पर उतरेगा। पंकज जी ने यूथ विंग के सांगठनिक विस्तार और कार्य के मुद्दे पर बताया कि सम्पूर्ण प्रदेश में बहुत तेजी से युवाओं को संगठन में जोड़ने का प्रयास जारी हैं।

आज ही प्रदेश कार्यालय में अल्पसंख्यक विंग की बैठक में विंग के प्रदेश अध्यक्ष शकील मलिक ने राज्यसभा सांसद/प्रदेश प्रभारी संजय सिंह की स्वीकृति से, 35 जिलों में जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की। लखनऊ में सैयद फखरुल इमाम,



कानपुर नगर में सलमान खान, कानपुर देहात में सालिद सिद्दकी, अयोध्या में फरीद अहमद, गौतमबुद्ध नगर में दिलदार अंसारी, गोंडा में वसीम सिद्दीकी, झांसी में चौधरी परवेज, फरुखाबाद में खुर्शीद अहमद, गाजीपुर में शाजिद अली शाह, मथुरा में मो इरफान, शाहजहांपुर में मजहर हुसैन, मुरादाबाद में मो. फैजान, अमरोहा में फैसल खां, आगरा में मो शफीक, अलीगढ़ में अश्फाक खां, बरेली में वाहिद अंसारी, देवरिया में मो खालिद, हापुड़ में डॉ साजिद अली, मऊ में मो. उस्मान, सोनभद्र में रिजवान अहमद को जिलाध्यक्ष बनाया गया हैं। उन्नाव से कलीम उल्लाह अहमद, सुल्तानपुर से शादाब अहमद, जालौन से अब्दुल हमीद, बदायूं से मो उमर, मेरठ से अहसान भारती, बागपत से मो सरफराज अहमद, रामपुर से आनसब नजील, बलिया से शोएब खां, संभल से सैयद मंजूर, मुज्जफरनगर से डॉ मुस्सरत अली, लखीमपुर खीरी से मो शादाब, बिजनौर से कलीम हुसैन, रायबरेली से डॉ साबिर अली, एटा से जावेद खां, बुलंदशहर से आसिफ अली को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयीं हैं।

आप के अयोध्या प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष सूरज कु.रावत(प्रधान) ने सांसद संजय सिंह जी के सहमति से प्रांतीय कमेटी का विस्तार करतें हुए, अतुल सिंह को महासचिव, रवि तिवारी, दीपक पटेल को प्रांतीय उपाध्यक्ष, नूर सिद्दीकी, अनुज शुक्ला को प्रांतीय सचिव, संजीव निगम को मीडिया प्रभारी, पवन कु वर्मा को शोशल मीडिया प्रभारी और त्रिलोचन सिंह को प्रांतीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया है।

# गीता पल्ली वार्ड में वैक्सीनेशन शिविर का किया गया आयोजन

लखनऊ, प्रातः किरण संवाददाता

कैंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गीता पल्ली वार्ड में न्यू आइडियल पब्लिक स्कूल में गीता पल्ली वार्ड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुशर्रफ इमाम के द्वारा कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 12 से 14 आयु वर्ग के लिए कार्बोवैक्स, 14 से 18 आयु वर्ग हेतु कोवेक्सीन एवं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए कोविशिल्ड एवं फ्री बूस्टर डोज की भी व्यवस्था सुनिश्चित थी।

उक्त मौके पर तारा देवी, विवेक गुप्ता, पलक राजपूत, मयंक वर्मा, रंजना सिंह, युवराज माथुर, विशेष सिंह चौहान, अविनाश भारती, आनंद सागर खैरवार,पूनम यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, रेनू वर्मा, अवधेश कुमार रावत, संजीव श्रीवास्तव, गुलशन कुमार, संतराम रावत, जॉर्ज बाड़ा, सोहेल अहमद ,हिमांशु तिवारी, पीयूष शुक्ला, शफीक उर रहमान ,विश्वास



भदौरिया, शिव ओम वनवासी, प्रखर सिंह ,हेमलता तिवारी, सुधा सिंह आदि अन्य सम्मानितजनों ने उक्त कैंप में पहुँचकर वैक्सीनेशन का लाभ प्राप्त किया।

इस मौके पर बृजेश सिंह, मुस्तफा खान, जितेंद्र रावत, मोहम्मद दानिश, अमन तिवारी, अनस खान, राहुल अवस्थी, शफीक उर रहमान, जितेन्द्र रावत, विवेक पाल, नवाज खान वारसी, आदि उपस्थित रहे। सीएसवी चंदननगर की टीम के रूप में बिंदु चौधरी, कंचन चंदेल, सुनीता कुमारी, दीपा शर्मा, बरूनी, लक्ष्मी गुप्ता, अंजनी गुप्ता आदि ने वैक्सीनेशन के कार्य को पूर्ण रूप से संचालित किया।

# अखिलेश यादव ने प्राचीन हनुमान मंदिर के लिए कराई मुकुट व छत्र की व्यवस्था

लखनऊ, प्रातः किरण संवाददाता

लखनऊ में आलमबाग क्षेत्र में टेढ़ी पुलिया के निकट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से 14 जुलाई 2022 को हनुमान जी का चांदी का मुकुट और छत्र चोरी हो गया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री विकास यादव को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को प्रकरण की जानकारी दी। श्री अखिलेश यादव ने तत्काल मुकुट और छत्र की व्यवस्था का निर्देश दिया। 23 जुलाई 2022 को श्री महावीर हनुमान जी को मुकुट पहनाने के साथ छत्र भी लगा दिया गया।

काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थापित शिवलिंग 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गंगा के पश्चिमी तट पर स्थापित इस सुप्रसिद्ध मंदिर में शनिवार को सप्त ऋषि आरती के समय गर्भगृह में दो दर्शनार्थियों के प्रवेश पर कहासुनी हो गई। दर्शनार्थियों और मंदिर के



सेवादारों में मारपीट की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस वहां भी पर उसने अपनी आंखे मूंद लीं। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा में हर वर्ष हजारों कांवड़ यात्री भाग लेते हैं। ये गंगाजल लेकर कई स्थलों पर जलाभिषेक करने जाते हैं। इनको यात्रा में सुरक्षा देने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। भाजपा सरकार दिखावे के लिए, डीजे की अनुमति देने के साथ पुष्पवर्षा का नाटक दिखाने में अव्वल है पर कांवड़ियों की सुरक्षा में घोर लापरवाही बरत रही है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर ग्वालियर जा रहे आधा दर्जन

- भाजपा कांवड़ियों की सुरक्षा में बरत रही घोर लापरवाहीः अखिलेश

कांवड़ियों को अलीगढ़-आगरा-राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की रात एक डम्पर ने रौंद दिया। मेरठ में कांवड़ खण्डित होने पर हंगामे में घंटो रास्ता जाम रहा। जनसामान्य और कांवड़ियों की सुविधा को देखने के साथ उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम सरकार का नैतिक कर्तव्य है। भाजपा सरकार को धार्मिक यात्रा में राजनीति करने से बचना चाहिए। स्पष्ट है कि भाजपा की नीति और नियत दोनों में खोट है। जनहित की योजनाओं में उसकी कोई रूचि नहीं है। भाजपा की सारी घोषणाएं थोथी साबित हुई है। भाजपा की डबल इंजन सरकार जनहित में कोई काम नहीं कर रही है। इस जनविरोधी भाजपा को डबल इंजन सरकार को अब भविष्य में जनता सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए तैयार है।

# डॉ अदील मेहदी की याद में फ्री स्वास्थ्य केम्प आयोजित



संभल, प्रातः किरण संवाददाता

नगर के सैफ खां सराय स्थित मसूद गाजी मेमोरियल स्कूल में रशिया से एमबीबीएस के अंतिम वर्ष के छात्र डॉ अदील मेहदी की याद में फ्री स्वास्थ्य केम्प का आयोजन किया गया जिसमें शुगर, टीबी,स्वांस रोग आदि का फ्री स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। मालूम हो दो माह पूर्व डॉ अदील मेहदी की बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो गयी थी।

स्वास्थ्य केम्प के आयोजक मसूद गाजी मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक हाफिज मेहदी हसन ने किया जिसमे वरिष्ठ चिकित्सक एम एम फैसल,डॉ नगमा,डॉ मोहम्मद अजीम द्वारा मरीजों का परीक्षण कर स्वांस,टीबी,शुगर,बुखार,नेत्र सम्बंधित आदि रोगों का उपचार कर दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सैकड़ो रोगियों ने चिकित्सीय लाभ उठाया और डॉ अदील मेहदी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मोहम्मद शाह आलम रौनक, जुहैब मेहदी,हिलाल मेहदी,मेहदी हसन,फरमान हुसैन अब्बासी,मोहम्मद बाजिल,मोहम्मद शुऐब,मोहम्मद वसी, मोहम्मद गुलजार,डॉ मोहम्मद अजीम आदि उपस्थित रहे।

# पर्यटन और संस्कृति दर्शन का नया केंद्र होगा ऐतिहासिक कर्जन ब्रिज

लखनऊ, प्रातः किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा नदी पर निर्मित 115 साल पुराने कर्जन ब्रिज को योगी सरकार पर्यटन के एक नए केंद्र के रूप में विकसित करने जा रही है। योजना के तहत लॉर्ड कर्जन ब्रिज को गंगा गैलरी तथा हेरिटेज पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा।

विकसित रेलवे ब्रिज पर ग्लास का फर्श लोगों को लुभाएगा तो दर्शकों के लिए प्रयागराज की ऐतिहासिकता एवं ऐतिहासिक धरोहर को प्रदर्शित होगी। यह परियोजना अर्थगंगा योजना का हिस्सा होगी, जो भारतीय संस्कृति और धार्मिक पर्यटन पर फोकस करेगी। इसके साथ ही गंगा किनारे के दोनों तरफ विभिन्न प्रकार कारोबार को बढ़ावा भी मिलेगा। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लॉर्ड कर्जन ब्रिज को सजाने-संवारने की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया है। कार्ययोजना के मुताबिक पर्यटन विभाग द्वारा कर्जन ब्रिज पर गंगा गैलरी स्थापित कराई जाएगी। पुल के दोनों किनारों पर रेलवे की जमीन है, जिसमें श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्किंग, टॉयलेट, टिकट काउंटर, कैफेटेरिया आदि बनाए जाएंगे। रेलवे पुल पर मां गंगा के उद्भव से लेकर गंगा सागर तक की यात्रा प्रदर्शित होगी। साथ ही प्रयागराज की पौराणिकता, धार्मिकता एवं सांस्कृतिक विरासत को लाइट एंड साउंड के माध्यम से देखने-समझने का मौका मिलेगा। ब्रिज सौंदर्यीकरण की योजना पूरी हुई तो प्रयागराजवासियों को सुबह की सैर शाम की मस्ती के लिए एक नया ठिकाना भी मिलेगा। यहां पुल के उपरी तल सड़क पर भारतीय व्यंजनों, शिल्प आदि की सचल वाहनों के माध्यम से बिक्री की योजना भी है। इससे पर्यटक 100 साल से अधिक पुराने इस पुल एवं मां गंगा के बारे में महत्व की जानकारी तो पाएंगे ही, स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने रेलवे ब्रिज पर ग्लास का फर्श एवं उसके दोनों ओर रेलिंग बनाने के निर्देश दिए हैं। सेतु एवं सड़क के मध्य स्थान को आकर्षक बनाया जाएगा। प्रयागराज आदिकाल से कुंभ के लिए विश्वविख्यात रहा है, सो पुल पर समुद्र मंथन की घटना को प्रमुखता से दर्शाया जाएगा। सिंचाई विभाग द्वारा गंगा के प्रवाह को चैनलाइज किया जाएगा तथा कर्जन ब्रिज से संगम तक फेरी की सुविधा भी होगी। कर्जन ब्रिज को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रयागराज प्रशासन एवं रेलवे आपस में समन्वय कर परियोजना को अमली जामा पहनाएंगे। इस दिशा में जल्द ही काम शुरू होने जा रहा है। बता दें कि प्रयागराज स्थित गंगा नदी पर फाफामऊ एवं प्रयागराज को जोड़ने वाले कर्जन ब्रिज को 1899 से 1905 तक भारत में वायसराय रहे लॉर्ड कर्जन के नाम पर वर्ष 1901 में स्वीकृति मिली तथा जनवरी, 1902 में इसका निर्माण शुरू हुआ।

### हरदोईः बम-बम भोले बोलते हुए मुस्लिमों ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

**हरदोई।** बम-बम भोले बोलते हुए मुस्लिमों ने जब कांवड़ियों के ऊपर फूल बरसाए तो अल्लामा इकबाल की नज़्म मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, हिंदी हैं हम, ह्वतन है हिंदोस्ता हमारा जेहन में गूंजने लगी। कौन बताए नफरत फैलाने वाले उन चंद लोगों को कि यही हमारे हिंदुस्तान की असली पहचान है। शहर में रविवार को बाबा तुरंत नाथ मंदिर से कांवड़ियों का जत्था गंगाजल लाने के लिए रवाना हुआ। इस दौरान एक बार फिर गंगा-जमुनी मोहब्बत देखने को मिली। भाजपा नेता आरिफ खान शानू और उनकी टीम में शामिल तमाम मुस्लिम कांवड़ियों के जत्थे के ऊपर फूल बरसा रहे थे। इतना ही नहीं मुस्लिमो की टीम उसी जत्थे में बाकायदा शामिल हुई और बम-बम भोले बोलते हुए असली हिंदुस्तान की तस्वीर पेश की। आरिफ खान शानू हर मौकों पर गंगा-जमुनी तहजीब की नींव को और मजबूत करने में आगे रहते हैं। रविवार को शहर में दिखाई दी इस तरह की तस्वीर इस बात की गवाही दे रही थी कि कुछ लोगों के जहर उगलने से आपसी मोहब्बत और भाईचारे पर कोई भी असर नहीं पड़ने वाला।

# पांडवकालीन भयानक नाथ मंदिर में पूरी होती हर मनोकामना

औरैया, प्रातः किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के गांव कुदरकोट में भगवान भयानक नाथ के मंदिर में स्थापित शिवलिंग की पौराणिक महत्ता है। मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ यहां आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। यहां पर हर वर्ष सावन माह में जिले के बाहर से हजारों लोग श्रद्धा के साथ आराधना करते आते रहे हैं। यहां पर सावन भर हजारों भक्तों की भारी भीड़ जुटती है।

औरैया जिला जहां क्रांतिकारियों की भूमि के नाम से इतिहास के पन्नों में दर्ज है वहीं पौराणिक धरोहरों के साथ बिधूना तहसील क्षेत्र का गांव कुदरकोट (पूर्व में कुंडिनपुर) का नाम भी इतिहास के पन्नों में दर्ज है। मान्यता है कि यहां भगवान कृष्ण की ससुराल है, यहीं से भगवान कृष्ण द्वारा रूकमिणी के हरण करने के प्रमाण मिलते है। जानकार बताते है कि कुदरकोट गांव कभी कुंडिनपुर बाद में कुंदनपुर के नाम से जाना जाता था और द्वापर कालीन राजा भीष्मक की राजधानी हुआ करती थी। रूकमणी के पिता महाराज भीष्मक द्वारा आज से लगभग पांच हजार साल पूर्व पुरहा नदी के तट के पास एक शिवलिंग की स्थापना कराई गयी थी। जो कालांतर में भगवान भयानक नाथ मंदिर के नाम से जाना जाता है।

मान्यता है कि अज्ञातवास के समय पांडव (युधिष्ठर, भीम, अर्जुन, नकुल व सहदेव) अपनी मां कुन्ती के साथ यहां पर कुछ समय के लिए रूके थे। जिस दौरान उनके द्वारा इस शिवलिंग पर पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद पांडव यहां से अज्ञात स्थान के लिए रवाना हो गये। मंदिर के पुजारी राम कुमार चौरसिया ने बताया कि यह पौराणिक के साथ-साथ सिद्ध शिवलिंग हैं। यहां पर सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से मनवांछित फल प्राप्त होता है। कहा कि सावन महीने में भक्तों को सच्चे मन से भगवान भोले शंकर को दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल, बिल्व पत्र, आक, धतूरा आदि चढ़ाकर आराधना करनी चाहिए, जिससे उनकी हर मनोकामना पूर्ण होगी।

पंडित देवेश कुमार के अनुसार सावन में भगवान शिव के अभिषेक का विशेष महत्व है। पार्थिव शिवलिंग के पूजन व जलाभिषेक से भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद मिलता है। बताया कि समुद्र मंथन में निकले विष का पान करने के बाद जलन को शांत करने लिए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया था। मंदिर के पुजारी राम कुमार चौरसिया ने बताया कि यह मंदिर जर्जर हो गया था। लगभग पांच दशक पहले उनके पिता सुभाष चन्द्र चौरसिया ने लोगों की मदद से इसका पुनरोद्धार कराया था।

# उप्र. भारत स्काउट व गाइड के अध्यक्ष ने प्रादेशिक आयुक्त के अनियमित निर्णयों पर अग्रिम आदेश तक लगाई रोक

लखनऊ , प्रातः किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के अध्यक्ष एवं पूर्व जल शक्ति मंत्री डा0 महेन्द्र सिंह, ने प्रादेशिक संस्था के 6 पदाधिकारियों के शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए प्रादेशिक आयुक्त डा0 प्रभात कुमार द्वारा बिना कार्यकारिणी की स्वीकृति लिए गए अनियमित निर्णयों पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है तथा शीघ्र कार्यकारिणी की बैठक बुलाने के आदेश दिए है। इसी के साथ अध्यक्ष डा0 महेन्द्र सिंह ने प्रादेशिक आयुक्त राजेश मिश्र के विरुद्ध स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इण्डिया में करोडो की हेराफेरी करने की शिकायत पर भी प्रादेशिक मुख्यायुक्त को जांच कर आख्या प्रेषित किए जाने के आदेश दिए है।

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र ने बताया कि राज्य सरकार में विभिन्न पदों पर रहे प्रादेशिक मुख्यायुक्त डा0 प्रभात कुमार वर्तमान में स्काउट/गाइड संस्था के भृष्ट अधिकारियों से घिरे हुए है जो अनियमित कार्यों के लिए प्रेरित करते है। डा0 प्रभात कुमार के विशेष



सहयोगी प्रादेशिक आयुक्त स्काउट राजेश मिश्र ने स्कूल गेम्स आफ इण्डिया के सचिव रहते हुए करोडों रुपए का फर्जीवाड़ा किया है, जिसमें इनके विरुद्ध पुलिस में एफ0आई0आर दर्ज हो चुकी है।

दूसरे सहयोगी प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त अरविन्द कुमार श्रीवास्तव हैं, जिनके विरुद्ध संस्था के प्रादेशिक कोषाध्यक्ष ने जांच में आपदा प्रबन्धन कोर्स में वित्तीय अनियमिता का दोषी पाया था किन्तु मुख्यायुक्त डा0 प्रभात कुमार द्वारा उस जाँच रिपोर्ट को ठन्डे बस्ते में डाल दिया गया है। प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0मिश्र ने बताया कि स्काउट/गाइड संस्था द्वारा अत्यधिक गरीब छात्रों सहित अन्य छात्रों से लिए जाने वाले शुल्क का मुख्यायुक्त द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। मुख्यायुक्त डा0 प्रभात कुमार द्वारा कार्यकारिणी की बिना स्वीकृति लिए निजी उपयोग हेतु लगभग 25 लाख की कार खरीदी गई और नोएडा से लखनऊ आने/जाने, आवास एवं ड्राइवर, डीजल आदि पर लगभग 40 हजार रुपए प्रतिमाह व्यय किया जा रहा है, जबकि इसके पूर्व कभी भी किसी मुख्यायुक्त ने निजी उपयोग के लिए स्काउट/गाइड संस्था की कोई धनराशि नहीं व्यय की है।

- स्काउट गाइड के शुल्क का मुख्यायुक्त द्वारा किया जा रहा दुरुपयोगः डॉ.मिश्र
- 2019 से रोक के बावजूद 5000 रुपए की आजीवन सदस्यता कराई जा रही जमा

डा0 मिश्र ने बताया कि स्काउट/गाइड के राष्ट्रीय नियमों में 24 नवम्बर, 2019 से प्रादेशिक स्तर पर आजीवन सदस्यता पर रोक लगा दी गई है किन्तु इसके बावजूद भय दिखा कर प्रादेशिक स्तर पर जबरिया 5000/- रुपए आजीवन सदस्यता जमा कराई जा रही है। आश्चर्य है कि प्रादेशिक आयुक्त डा0 प्रभात कुमार द्वारा कार्यकारिणी के स्थान पर भ्रष्ट सहयोगी अधिकारियों राजेश मिश्र एवं अरविन्द कुमार श्रीवास्तव की सलाह पर अनेक अनियमित निर्णय लिए जा रहे है। संस्था अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है। विद्यालय स्तर पर स्काउट/गाइड गतिविधियाँ लगभग समाप्त हो गई है। प्रादेशिक अध्यक्ष डा0 महेन्द्र सिंह को 14 सूत्रीय शिकायती पत्र सहायक प्रादेशिक आयुक्त संतोष कुमार दीक्षित, लीडर ट्रेनर प्रतिनिधि लक्ष्मी कान्त शुक्ल, सदस्य प्रादेशिक कार्यकारिणी श्री निवास शुक्ल, सहायक प्रादेशिक आयुक्त टी0पी0 सिंह, लीडर ट्रेनर निर्मला देवी एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0 पी0 मिश्र द्वारा प्रेषित किया गया है। प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 मिश्र ने बताया कि यदि प्रादेशिक अध्यक्ष के आदेशों का पालन मुख्यायुक्त डा0 प्रभात कुमार द्वारा नही किया जाता तो शीघ्र ही प्रदेश व्यापी संघर्ष शुरू किया जाएगा।

### मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ़्तार किया, एक घायल

**गोंडा (उत्तर प्रदेश)।** गोंडा जिले के इटियाथोक थाना पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) की संयुक्त टीम ने एक मुठभेड़ के बाद दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि इन गिरफ्तार लुटेरों के पास से लूटी गई दो बाइक, अवैध असलहा और कारतूस बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में घायल एक बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले धानेपुर थाना क्षेत्र में संतोष मौर्य के साथ हुई लूट की जांच के दौरान लुटेरों के संबंध में मिली सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। तोमर ने बताया कि शनिवार की रात पुलिस और एसओजी के संयुक्त दल ने परसिया बहोरी पुर गांव के पास से लूट की वारदात के आरोपियों अजय ओझा व विनय ओझा को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। दोनों धानेपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# वाराणसी में सीएनजी नावों के संचालन से प्रदूषण में कमी

वाराणसी, प्रातः किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा नदी में 500 सीएनजी नौकाओं से न केवल नदी के जल और वायु प्रदूषण में कमी आई है, बल्कि घाटों पर आगंतुकों को घुमाने वाले नाविकों की आय में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सात जुलाई को अन्य परियोजनाओं के साथ ही सीएनजी से चलने वाली 500 नाव भी राष्ट्र को समर्पित की थीं।

गेल के उप-महाप्रबंधक एनके द्विवेदी ने कहा कि गेल ने अपनी सामाजिक दायित्वों पहल के अंतर्गत वाराणसी नगर निगम के सहयोग से पेट्रोल और डीजल से संचालित होने वाली नावों का रूपांतरण कर उन्हें सीएनजी से संचालन के लिए सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि नावों के सीएनजी रूपांतरण से न केवल प्रदूषण कम हो रहा है, बल्कि ईंधन पर होने वाली बचत से नाविकों की आर्थिक स्थिति भी बेहतर हुई है। द्विवेदी ने कहा कि अब तक 522 नावों को सीएनजी में बदला गया है और पर्यावरण संरक्षण में मदद के लिए स्वच्छ ईंधन से अधिक नौकाएं चलाने के लिए रूपांतरण का काम तेज गति से चल रहा है। वाराणसी नगर निगम में कुल 657 नाव पंजीकृत हैं। द्विवेदी ने बताया कि अब स्थानीय नाविक प्रतिदिन फिलिंग स्टेशन से 600 से 700 किलोग्राम सीएनजी की खपत कर रहे हैं। वाराणसी के खिड़किया घाट पर दुनिया का पहला तैरता सीएनजी स्टेशन चालू हो गया है, जिसे पिछले साल दिसंबर से यहां हनमो घाट के नाम से भी जाना जाता है नई पहल के कारण जीवन में क्या बदलाव आया है, इस बारे में नाविक रोहित साहनी ने कहा, पहले मैं हाथ से चलने वाली नाव चलाता था जो कि अधिक मेहनत और कम आय वाली होती थी।

## संक्षिप्त खबरें

### 31 को जेपी नड्डा पीएम के मन। की बात कंगन घाट में सुनेंगे

पटना सिटी। 31 जुलाई रविवार को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सिटी में सुनेंगे। स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव इसकी तैयारी में संगठन के नेता व कार्यकताओं के साथ तैयारी में जुटे हैं। कंगन घाट स्थित पर्यटक भवन में सुनेंगे। इस लेकर सोमवार को सुबह 9.30 बजे पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव, विधान पार्षद दिलीप जायसवाल एवं पर्यटन विभाग के अधिकारी कार्यक्रम स्थल का मुआयना करेंगे।

### दुसरे सोमवार पर शिवालयों में जलाभिषेक व श्रृंगार आज

पटना सिटी। सावन माह की दूसरी सोमवारी को लेकर गायघाट स्थित गौरीशंकर मंदिर, महराजगंज के माल्य महादेव मंदिर, बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर तारणी प्रसाद लेन, सादिकपुर के बाबा पटनेश्वरनाथ मंदिर, झाऊगंज के पीतल के महादेव मंदिर, तिलकेश्वरनाथ मंदिर, खाजेकलां थानेश्वरनाथ शिव मंदिर, शिव मंदिर पातो की बाग, पश्चिम दरवाजा शिव मंदिर, अलखिया बाबा के मंदिर, हमाम स्थित श्री श्री विश्वनाथ हनुमान साई मंदिर, घघा घाट शिव मंदिर, सूर्य नारायण मंदिर बालू घाट, रानीघाट के भूतेश्वरनाथ के साथ अन्य शिव मंदिरों में दर्शन एयर पूजन की तैयारी की गयी है। इसके अलावा लगने वाले सावन मेला की भी तैयारी है। एसडीओ मुकेश रंजन ने बताया कि मेला के दौरान विधि-व्यवस्था कायम रखने को थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। खुशरूपुर प्रखंड के बैकठपुर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों का जत्था अशोक राजपथ के रास्ते, सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर में भी जलाभिषेक को निकले टोली से महात्मा गांधी सेतु से गुजर रहा था। मारवाड़ी सेवा समिति की ओर से संजीव देवड़ा की अध्यक्षता में सेवा शिविर चौक पर लगाया गया। इसमें सुभाष पोद्दार, अशोक बंका, राजेश देवड़ा, राजकुमार गोयनका आदि सेवा में लगे थे।

### पानी के अभाव मे दूर, धान की रोपनी

गडहनी। कृषि विभाग द्वारा गडहनी प्रखण्ड के आठ पंचायतो सहित नगर पंचायत मे 8270 हेक्टेयर मे धान की रोपनी कराई जाने का लक्ष्य प्राप्त है।वहीं 22 हेक्टेयर मे मक्का की खेती की जानी है।प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि 23 जुलाई तक मात्र 589 हेक्टेयर मे धान की रोपनी हो पाने की सूचना प्राप्त है जबकि 22 मे से 18 हेक्टेयर मक्का की खेती अभी तक होने की सूचना प्राप्त है।

# जत्थेदार व पदाधिकारी पर असली सोना गायब करने या दानदाता पर धोखाधड़ी का आरोप

## डॉ सामरा का चढ़ाया श्रीसाहिब व पंगुड़ा साहिब में सोना ना के बराबर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



जालंधर के करतारपुर के रहने वाले डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा तख्तश्री पटना साहिब में सोने का बड़ी कलगी, श्री साहिब और पंगुड़ा साहिब सहित अन्य सामान करोड़ों का भेंट किया था। यह भेंटा तब से लेकर अब तक विवादों में घिरा हुआ है। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित के द्वारा बनाए गए तीन सदस्यीय जांच समिति ने तीन सामान की जांच की, जिसमें एक में एक हद तक सही सोना पाया गया, जबकि दो में बताए गए कीमत और सोना न के बराबर पाया गया है।

इसे लेकर रविवार प्रेस कॉन्फ्रेंस में तख्तश्री कमेटी के पूर्व महासचिव व सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, राजा सिंह एवं हरपाल सिंह जौहल ने प्रधान से असली सोना गायब करके नकली सोना रखने के एवज में एफआईआर दर्ज कराने और उक्त दोषी पर सख्त कानूनी, प्रबंधकीय एवं धार्मिक कार्यवाही करने की मांग की है। श्री ढिल्लन ने कहा कि 18 जुलाई की रविंद्रपाल सिंह, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, महासचिव इंद्रजीत सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह एवं कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह के साथ सभी चौक स्थित जगमोहन लाल शिवरतन लाल की दुकान पा जांच कराने को ले गए।

बड़ी कलगी का वजन 2 किलो 144 ग्राम स्टोन के साथ है। मोती साधारण है, नग अमेरिकन और सोना 22 कैरेट का है। इसकी कीमत एक करोड़ 30 लाख बताई गई थी। श्री साहिब (कृपाण) में तांबे की प्लेट चढ़ा कर सोने का वर्क लगा है। सोनार के मुताबिक 60-70 ग्राम सोना चढ़ा होना चाहिए। इसमें डेढ़ किलो सोना बताया गया था। पंगुड़ा साहिब के चारों पौवा लकड़ी का बना है। उसके ऊपर तांबे की प्लेट चढ़ी है। प्लेट पर सोने का वर्क लगा है। सोनार के अनुसार अंदाजन करीब 60-70 ग्राम सोना चढ़ा होगा। पंगुड़ा साहिब के चारों ओर से लकड़ी के ऊपर चांदी की चादर चढ़ी है। अंदाजतन तीन से साढ़े तीन किलो चांदी होगी। तख्तश्री कमेटी के सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, राजा सिंह और हरपाल सिंह जौहल ने कहा कि इसके पहले एक करोड़ 30 लाख की कलगी दिए जाने का भी जिक्र किया गया था। इसकी पुष्टि तख्त साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह द्वारा डॉ सामरा का धन्यवाद करते हुए जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह द्वारा डॉ सामरा, उनके परिवार और साथ आए साथियों को भी सरोपा भेंट किया गया था। जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह लगातार यह दावा कर रहे हैं कि उनके द्वारा समय-समय पर स्वयं जाकर बनते सामान का मुआयना कर उसे अपनी देखरेख में तैयार करवाया गया है। उन सबों को इस पर संदेह हुआ और तब शिकायत की और प्रधान ने इस पर कार्रवाई करते हुए जांच कमेटी बनाकर जांच करने को कहा। जांच समिति में श्री ढिल्लन के अलावा रविंद्रपाल सिंह और मेजर चावला थे। जांच के दौरान पाया गया कि जिस पंगुड़ा साहिब पर 5 किलो सोना लगा होने की बात डॉ सामरा और बाद में महासचिव इंद्रजीत सिंह द्वारा स्टेज से कही गई। उसमें सोनार के मुताबिक मात्र 60 से 70 ग्राम सोना लगा है। उसी प्रकार कृपाण में भी सोना नाम मात्र है। जांच के बाद अनेक सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या डॉ सामरा ने किसी साजिश के तहत नकली सोने का सामान भेंट किया या फिर जत्थेदार साहिब एवं अन्य किसी पदाधिकारी द्वारा असली सोना गायब कर नकली सामान तैयार कराया गया या फिर डॉ सामरा और जत्थेदार एवं अन्य किसी ने मिलकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया है।

इसका जवाब या तो जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह या डॉ सामरा ही बेहतर ढंग से दे सकते हैं। इन सबने मांग की है कि जिस पलंग को भी सोने का बताते हुए 15 से 20 करोड़ की लागत का बताया गया है, उसकी भी जांच होनी चाहिए। डॉ सामरा के द्वारा दिए गए सामान में अब तक जिसकी जांच हो गई है और जिसका विवरण दिया गया है। इस संबंध में असली सोना गायब कर नकली सोना रखने के एवज में एफआईआर दर्ज कराई जानी चाहिए। उक्त दोषी पर सख्त कानूनी, प्रबंधकीय एवं धार्मिक कार्रवाई होनी चाहिए। संवाददाता सम्मेलन के दौरान अमरजीत सिंह शम्मी एवं त्रिलोक सिंह निषाद भी मौजूद थे।

**क्या कहते हैं महासचिवः** इस इस संबंध में जब कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि दानदाता के द्वारा जो बताया गया, उसी को उन्होंने स्टेज से घोषणा करने का काम किया था। अब जांच के दौरान उसमें गलत पाया गया है, तो निश्चित तौर पर अध्यक्ष अवतार सिंह हित के द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कमेटी के प्रधान जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह और अन्य पदाधिकारी मिलकर विमर्श कर कोई निर्णय लेंगे। फिलहाल अभी बहुत कुछ कहना संभव नहीं है। वैसे भी दरबार साहिब में कोई भी सोना, चांदी या अन्य कीमती सामान भेंट करता है, तब उसकी जांच स्वर्णकार से कराने के बाद ही उसे इसकी पावती रसीद दी जाती है। अब तक डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा के द्वारा दी गई भेंटा की कोई रसीद उन्हें प्रदान नहीं की गई है।

# सद्गुरु कबीर ने पढ़ाया सत्य, अहिंसा और एकता का पाठ : महंत ब्रजेश मुनि

## आचार्य गद्दी कबीर पीठ फतुहा में साप्ताहिक सत्संग

फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता

शहर में दरियापुर स्थित कबीर मठ फतुहा में रविवारीय साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कबीर मठ के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने सद्गुरु कबीर साहेब का उपदेश बताते हुए कहा कि जीव मति मारो बापुरा, सबका एकै प्राण। हत्या कबहूँ न छूटिहैं, जो कोटिन सुनो पुराण। सम्पूर्ण समाज को सत्य, अहिंसा, एकता और अध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाया।

उन्होंने कहा यदि तू उद्धार चाहता है तो जीवों दया कर आत्मा पूजा को आत्मा में धारण करने का मार्ग बताया। सद्गुरु भक्ति के समान कोई दूसरी भक्ति नहीं है। इसी कड़ी में न्यास समिति के सदस्य संत विवेक मुनि ने कहा परमात्मा को बनाये हुए चीजों को बिगाड़ने से कठोर दण्ड मिलता है। सभी शास्त्रों में जीव हत्या पाप कहा गया है। सद्गुरु साहेब कबीर की वाणी जीव हिंसा नहीं करने का संकल्प दिलाता है। इस अवसर पर काशी के संत अशोक दास न्यास समिति के सदस्य शारदा देवी, संत महेश जी, दर्शन बाबा, कौशल मुनि, ने भी साधु संगति की। सत्य नाम साहेब, खोबी लाल साहेब, भक्ति मति राधा ने कबीर साहेब के भजन गाकर भक्ति भाव का अलख जगाया।



### महारुद्राभिषेक के आयोजन पर हर हर महादेव की गूंज

**फतुहा।** रविवार को नगर में मस्ताना घाट स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गयो जिसमे हर तरफ हर-हर बम-बम की गूंज रही मस्तक पर चन्दन और मुंह में जय शिव का जाप कर रहे श्रद्धालुओं नें शिव को प्रसाद अर्पण किया। रविवार सुबह से ही महादेव का अद्भुत श्रंगार किया और बाबा का महा रूद्र अभिषेक का आयोजन कियो महा रुद्राभिषेक आयोजन में बनारस से पधारे विद्वान पंडित मनीष जी महाराज और अरविन्द शास्त्री ने पूरे विधि-विधान से पूजन और मंत्रों से मंत्रोच्चारण कर रुद्राभिषेक संपन्न कराया। भक्तों ने गंगा मैया और भोले बाबा के जमकर जयकारे लगाए। यहां रुद्राभिषेक में गोपाल कुमार शर्मा, अजीत कपूर, मनीष कुमार, राहुल शर्मा, छोटू कुमार सहित यजमान ने यहां रुद्राभिषेक पूजा को सफल बनाया।

# कथावाचक मनजिंदर सिंह को दी गई वैराग्यमयी श्रद्धांजलि

## गुरुद्वारा बाललीला के दरबार साहिब में हुआ कीर्तन व कथा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में कथावाचक रहे बाबा मनजिंदर सिंह के आकस्मिक निधन के बाद दरबार साहिब में आयोजित समारोह में उन्हें वैराग्यमयी श्रद्धांजलि दी गई। गुरुद्वारा बाललीला में श्री अखंड पाठ रखा गया था। उनकी आत्मा की शांति और गुरु चरण में वास को लेकर शुक्रवार को बाबा चमकौर सिंह एवं बाबा मिंटा सिंह की देखरेख में शुरू श्री अखंड पाठ का समापन हुआ। इसके बाद गुरुद्वारा बाललीला के रागी जत्था भाई ओंकार सिंह और तख्तश्री पटना साहिब के रागी जत्था भाई जगत सिंह ने कीर्तन पेश किया। कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह, ज्ञानी गगनदीप सिंह एवं ज्ञानी सुखदेव सिंह ने उनके जीवन और दुनिया में आना और जाने के बारे में विस्तार से कहा। अंत में तख्तश्री पटना साहिब के वरीय मीत ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने अरदास किया। इस दौरान तख्तश्री पटना साहिब के पंच प्यारों में शामिल गुरदयाल सिंह के अलावा गुरुद्वारा बाललीला के बाबा गुरुबिंदर सिंह एवं राजन सिंह ने आगतों का स्वागत करते हुए लोगों को सिरोपा प्रदान किया। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर भी चला। मौके पर तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य राजा सिंह, गुरुबिंदर सिंह, जसपाल सिंह, मनोहर सिंह बग्गा, अवतार सिंह, इंद्रजीत सिंह बग्गा, परमजीत सिंह पम्मा, सतनाम लांबा, अजय सिंह चप्पू आदि मौजूद थे।

# दियारा की समस्याओं को लेकर बीजेपी नेता यादव ने कराया अवगत



दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर नगर के भाजपा नेता सनोज यादव पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी से मिलकर दियारा की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने दानापुर दियारा के तीन पंचायत को पटना में शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दानापुर दियारा के कासिमचक, पानापुर और मानस पंचायत को छपरा से जोड़ दिया गया है। इस कारण यहां के लोगों को छपरा जाने में काफी परेशानी होती है। विकास का काम भी ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। भाई सनोज यादव ने पक्की पुल के निर्माण के लिए भी आग्रह किए कहा कि हजारों की संख्या में शहर जाने के लिए आवागमन प्रत्येक दिन दियारा के लोग करते हैं जिनको आने जाने में कठिनाई होती है बारिश ज्यादा होने के लोगों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है इसको लेकर पूर्व उप मुख्यमंत्री से आग्रह किए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने इस दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया।

# हत्याकांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर किया रोड जाम, हंगामा

## पुलिस से भी हुई तीखी झड़प, गुस्से का किया इजहार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



खाजेकलां थाना क्षेत्र के सदर गली स्थित बांके राय कूंचा मुहल्ला के रहने वाले देवी चौधरी का बेटा राहुल की हत्या में शामिल आरोपित अमित कुमार पांडेय उर्फ गोलू तथा लल्लू कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों व मुहल्ला के लोगों ने रविवार की दोपहर सदर गली काली मंदिर के पास रोड जाम किया। इस दौरान आगजनी करते हुए बांस-बल्ला से घेर कर सड़क जाम कर दिया गया। सड़क जाम किये लोगों का कहना था कि हत्या को पांच दिन बीतने के बाद भी पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। थाना पर जब महिलाएं शिकायत करने जाती हैं, तब डांट कर पुलिस भगा देती है। सड़क जाम व हंगामा की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस से भी लोगों की तीखी झड़प हुई। मशक्कत के बाद पुलिस ने सड़क जाम हटवाने में सफल रही। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। आरोपी घर छोड़ कर फरार है। पुलिस जल्द ही हत्याकांड की गुत्थी सुलझा लेगी। विदित हो कि गोली से जख्मी राहुल को परिजनों ने पहले एनएमसीएच और बाद में निजी उपचार केंद्र में भर्ती कराया था। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।

# योजना का लाभ पा खुश दिखे लाभार्थी



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

नगर निगम के वार्ड नंबर 70 के वार्ड कार्यालय (जन सुविधा केंद्र) में प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के लाभार्थियों के बीच गैस व चूल्हा का वितरण किया गया।

करीब सौ महिलाओं को तत्कालीन वार्ड पार्षद विनोद कुमार ने गैस सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर और पाइप का वितरण किया। इस कार्यक्रम में गंगा सागर शास्त्री संतोष पांडेय, पवन कुमार ज्ञानी, सुनील कुमार, रेखा देवी, अनिता पांडेय आदि शामिल थे। अंत में तत्कालीन पार्षद विनोद कुमार ने कहा कि वे सरकार की सभी योजनाओं को जमीन पर उतारने में कोई कसर न छोड़े हैं और न छोड़ेंगे।

सभी सरकारी योजना जैसे प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना, वृद्धा, लक्ष्मीबाई, दिव्यांग पेंशन योजना, सड़क, नाला, पानी, स्ट्रीट लाइटनी जैसी योजनाओं पर खासा काम किया और बची योजनाओं पर कार्य को संपन्न कराने के लिए प्रयासरत हैं।

# भागीदारी पार्टी पी ने किया बैठक

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता




दानापुर फुलवारीशरीफः नगर के रविवार को फुलवारीशरीफ के राष्ट्रीयगाज में भागीदारी पार्टी पी ने बैठक किया। इस बैठक में जिला से आए अध्यक्ष और कार्यकताओं ने अपनी बात रखें। भागीदारी पार्टी पी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व सह राज्य मंत्री महेश चंद्र प्रजापति ने कहा प्रदेश स्तरीय कार्यकताओं की बैठक थी 24 जिले के जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी जिला कार्यकारिणी विधानसभा कार्यकारिणी और बूथ स्तर कार्यकारिणी को लेकर कैसे लोगो को जोड़ना है कैसे लोगो को खड़ा करना है इस तमाम बिंदु पर चर्चा किया गया। जिस तरह से महाराज उत्तर प्रदेश गुजरात में इस सभी जगह जमीनी स्तर पर भागीदारी पार्टी अपना काम कर रही है। इस तरह से बिहार ने भी अपने संगठन को धरातल पर बूथ का स्तर पर इतना मजबूत करने जा रहे हैं। यहां पर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर परचम लहराने का काम कर रहे हैं। भागीदारी पार्टी बिहार में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी।यह देखना चाहते है कि भागीदारी पार्टी सभी की पार्टी है। भागीदारी पार्टी का बिगुल आज बाज चुका है।यह पार्टी दलित अति पिछड़ा सभी की आवाज उठा ने की पार्टी है। लोगों ने भागीदारी पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया वही इस बैठक में पटना जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति, प्रदेश महासचिव मृत्युंजय पंडित, पाटलिपुत्र लोकसभा प्रभारी गोधन पंडित, भीम पंडित,मोहन पंडित, देवीलाल पंडित, मुकेश पंडित,अशोक पंडित, राम विनोद पंडित जवाहर पंडित दीनानाथ पंडित ,कुमारी सरोज सिन्हा ,नरेश पंडित ,जवाहर पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

### 4 नामजद और एक अज्ञात के ऊपर दर्ज कराई प्राथमिकी

**विभूतिपुर।** विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महथी उत्तर पंचायत वार्ड नंबर 13 निवासी बबलू सहनी की पत्नी बिंदा देवी ने अपने पति का हत्या का आरोप लगाते हुए एक ही परिवार के चार लोग बोरिया वार्ड 10 निवासी रामभरोस पासवान एवं उनके पत्नी तथा उनके 2 पुत्र सहित अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें पीड़ित महिला ने बताई की मेरे पति 24 जुलाई 2022 को संध्या 8 बजे नरहन बाजार से सब्जी खरीद कर आए। उनके साथ बोरिया डीह के रामभरोस पासवान भी थे। उन्होंने बोल कर गए की हम लोग आधे घंटे में आते हैं। 1 घंटे तक घर नहीं आने पर मेरी पुत्री ने उनके मोबाइल पर फोन किया तो उन्होंने बताया कि कुछ देर में आ रहे हैं परंतु सुबह तक नहीं आए। सुबह सूचना मिली की बांध पर खून का धब्बा, मोबाइल एवं साइकिल है। मैं बांध पर गई। तब तक पुलिस मोबाइल, साइकिल एवं गमछा बरामद कर थाने ले आई।

# पटना साहिब में आप का चला सदस्यता अभियान



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

यहां के चौकशिकारपुर नाला पर विधानभा प्रभारी अभिषेक यादव के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान जन संवाद के माध्यम से चलाया गया। मौके पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और जोनल प्रभारी मनोज कुमार मुख्य अतिथि थे। इसे संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि देश में आम आदमी पार्टी की लहर चल रही है। बिहार में भी लोग दिल्ली और पंजाब जैसी मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा देने वाली सरकार चाहते हैं। ईमानदार राजनीति से प्रभावित होकर बदलाव के लिए बिहार के हर जिले प्रतिदिन आम आदमी पार्टी की लोग सदस्यता ले रहे हैं। पटना साहिब विधान सभा क्षेत्र के हर चौक-चौराहे पर पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत चौकशिकारपुर में दर्जनों लोगों ने पार्टी की निःशुल्क सदस्यता ग्रहण की। जन संवाद को संबोधित करने वाले नेताओं में साधु शरण चौधरी, धर्मेंद्र सिन्हा, प्रकाश सिन्हा और ममता कुमारी प्रमुख थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### कीमती धातुओं में तेजी

मुंबई। विदेशी बाजार की तेजी से समर्थन पाकर बीते सप्ताह घरेलू सराफा बाजार में सप्ताहांत पर सोना 667 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी में 40 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली बढ़त रही। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में तेजी का रुख रहा। सोना हाजिर 31.79 डॉलर प्रति औंस चढ़कर सप्ताहांत पर 1734.21 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 25.3 डॉलर प्रति औंस की तेजी लेकर 1735 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.33 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 18.89 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह विदेशी बाजार की तेजी का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स पर भी देखा गया। सप्ताहांत पर सोना 667 रुपये की भारी बढ़त लेकर 50729 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान सोना मिनी 149 रुपये चढ़कर 50340 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में वैश्विक तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से चांदी 40 रुपये की मामूली बढ़त लेकर 55532 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। साथ ही चांदी मिनी 119 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 56167 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### विदेशी मुद्रा भंडार 7.54 अरब घटकर 572.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में कमी आने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 7.54 अरब डॉलर कम होकर 872.7 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 8.06 अरब डॉलर घटकर 580.3 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.53 अरब डॉलर कम होकर 511.6 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 83 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 38.4 अरब डॉलर पर रहा। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 15.5 करोड़ डॉलर गिरकर 17.9 अरब डॉलर पर रहा। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी हुई है और यह 2.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.9 अरब डॉलर रह गया।

### सैमसंग फोल्डेबल्स की 1,103 और वाच5 सीरीज की 264 डॉलर से शुरूआत संभव

लंदन। दक्षिण कोरियाई टेक दिग्गज सैमसंग के आगामी फोल्डेबल स्मार्टफोन, जो 10 अगस्त को रिलीज होने के लिए तैयार हैं, यूरोपीय बाजार में 1,080 यूरो से शुरू हो सकते हैं। सैमसंग गैलेक्सी फ्लिप4 तीन इंटरनल स्टोरेज वेरिएंट्स-128जीबी, 256जीबी और 512जीबी - क्रमशः 1,080.90 यूरो, 1,158.89 यूरो और 1,275.89 यूरो में आ सकता है। इस बीच, सैमसंग की अगली पीढ़ी की स्मार्टवॉच गैलेक्सी वॉच 540 मिमी 259 यूरो में जाएगी, जबकि 44 मिमी मॉडल 286 यूरो में आ सकता है। वॉच 5 प्रो का मूल्य टैग 45 मिमी बीटी-केवल विकल्प के लिए 430 यूरो होगा, जो कि पिछले साल की तुलना में मामूली कीमत है।

# रिलायंस को अक्टूबर में गैस कीमतों में और बढ़ोतरी की उम्मीद, मूल्य सीमा हटाने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी




रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को देश में प्राकृतिक गैस की कीमतें अक्टूबर में फिर बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, इसके साथ ही कंपनी कीमतों पर लगाई गई अधिकतम सीमा (सीलिंग) को हटाने के पक्ष में भी है। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (खोज एवं उत्पादन) संजय रॉय ने तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद एक निवेशक चर्चा में कहा कि केजी-डी6 बेसिन से उत्पादित गैस की मूल्य सीमा 9.92 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) के मौजूद स्तर से अधिक हो जाएगी। सरकार हर छह महीने में अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर गैस का दाम तय करती है। कई तिमाहियों तक घाटे में रहने के बाद रिलायंस का गैस खोज कारोबार ऊर्जा की कीमतों में वैश्विक स्तर पर आए उछाल से लाभ में आना शुरू हुआ है। एक अप्रैल से पुराने या विनियमित क्षेत्रों से गैस की कीमत दोगुनी से भी अधिक 6.1 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू या प्रति इकाई हो गई है। वहीं गहरे समुद्र में स्थित गैस क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिए कीमत 9.92 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रखी गई है। इस तरह अक्टूबर के महीने में नई दरों को जारी किया जाना है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सरकारी तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी के पुराने क्षेत्रों से निकली गैस की कीमत लगभग नौ डॉलर प्रति एमएमबीटीयू तक बढ़ जाएगी और मुश्किल क्षेत्रों वाली गैस के लिए मूल्य सीमा दहाई अंक तक पहुंच जाएगी। रिलायंस ने अप्रैल-जून तिमाही में पूर्वी तट पर स्थित केजी-डी6 ब्लॉक में अपने नए क्षेत्रों से प्रतिदिन लगभग 1.9 करोड़ घन मीटर गैस का उत्पादन किया। यह ब्लॉक गहरे समुद्र में स्थित है। लिहाजा यहां से निकलने वाली गैस मुश्किल इलाकों वाली कीमतों पर बिकती है।

रिलायंस के वरिष्ठ अधिकारी रॉय ने कहा, केजी-डी6 के लिए मूल्य सीमा को अप्रैल-सितंबर, 2022 के लिए 9.92 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू किया गया है और अक्टूबर 2022-मार्च 2023 के लिए इसमें और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। हालांकि, रॉय ने कहा कि घरेलू कीमतों का वैश्विक कीमतों से तारतम्य नहीं है। उन्होंने कहा, घरेलू कीमतें असंबद्ध ही रहती हैं, चाहे वैश्विक कीमतें चढ़ी हों या गिरी हुई हों। हम गैस कीमतों की सीलिंग को हटाने की मांग जारी रखेंगे। हमें आने वाली तिमाहियों में ऊंची गैस कीमतों की उम्मीद है। रिलायंस को मध्य प्रदेश के ब्लॉकों से कोयला सीम (सीबीएम) से पैदा होने वाली 0.7 एमएमएससीएमडी गैस के लिए 22.48 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की कीमत मिली। वैसे सीबीएम गैस की कीमत पर कोई सीमा नहीं रहती है।

### एनआईआरएफ रैंकिंग में एक स्थान चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंचा आईआईएफटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा की प्रबंधन श्रेणी में वाणिज्य मंत्रालय के भारतीय विदेशी व्यापार संस्थान को एक पायदान का फायदा हुआ है और यह 24वें स्थान पर पहुंच गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल ही में एनआईआरएफ के तहत रैंकिंग जारी की थी। पिछले वर्ष की रैंकिंग में आईआईएफटी 25वें स्थान पर था। इससे पहले, 2020 में यह 26वें स्थान पर, 2019 में 31वें स्थान पर, 2018 में 23वें स्थान पर, 2017 में 30वें स्थान पर और 2016 में 81वें स्थान पर था। संस्थानों में प्रतिस्पर्धा उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए देश में उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए रैंकिंग एनआईआरएफ की शुरूआत 2015 में की गई थी। आईआईएफटी में कॉरपोरेट संपर्क प्रभाग के प्रमुख रोहित मेहतानी ने कहा कि संस्थान ने उन सभी कारकों पर ध्यान दिया जो एनआईआरएफ की ह्यप्रबंधनह्न श्रेणी में संपूर्ण रैंकिंग को प्रभावित करते हैं। इन सभी काराकों पर काम किया जा रहा है ताकि आने वाले वर्षों में बेहतर अंक पाए जा सकें।

## अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स को बिक्री, आमदनी में सुधार की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की की विनिमार्ता अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स का मानना है कि उपभोक्ताओं का भरोसा अब बढ़ा है जिसके बूते उसकी बिक्री और आमदनी बेहतर होने का अनुमान है। कंपनी के डिप्टी चेयरमैन शेखर राममूर्ति ने रविवार को कहा कि कोविड-19 के कारण लगे लॉकडाउन और कुछ नीतिगत बदलावों की वजह से अल्कोहलयुक्त पेय पदार्थों की बिक्री बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई।

हालांकि, अब भारत में अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों की खपत बढ़ रही है। 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त नौ माह की अवधि में कंपनी ने भारत में निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) के 2.066 करोड़ केस की बिक्री की है।

राममूर्ति ने कहा, लोग बार में जा रहे हैं और शराब का सेवन कर रहे हैं, इस तरह हमें बिक्री और राजस्व में ठीक-ठाक वृद्धि का अनुमान है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था का पुनरुद्धार हो रहा है और उपभोक्ता भरोसा भी कायम हो रहा है। ऐसे में कंपनी अपने ब्रांड के प्रचार में निवेश कर रही है जिससे व्यापार को और मदद मिलेगी। अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स भारत और विदेशों में अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों के विनिर्माण, विपणन और बिक्री का काम करती है। कंपनी के कुछ प्रमुख ब्रांड हैं ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की, स्टर्लिंग रिजर्व व्हिस्की, जॉली रॉजर रम और क्लास 21 वोदका। कंपनी ने 2018-19 में आईएमएफएल के 3.732 करोड़ केस की बिक्री की थी जो 2019-20 में घटकर 3.323 करोड़ और 2020-21 में और घटकर 2.552 करोड़ केस रह गई। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिये 2,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पिछले ही महीने सेबी के पास दस्तावेज जमा करवाए थे। वित्त वर्ष 2018-19 में कंपनी का परिचालन से राजस्व 8,934.6 करोड़ रुपये था जो वित्त वर्ष 2019-20 में गिरकर 8,119 करोड़ रुपये और 2020-21 में और घटकर 6,379 करोड़ रुपये रह गया।

## सरकार के सुधारों ने विश्वास आधारित कर प्रणाली सुनिश्चित की : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामले मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि सरकार के हाल के सुधारों ने देश में विश्वास आधारित कर प्रणाली सुनिश्चित की है। श्रीमती सीतारमण ने रविवार को 163वें आयकर दिवस के अवसर पर आयकर विभाग को अपने संदेश में कहा कि हाल के वर्षों में सरकार द्वारा शुरू किए गए सुधारों ने विश्वास-आधारित कर प्रणाली सुनिश्चित की है।

बेहतर कर संग्रह की प्रवृत्ति और दायर आयकर रिटर्न की संख्या में वृद्धि से स्पष्ट है कि करदाताओं ने भी इस विश्वास-आधारित दृष्टिकोण की पुष्टि की है। उन्होंने पिछले वित्त वर्ष में 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह हासिल करने के लिए विभाग की सराहना की और उम्मीद जताई कि विभाग चालू वित्त वर्ष में भी इस गति को बनाए रखेगा। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अपने संदेश में कहा कि कर विभाग की जिम्मेदारी केवल कुशल और प्रभावी कर प्रशासन तक ही सीमित नहीं है बल्कि ईमानदार करदाताओं को सम्मानित करने और बेहतर करदाता सुविधा प्रदान करने की भी है। उन्होंने आज के समय में लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप खुद को अनुकूलित करने और अपने कामकाज में पारदर्शी, गैर-दखल देने वाला और करदाता अनुकूल बनने के लिए विभाग की सराहना की।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराद ने अपने संदेश में कहा कि आयकर विभाग ने राष्ट्र के विकास और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कई दूरगामी सुधारों को लागू करने के लिए विभाग की सराहना की। राजस्व सचिव तरुण बजाज ने सकारात्मक बदलाव को अपनाकर करदाताओं को समयबद्ध सेवाएं देने के लिए खुद को एक सक्षम संगठन साबित करने के लिए विभाग की सराहना की।

## सीबीडीटी के प्रमुख नितिन गुप्ता ने कहा, करदाताओं की शिकायतों का तेजी से समाधान शीर्ष प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी




केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नवनियुक्त चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा है कि कर विभाग की शीर्ष प्राथमिकता करदाताओं की शिकायतों का तेजी से समाधान है। गुप्ता ने रविवार को आयकर दिवस पर अपने संदेश में कहा कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में कर विभाग ने 14.09 लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह किया है। यह कर संग्रह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि नीतियों और प्रक्रियाओं को सुसंगत करने से करदाताओं से अनुपालन का बोझ कम हुआ है, जिससे हम कर संग्रह का यह आंकड़ा हासिल कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी इस उपलब्धि पर शांत होकर नहीं बैठ सकते, हमें इस रफ्तार को कायम रखने के लिए लगातार मेहनत करनी होगी। करदाताओं की शिकायतों का तेजी से समाधान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सीबीडीटी करदाताओं तथा अन्य अंशधारकों के साथ लगातार संपर्क में रहेगा और उनसे मिले विचारों के अनुरूप प्रक्रियाओं में सुधार जारी रखेगा।

गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ साल के दौरान अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। डिजिटल का इस्तेमाल बढ़ा है, कारोबार की नई श्रेणियां बनी हैं और नए संपत्ति वर्ग का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा, आज करदाता अनुपालन के बोझ में कमी और अपने मुद्दों का तेजी से समाधान चाहते हैं। इन्हीं बदलावों के मद्देनजर विभाग ने अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं को नए सिरे से तैयार किया है। इसके पीछे एकमात्र मकसद करदाताओं की सुविधाओं को बढ़ाना और अपने कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाना है। उन्होंने कहा कि सीडीबीटी इन चीजों को सुगम करने वाला और सेवाप्रदाता है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग कोई अखंड इकाई नहीं है। तकनीकी विशेषज्ञता के कई क्षेत्र हैं जिनका प्रशासन प्रतिबद्ध कैडर के अधिकारियों के पास है।

उन्होंने कहा कि कर आकलन, शिकायत निपटान और करदाताओं को सेवाएं प्रदान करने वाले अग्रिम मोर्चे के कर्मचारियों के पीछे ऐसे प्रतिबद्ध कर्मचारी हैं जो नीतियां बनाने, अंशधारकों की जरूरतों के अनुरूप नया कौशल हासिल करने के साथ तकनीकी ढांचे का रखरखाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने पिछले कुछ साल के दौरान इन बदलावों के अनुरूप खुद को ढाला है, इस सफलता के पीछे यही कर्मचारी हैं। गुप्ता ने पिछले महीने के आखिर में सीबीडीटी के प्रमुख का पद संभाला था।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का कारोबार में दोगुना का लक्ष्य

मुंबई, एजेंसी




निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने कहा है कि वह चालू वित्त वर्ष में अपने नए कारोबार का मूल्य 2,560 करोड़ रुपये यानी दोगुना करने के अपने लक्ष्य को पूरा की दिशा में बढ़ रही है। कंपनी ने 2018-19 में यह लक्ष्य तय किया था जब नए कारोबार का मूल्य (वीएनबी) 1,328 करोड़ रुपये था। लक्ष्य प्राप्ति को लेकर प्रबंधन का भरोसा इस बात से मजूबत होता है कि पहली तिमाही में वीएनबी वृद्धि अनुमान से कहीं अधिक 471 करोड़ रुपये रही है। यह एक साल पहले के 358 करोड़ रुपये की तुलना में 31.7 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के प्रबंधन के अनुसार, पहली तिमाही में अच्छी वृद्धि के चलते अब कंपनी को अपना लक्ष्य पाने के लिए सिर्फ 22.5 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करनी है। बीमा कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन एस कन्नन ने कहा, हम वीएनबी को 2018-19 के 1,328 करोड़ रुपये से दोगुना करके चालू वित्त वर्ष में 2,650 करोड़ रुपये करने की आकांक्षा को पूरा करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहली तिमाही शानदार रही है क्योंकि इस दौरान कोविड के दावे घटकर महज 16 करोड़ रुपये के रह गए जो एक साल पहले 500 करोड़ रुपये के थे।

## दो दशक बाद एनएसई में वापसी को तैयार आशीष कुमार चौहान को जूझना होगा कई चुनौतियों से

नई दिल्ली, एजेंसी

लगभग दो दशक बाद आशीष कुमार चौहान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में लौटने के लिए तैयार हैं। अभी वह बीएसई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि चौहान के लिए एनएसई में काफी चुनौतियां रहेंगी। वह ऐसे समय एनएसई से जुड़ने जा रहे हैं जबकि यह एक्सचेंज कामकाज के संचालन में खामी, को-लोकेशन घोटाले, तकनीकी गडबड़ियों से लेकर फोन-टैपिंग जांच का सामना कर रहा है। चौहान एनएसई की संस्थापक टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने 2000 में इस एक्सचेंज को छोड़ दिया था। वह रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह में कई पदों पर रहने के बाद 2009 में एक बार फिर शेयर बाजार में बीएसई के उप-सीईओ बन कर लौटे थे। 2012 से वह बीएसई के सीईओ हैं। उनके समक्ष एक और बड़ी चुनौती एनएसई का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की होगी, जो काफी समय से लटका है। को-लोकेशन घोटाले के बाद एनएसई का सार्वजनिक निर्गम पटरी से उतर गया था। चौहान के नाम को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्डै (सेबी) की हरी झंडी मिल गई है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह एक्सचेंज से कब जुड़ेंगे। बीएसई में उनका मौजूदा कार्यकाल नवंबर तक है। वह वहां से इस्तीफा देकर भी एनएसई से जुड़ सकते हैं। कई विशेषज्ञों का कहना है कि चौहान के समक्ष तात्कालिक चुनौती कई तरह के कामकाज के संचालन में खामी और पुराने मुद्दों से निपटने की होगी। अनिल सुरेंद्र मोदी स्कूल ऑफ कॉमर्स, एनएमआईएमएस-मुंबई के सहायक प्रोफेसर दिवाहर नादर ने कहा कि एनएसई के समक्ष फिलहाल जो चुनौतियां हैं वे बुनियादी हैं और उनसे संरचनात्मक सुधारों से निपटा जा सकता है। 2021 में एक्सचेंज में आई तकनीकी गड़बड़ियां प्रौद्योगिकी में स्थिरता की कमी की वजह से थीं।

कमोडिटी पार्टिसिपेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीपीएआई) के अध्यक्ष नरेंद्र वाधवा ने कहा कि एनएसई के समक्ष जो मुद्दे हैं उनकी प्रकृति रणनीतिक है। उन्होंने कहा कि चौहान के समक्ष अन्य चुनौतियों में नकदी खंड में मात्रा बढ़ाने और एसजीएक्स निफ्टी के गिफ्ट सिटी में सुगमता से स्थानांतरण की होगी। नादर ने कहा कि चौहान के पास बीएसई का सार्वजनिक निर्गम लाने का अनुभव है। वह एनएसई की सूचीबद्धता के लक्ष्य को पूरा कर सकते हैं। चौहान एनएसई के संस्थापक सदस्यों में रहे हैं। वह 1992 से 2000 तक एनएसई के साथ रहे। 2000 में एनएसई को छोड़ने के बाद वह रिलायंस इंडस्ट्रीज में विभिन्न पदों पर रहे। वह रिलायंस इन्फोकॉम के मुख्य सूचना अधिकारी और मुंबई इंडियंस की आईपीएल टीम के सीईओ भी रह चुके हैं।

## वाहन विनिर्माण क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं महिलाएं, कई कंपनियां दे रही हैं प्रोत्साहन

नई दिल्ली, एजेंसी




पुरुषों के वर्चस्व वाले वाहन विनिर्माण के क्षेत्र में अब महिलाएं भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं और इसमें उनकी मदद कर रही हैं देश की प्रमुख वाहन कंपनियां। दरअसल टाटा मोटर्स, एमजी मोटर, हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो अपने विनिर्माण संयंत्रों में लैंगिक विविधता की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। भारत में टाटा मोटर्स के छह संयंत्रों में शॉप फ्लोर में 3,000 से अधिक महिलाएं उत्पादन के क्षेत्र में विभिन्न भूमिकाओं में काम कर रही हैं। वे छोटे यात्री वाहनों से लेकर भारी वाणिज्यिक वाहनों तक के उत्पादन के लिए काम कर रही हैं। कंपनी की अपने कारखानों में और महिलाओं को शामिल करने की योजना है। वहीं, एमजी मोटर इंडिया की दिसंबर, 2023 तक लैंगिक रूप से संतुलित कार्यबल बनाने की योजना है जहां उसके कुल कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत हो। कंपनी के गुजरात के हलोल संयंत्र में कारखाने में काम करने वाले 2,000 लोगों में से 34 फीसदी महिलाएं हैं। हीरो मोटोकॉर्प में 2021-22 के अंत तक 1,500 महिला कर्मचारी काम कर रही थीं और निकट भविष्य में इनकी संख्या और बढ़ाने की योजना है। बजाज ऑटो के पुणे स्थित चाकन संयंत्र में डोमिनार 400 और पल्सर आरएस 200 जैसी महंगी बाइकों का विनिर्माण का जिम्मा पूरी तरह से महिलाओं के हाथों में है। यहां 2013-14 की तुलना में 2021-22 में महिला कर्मियों की संख्या 148 से चार गुना बढ़कर 667 हो गई है।

कंपनी की 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि विनिर्माण संयंत्रों और इंजीनियरिंग में काम करने वाले कर्मियों में करीब 64 महिलाएं हैं। टाटा मोटर्स के अध्यक्ष एवं मुख्य मानव संसाधन अधिकारी रवींद्र कुमार कंपनियों ने महिलाओं को अहम पदों पर लाने के लिए व्यापक रूपरेखा बनाई है लेकिन आंकड़े बताते हैं कि आदर्श स्थिति और वास्तविकता में बड़ा अंतर है। इसी अंतर को पाटने के लिए टाटा मोटर्स अपने तरीके से प्रयास कर रही है। बीते दो साल में कंपनी के पुणे में यात्री वाहन संयंत्र में महिलाओं की संख्या करीब 10 गुना बढ़ी है। इस कारखाने में अप्रैल, 2020 में 178 महिला कर्मी थीं जो अब बढ़कर 1,600 हो गई है। एमजी मोटर इंडिया में निदेशक-एचआर यशविंदर पटियाल ने कहा, हमारा प्रयास है 50:50 का अनुपात हासिल करना।

## फेड रिजर्व के रुख और तिमाही परिणाम का शेयर बाजार पर रहेगा असर

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजार की तेजी के बीच आईटी और टेक समेत अन्य समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह चार प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह ब्याज दर को लेकर अमेरिकी फेड रिजर्व की होने वाली बैठक और दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2311.45 अंक की तूफानी तेजी के साथ सप्ताहांत पर दस सप्ताह बाद 56 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 56072.23 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 670.25 अंक की छलांग लगाकर 16719.45 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 805.75 अंक मजबूत होकर 23 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 23660.37 अंक और स्मॉलकैप 993.85 अंक उछलकर 26 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 26773.41 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह 26-27 जुलाई को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल ऑपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक होने वाली है। इस बैठक में ब्याज दरों में वृद्धि करने या घटाने पर निर्णय होगा।

हालांकि फेड रिजर्व के कई अर्थशास्त्रियों ने संकेत दिया है कि वे आगामी बैठक में ब्याज दरों में 0.75 प्रतिशत की एक और वृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। यदि ऐसा हुआ तो निवेशक शेयर बाजार से पूंजी निकालकर निवेश के सुरक्षित गंतव्य की ओर बढ़ेंगे। इसका असर विदेशी और घरेलू दोनों शेयर बाजारों पर देखा जा सकेगा। बीते सप्ताह शुक्रवार को उद्योगपति मुकेश अंबानी की पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड (आरआईएल) की वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही का परिणाम आया है। इसमें आरआईएल के सकल शुद्ध मुनाफे में 43.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका असर अगले सप्ताह बाजार पर दिख सकता है।

इसके अलावा अगले सप्ताह इंफोसिस, एक्सिस बैंक, कैनरा बैंक, सेंट्रल बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट, बजाज ऑटो, एलटी, यूनियन बैंक, मारुति, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, पीएनबी, टीवीएस मोटर, सिप्ला, एचडीएफसी, आईओसी, एनटीपीसी और सन फार्मा जैसी दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणाम जारी होने वाले हैं। अगले सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी को दिशा देने में इन कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

## नौ माह बाद एफपीआई की बिकवाली थमी

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली के सिलसिले पर जुलाई में कई माह बाद ब्रेक लगता दिख रहा है। इस महीने एफपीआई अबतक शुद्ध रूप से 1,100 करोड़ रुपये के शेयर खरीद चुके हैं। इससे पहले जून में एफपीआई ने 50,145 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। यह मार्च, 2020 के बाद किसी एक माह में एफपीआई की बिकवाली का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। उस समय एफपीआई ने शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे। अक्टूबर, 2021 यानी पिछले लगातार नौ माह से एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों से निकासी कर रहे थे। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बढ़ती महंगाई तथा मौद्रिक रुख में सख्ती के चलते अभी एफपीआई के प्रवाह में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एक से 22 जुलाई के दौरान एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 1,099 करोड़ रुपये डाले हैं। चौहान ने कहा कि इस महीने एफपीआई की अंधाधुंध बिकवाली न केवल रुकी है, बल्कि माह के कुछ दिन तो वे शुद्ध लिवाल रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की लिवाली की एक और बड़ी वजह यह है कि उनका मानना है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक आगामी बैठक में ब्याज दरों में इतनी आक्रामक वृद्धि नहीं करेगा, जैसा कि पहले अनुमान लगाया जा रहा था। इससे डॉलर सूचकांक भी नरम हुआ है, जो उभरते बाजारों की दृष्टि से अच्छा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में मंदी की संभावना भी कम हुई है। इसके अलावा हाल में बाजार में आए करेक्शन की वजह से भी लिवाली के अवसर बढ़े हैं। इसी तरह की राय जताते हुए ट्रेडस्मार्ट के चेयरमैन विजय सिंघानिया ने कहा कि अमेरिका के कमजोर आर्थिक आंकड़ों से उम्मीद बंधी है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि नहीं करेगा।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.98 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2.98 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,311.45 अंक या 4.29 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में सिर्फ जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। कुल मिलाकर शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 2,98,523.01 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 68,564.65 करोड़ रुपये बढ़कर 16,93,245.73 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 64,929.87 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 11,60,285.19 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 34,028.7 करोड़ रुपये बढ़कर 5,56,526.81 करोड़ रुपये रही। इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 31,893.77 करोड़ रुपये का उछाल आया और यह 6,33,793.91 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 30,968.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,58,457.30 करोड़ रुपये हो गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,636.69 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 3,78,774.69 करोड़ रुपये तथा हिंदुस्तान यूनिलीवर का 16,811.32 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 6,20,362.58 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,110.37 करोड़ रुपये बढ़कर 7,73,770.09 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी का 14,579.24 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 4,16,701.23 करोड़ रुपये रहा। वहीं दूसरी ओर एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 12,396.99 करोड़ रुपये घटकर 4,35,760.72 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एलआईसी, एचडीएफसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### आईएसएल से पहले दुबई में अभ्यास करेगी मुंबई सिटी एफसी की टीम

मुंबई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम मुंबई सिटी एफसी आगामी सत्र से पहले दुबई में अभ्यास शिविर में भाग लेगी। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई सिटी 25 जुलाई से 12 अगस्त तक दुबई के जावेल अली नामक स्थान पर 19 दिवसीय अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी। इस फुटबॉल क्लब ने 2021-22 के सत्र में एएफसी चैंपियंस लीग का मैच जीतकर भारतीय फुटबॉल के इतिहास में नया अध्याय जोड़ा था। वह ऐसा करने वाला पहला भारतीय क्लब बना था। मुंबई सिटी एफसी प्रतिष्ठित डूरंड कप में भी हिस्सा लेगा जो 16 अगस्त से शुरू हो रहा है। डूरंड कप में उसे ग्रुप बी में रखा गया है जहां उसका सामना एटीके मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, भारतीय नौसेना और राजस्थान यूनाइटेड से होगा। मुंबई सिटी एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूनार्मेंट में पहली बार भाग लेगा।

### स्टालिन ने रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई दी

नई दिल्ली। एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्टालिन ने कहा, नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है! विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय और पहले भारतीय एथलीट बनने के लिए बधाई। अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद नीरज चोपड़ा एकमात्र भारतीय एथलीट हैं, जिन्होंने विश्व एथलेटिक चैंपियनशिप में पदक जीता है। अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2003 पेरिस चैंपियनशिप में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अंजू ने कहा, नीरज चोपड़ा के विश्व एथलेटिक चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने की खबर सुनकर वास्तव में खुश हैं। पिछले उन्नीस वर्षों से एक और भारतीय के लिए प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में एथलेटिक पदक जीतने का लंबा इंतजार रहा है।

### भारत में मैचों के प्रसारण के लिये डिज्नी स्टार से करार किया क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने

मेलबर्न। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को कहा कि उसने में देश में होने वाले क्रिकेट मैचों के भारत में प्रसारण के लिए डिज्नी स्टार के साथ सात साल का करार किया है। यह करार 2023-24 से शुरू होगा जिसमें डिज्नी स्टार भारत में बिग बैश लीग और महिला बिग बैश लीग के साथ-साथ आस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों का प्रसारण करेगा। डिज्नी स्टार सोनी का स्थान लेगा, जिसके पास 2017-18 के सत्र से आस्ट्रेलियाई अधिकार हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने कहा, हमें 2023-24 के सत्र से डिज्नी स्टार के साथ इस नयी भागीदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। डिज्नी स्टार भारत में खेल का पर्याय है और हम उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

### क्रुणाल पांड्या के घर आई खुशखबरी

मुंबई। भारतीय क्रिकेटर क्रुणाल पांड्या की वाइफ पंखुरी ने बेटे को जन्म दिया है। क्रुणाल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है और फैंस के साथ खुशखबरी साझा की है। क्रुणाल ने अपनी वाइफ पंखुरी और बेटे के साथ तस्वीर साझा की। साथ ही अपने बेटे का नाम भी बता दिया, दोनों ने अपने बेटे का नाम कवीर क्रुणाल पांड्या रखा है। क्रुणाल पांड्या के इस पोस्ट पर हर कोई बधाई दे रहा है। केएल राहुल ने कमेंट किया कि दोनों को बहुत-बहुत बधाई हो। जबकि हार्दिक पांड्या की वाइफ नताशा ने लिखा हार्ट इमोजी कमेंट किया। जहीर खान की वाइफ सागरिका ने भी कमेंट किया और क्रुणाल-पंखुरी को बधाई दी। आपको बता दें कि क्रुणाल पांड्या टीम इंडिया के लिए टी-20 और वनडे में डेब्यू कर चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में शुरूआत में वह मुंबई इंडियंस के साथ रहे और अब लखनऊ सुपर जायंट्स के उप-कप्तान हैं।

# नीरज चोपड़ा के कमाल पर देश में जश्न, मां ने जमकर किया डांस

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय और पहले भारतीय पुरूष एथलीट बन गए, जिन्होंने भालाफेंक स्पर्धा में 88.13 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। इससे पहले 2003 में अंजू बॉबी जॉर्ज ने मेडल भारत को दिलाया था। नीरज ने 19 सालों का सूखा समाप्त किया है। नीरज की इस उपलब्धि पर देशभर में जश्न मनाया जा रहा है। उनके गांव में भी लोगों ने जमकर डांस किया और जश्न मनाया। अब इसका वीडियों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

ओलिंपिक के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा के वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर जीतते ही पिता के आंसू निकल आए मां झूमने लगीं और गांव के लोग लड्डू बांटने लगे। नीरज हरियाणा में पानीपत के रहने वाले हैं। गांव वालों ने नीरज के परिवार के साथ भी जमकर डांस किया। वीडियो में नीरज की मां सरोज देवी भी नाचती दिखाई दे रही हैं। वह अपने बेटे की इस कामयाबी से बेहद खुश हैं। नीरज की मां ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद थी कि मेरा बेटा मेडल जरूर जीतेगा। उसकी मेहनत पूरी हुई है। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि उसने देश का नाम रोशन किया। तीन फाउल की वजह से नीरज गोल्ड से चूके ओलंपिक के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा का वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के फाइनल में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से मुकाबला था। इसमें नीरज ने 88.13 मीटर दूर भाला फेंककर सिल्वर मेडल पर निशाना साधा, जबकि पीटर्स ने अपने शुरूआती दो थ्रो लगातार 90 से ज्यादा मीटर तक किए।

इसी के साथ उन्होंने फाइनल में 90.54 के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीरज को तीन थ्रो फाउल रहे थे। इसमें पहला और आखिरी के दो थ्रो थे। यही वजह रही कि नीरज गोल्ड से चूक गए।

**उम्मीद**

- नीरज की मां ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद थी कि मेरा बेटा मेडल जरूर जीतेगा

नीरज ने सिर्फ तीन थ्रो के बदौलत ही सिल्वर मेडल जीत लिया। फाइनल में नीरज ने अपने तीन सफल थ्रो में 82.39 मीटर, 86.37 और 88.13 मीटर दूर भाला फेंका। चोपड़ा ने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था और निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाले वह पहले भारतीय हैं।

पीटर्स ने 90.21 मीटर से शुरूआत की और उनका उसके बाद 90.46 , 87.21, 88.11, 85.83 मीटर के थ्रो फेंके। पांच प्रयासों के बाद ही उनका स्वर्ण सुनिश्चित हो गया था लेकिन उन्होंने छठा थ्रो 90.54 मीटर फेंका जो उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। चोपड़ा ने ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में शुरूआत की और 88.39 मीटर का थ्रो फेंका था जो उनके कैरियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। गत चैम्पियन पीटर्स ने ग्रुप बी में 89.91 मीटर का थ्रो लगाकर पहला स्थान हासिल किया था। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89.94 मीटर का है। उन्होंने लंदन विश्व चैम्पियनशिप 2017 में खेला था लेकिन फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाये थे। दोहा में 2019 विश्व चैम्पियनशिप में वह कोहनी के आपरेशन के कारण नहीं खेल सके थे।

चोपड़ा ने इस सत्र में दो बार पीटर्स को हराया था जबकि पीटर्स जून में डायमंड लीग में विजयी रहे थे। पीटर्स अब सत्र में छह बार 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं जबकि चोपड़ा अभी तक यह बाधा पार नहीं कर पाये हैं। रोहित ग्रुप बी में 80.42 मीटर का थ्रो फेंककर छठे स्थान पर और कुल 11वें स्थान पर रहे थे। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 82.54 मीटर है जो उन्होंने राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैम्पियनशिप में पिछले महीने हासिल करके रजत पदक जीता था।

## राष्ट्रमंडल गेम्स में महिला टी20 क्रिकेट साबित हो सकता है गेमचेंजर

नई दिल्ली, एजेंसी




एक बड़े टूनार्मेंट (सीडब्ल्यूजी, एशियाई खेल, ओलंपिक) में एक पदक जीतना हमेशा किसी विशेष खेल में किसी भी देश के लिए एक प्रतिष्ठित उपलब्धि होती है। इसी तरह, महिला क्रिकेट निश्चित रूप से बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी शुरूआत करने के लिए तैयार है और इस तरह महिला क्रिकेट एक गेमचेंजर साबित हो सकता है।

राष्ट्रमंडल गेम्स में एक वैकल्पिक खेल के रूप में देखा गया, क्रिकेट को पहली बार 1998 में कुआलालंपुर में पुरुषों के आयोजन के रूप में प्रदर्शित किया गया, जिसमें 16 देशों ने भाग लिया। मैच 50 ओवर के थे और उन्हें वनडे अंतर्राष्ट्रीय दर्जा दिए जाने के बजाय लिस्ट ए का दर्जा प्राप्त था। दक्षिण अफ्रीका ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता था जबकि न्यूजीलैंड ने कांस्य पदक अपने नाम किया। हालांकि दो सप्ताह तक चलने वाला पुरुष क्रिकेट आयोजन बेहद सफल रहा, लेकिन यह अब तक राष्ट्रमंडल गेम्स में खेल का एकमात्र प्रदर्शन रहा। लेकिन अब यह बदलने के लिए पूरी तरह तैयार है, जब ऑस्ट्रेलिया और भारत 29 जुलाई को एजबेस्टन में मैदान में उतरेंगे। मेग लैनिंग और हरमनप्रीत कौर मैदान पर अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगी, यह पहली बार होगा, जब राष्ट्रमंडल खेलों में टी20 प्रारूप में महिला क्रिकेट खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया और भारत के अलावा, मेजबान इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, पाकिस्तान और बारबाडोस के बीच 16 मैच होंगे, जिसमें स्वर्ण पदक और कांस्य पदक मैच 7 अगस्त को निर्धारित हैं। आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, बारबाडोस, भारत और पाकिस्तान होंगे, जबकि ग्रुप बी में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को रखा गया है। मेजबान होने के कारण इंग्लैंड ने स्वचालित रूप से योग्यता प्राप्त की, जबकि ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान ने 1 अप्रैल, 2021 तक अपनी रैंकिंग के माध्यम से योग्यता प्राप्त की।

## युवा खिलाड़ी मुझे बेहतर होने के लिए करते हैं प्रेरित : सुकेश हेगड़े

हरियाणा, एजेंसी



प्रो कबड्डी लीग के दिग्गज खिलाड़ी सुकेश हेगड़े ने खुलासा किया है कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच युवा खिलाड़ी उन्हें बेहतर होने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। 32 वर्षीय हेगड़े यहां चल रही 69वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप 2022 में कर्नाटक के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं। हेगड़े ने कहा, मैं 2014 से प्रो कबड्डी लीग में खेल रहा हूं। प्रतियोगिता में खेलना वास्तव में अच्छा रहा है। हालांकि, बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं, जो अब उभरे हैं और वे मुझे एक खिलाड़ी के रूप में बेहतर होने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

सुकेश ने प्रो कबड्डी लीग को खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन मंच बताया। उन्हें सीजन 9 की खिलाड़ी नीलामी का इंतजार है, जो 5 से 6 अगस्त, 2022 को मुंबई में होगी। उन्होंने कहा, देश भर के कबड्डी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिला है।

नीलामी में मुझे जो भी टीम चुनेगी, मैं निश्चित रूप से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप के इतर, सर्विसेज स्पोर्ट्स नियंत्रण बोर्ड के अर्जुन देशवाल ने भी पीकेएल में अपने 2021-22 सत्र के बारे में अपने विचार साझा किए। रेडर का प्रतियोगिता में 268 अंकों के साथ ब्रेकआउट सीजन था। देशवाल ने कहा, मैंने पिछले सीजन में काफी आत्मविश्वास हासिल किया था। मैंने बहुत मेहनत की और सीजन में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं अगले सीजन में भी अपना 100 प्रतिशत दूंगा। देशवाल ने यह भी कहा कि लगातार अभ्यास से उन्हें अपने खेल में सुधार करने में मदद मिली है।

## 'देश के लिए वर्ल्डकप जीतना है, इसके लिए कुछ भी करूंगा' : विराट

नई दिल्ली, एजेंसी

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली इन दिनों अपने बेहद खराब दौर से गुजर रहे हैं। वह ढाई साल से शतक और पांच महीनों से अर्धशतक नहीं लगा सके। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर भी कोहली 6 इंटरनेशनल पारियों में सिर्फ 76 रन ही बना सके। इस खराब प्रदर्शन के कारण कोहली की जमकर आलोचना हो रही है। मगर इसी बीच कोहली ने अपने फैन्स को एक मैसेज भेजा है। यह आलोचकों को जवाब भी माना जा सकता है। इस मैसेज में कोहली ने अपना लक्ष्य बताया और कहा कि उसके लिए वह कुछ भी करेंगे। कोहली ने कहा, 'मेरा लक्ष्य टीम इंडिया को एशिया कप और वर्ल्ड कप जीतने में मदद करना है। इसके लिए जो भी कुछ करना होगा, उसके लिए मैं तैयार हूं।' बता दें कि एशिया कप सितंबर में श्रीलंका की मेजबानी में होना है, जो वअए में हो सकता है। इसके बाद अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप भी होना है। यह दोनों ही बड़े टूनार्मेंट टी20 फॉर्मेट में होंगे।

फिलहाल, विराट कोहली एक महीने के लंबे ब्रेक पर हैं। वह पत्न ी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका के साथ फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंचे हैं। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट, टी20 और फिर वनडे मैचों की सीरीज खेलने के बाद कोहली फ्री हो गए हैं। उन्हें अब अगले एक महीने तक कोई सीरीज नहीं खेलना है। अगस्त में टीम इंडिया को जिम्बाब्वे दौरे पर जाना है। साथ ही एशिया कप भी खेलना है। दोनों का शेड्यूल अब तक जारी नहीं हुआ है। ऐसे में कोहली के लिए एक महीने का लंबा ब्रेक मान सकते हैं। वेस्टइंडीज दौरे से कोहली को आराम दरअसल, इंग्लैंड के बाद टीम इंडिया अब वेस्टइंडीज दौरे पर पहुंची है।

## राष्ट्रमंडल खेलों में एक बार फिर चुनौती पेश करने को तैयार हैं अश्विनी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रमंडल खेलों में 12 साल पहले पदार्पण करते हुए महिला युगल में एतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की युगल विशेषज्ञ बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा चौथी बार इन खेलों में हिस्सा लेने की तैयारी कर रही हैं। अश्विनी की जीत की भूख में हालांकि कोई कमी नहीं आई है। उनके स्मैश पहले की तरह दमदार हैं और वह विरोधी खिलाड़ियों की सर्विस और रिटर्न को अब भी काफी अच्छी तरह से भांप लेती हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में दो स्वर्ण सहित पांच पदक, विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दो बार की ओलंपियन अश्विनी 28 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों में एक बार फिर अपना दम दिखाने को तैयार हैं। कुर्ग की रहने वाली 32 साल की अश्विनी ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, इन वर्षों में काफी उतार चढ़ाव आए। 10 वर्षों में मैं काफी बदल गई, काफी सुधार किया है, अब मेरे पास काफी अधिक अनुभव है और एक बार फिर राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में जगह बनाकर काफी अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, इसकी शुरूआत 2010 में हुई थी और यह मेरे लिए काफी नई चीज थी। स्वर्ण पदक जीतना शानदार लम्हा था। इस लम्हे को दोबारा जीना चाहती हूं। अश्विनी ने ज्वाला गुट्टा के साथ मिलकर दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को महिला युगल में पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। भारतीय टीम ने भी रजत पदक जीता था। अश्विनी और ज्वाला ने चार साल बाद रजत पदक जीता। अश्विनी ने गोल्ड कोस्ट में हुए पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को मिश्रित टीम स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, 2018 में मैंने और सिक्की ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैंने पहली बार टीम स्वर्ण पदक जीता जो शानदार अहसास था।

# राष्ट्रमंडल खेलों में वापसी करना चाहेंगे अमित पंघाल और लवलीना बोरगोहेन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय मुक्केबाज जब राष्ट्रमंडल खेलों में रिंग पर उतरेंगे तो अमित पंघाल तोक्यो ओलंपिक खेलों की निराशा जबकि लवलीना बोरगोहेन विश्व चैंपियनशिप के लचर प्रदर्शन को भुलाकर वापसी करने की कोशिश करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन पर भी सभी की निगाहें टिकी रहेंगी जो अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।


निकहत ने हाल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिताब जीता और इसके बाद प्रतिष्ठित स्ट्रेंडजा मेमोरियल टूनार्मेंट और फिर विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किये। यह अलग बात है कि इस 26 वर्षीय मुक्केबाज को राष्ट्रमंडल खेलों में अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। निकहत 52 किग्रा में खेलती हैं लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में उन्हें 50 किग्रा में भाग लेना होगा। उन्हें और उनके प्रशिक्षकों को यह देखना होगा कि वह इस नए भार वर्ग में कैसे सामंजस्य बिठाती है जिससे कि वे पेरिस ओलंपिक के लिए उनका भार वर्ग तय कर सकें। जहां तक लवलीना का सवाल है तो यह वर्ष उनके लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा। असम की इस मुक्केबाज ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और तभी से उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। इस 24 वर्षीय मुक्केबाज ने स्वीकार किया तोक्यो ओलंपिक के बाद के तमाम कार्यक्रमों में भाग लेने से उनका ध्यान भंग हुआ और इससे उनके प्रदर्शन पर भी प्रभाव पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना इस बार शुरूआत में ही बाहर हो गई थी। ऐसे में वह राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतकर इस निराशा को दूर करने की कोशिश करेंगी। पंघाल (51 किग्रा) ने पिछली बार गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। इसके अलावा उन्होंने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्हें ओलंपिक में पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए थे। पंघाल ने इसके बाद विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने थाईलैंड ओपन में वापसी की जहां वह रजत पदक जीतने में सफल रहे। उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों में भी पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है और इस बार वह उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। इसी तरह से अनुभवी शिव थापा (63.5 किग्रा) भी अपने नाम पर राष्ट्रमंडल खेलों का पदक दर्ज करना चाहेंगे। इस 28 वर्षीय मुक्केबाज के नाम पर एशियाई चैंपियनशिप के पांच पदक दर्ज है। उन्होंने गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं लिया था। ओलंपियन आशीष कुमार (80 किग्रा), पिछली बार के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और एशियाई चैम्पियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता संजीत (92 किग्रा से अधिक) भी खिताब के दावेदार हैं।

**पदक**

- राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिताब जीता और इसके बाद प्रतिष्ठित स्ट्रेंडजा मेमोरियल टूनार्मेंट और फिर विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किये

# गोल्ड जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : बॉक्सर संजीत कुमार

नई दिल्ली, एजेंसी



आगामी राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) में भारत के लिए पदक की संभावनाओं में से एक मुक्केबाज संजीत कुमार का कहना है कि उन्हें न तो रिंग में और न ही जीवन में हारना पसंद है। 2021 एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में अपनी उपलब्धि का अनुकरण करने में कोई कसर नहीं रखेंगे। आईएएनएस से बातचीत में 2018 में 91 किग्रा में रजत पदक विजेता रहे संजीत ने कहा, मैं हारना नहीं चाहता, मुझे बस हारने से नफरत है। इसलिए अगर मैं सभी मैच जीत जाता हूं तो मुझे गोल्ड मिलेगा।

मैं स्वर्ण जीतने की पूरी कोशिश करूंगा। जब संजीत पिछले साल दुबई में एशियाई चैंपियनशिप के लिए जा रहे थे, तो कई लोगों ने उसे पदक दिलाने के लिए समर्थन नहीं किया। लेकिन उन्होंने गोल्ड जीतकर कई लोगों को गलत साबित किया। यह पूछे जाने पर कि उनके लिए एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण का क्या अर्थ है, उन्होंने कहा, यह मेरे जीवन के सबसे गौरवपूर्ण क्षणों में से एक था। मैंने मुक्केबाज को हराया था, जिन्होंने मुझे नॉकआउट किया। उसे हराकर गोल्ड जीतना मेरे लिए खुशी की बात थी। 2018 में जब उसने मुझे नॉकआउट किया तो मैंने बदला लेने का फैसला किया था। मैंने खूब मेहनत की, अपनी कमियों को सुधारा और फिर नतीजा सबके सामने है। मैं हार को बहुत गंभीरता से लेता हूं। उनके जीवन का सबसे दुखद क्षण तब आया जब 33 वर्षीय टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे। विश्व सैन्य खेलों के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। फिर महामारी ने उन्हें टोक्यो खेलों से बाहर कर दिया। अब उनकी नजर पेरिस गेम्स पर है। उन्होंने आगे कहा, अंतिम लक्ष्य पेरिस खेलों में पदक जीतना है। राष्ट्रमंडल खेल और अन्य कार्यक्रम वहां तक पहुंचने के लिए सीढ़ी की तरह हैं। ओलंपिक पूरी तरह से अलग है।

हर कोई मेडल जीतना चाहता है। किसी अन्य प्रतियोगिता में कोई भी पदक टोक्यो में भाग नहीं लेने के नुकसान की भावना को पूरा नहीं कर सकता है। भारतीय सेना में सूबेदार के पास खुद को प्रेरित रखने के अलग-अलग तरीके हैं। वह प्रेरक पुस्तकों, विशेष रूप से एथलीटों की आत्मकथाओं के उत्साही पाठक हैं। उन्होंने कहा, मोटिवेशनल किताबें पढ़ना मेरा पसंदीदा शौक है। मैंने महान एथलीटों की आत्मकथाएं और खेल से जुड़ी किताबें पढ़ीं, जो हमें प्रेरित करती हैं।

## गायक ए.आर. रहमान शतरंज ओलंपियाड में करेंगे परफॉर्म

मुंबई, एजेंसी

चेन्नई शहर आगामी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज ओलंपियाड, 2022 के लिए खुद को तैयार कर रहा है, जो 28 जुलाई से चेन्नई में आयोजित होने वाला है। इसका एक प्रमोशन वीडियो सामने आया है जिसमें ए.आर.रहमान नजर आ रहे हैं। वायरल इस वेलकम टू नम्मा ऊरु चेन्नई शीर्षक वाले वीडियो में ग्रैमी और ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान को सफेद कपड़े पहने देखा जा सकता है। वीडियो में संगीतकार को उनके द्वारा बनाए गए जिंगल बीट्स पर गाते और झूमते हुए दिखाया गया है, क्योंकि वह कूम नदी पर बने प्रसिद्ध नेपियर पुल पर चलते हैं। मद्रास विश्वविद्यालय और द्वीप के मैदान को जोड़ने वाले पुल को शतरंज बोर्ड की तरह विषयगत रूप से चित्रित किया गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन भी वीडियो में रहमान के साथ शामिल होते हैं, क्योंकि नर्तक ममल्लापुरम स्मारकों की पृष्ठभूमि के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं। जहां क्लिप वेलकम टू नम्मा ऊरु चेन्नई से शुरू होती है, वहीं वरुगा वरुगा तमिझनाट्टुकु वरुगा शब्द परस्पर जुड़े हुए हैं और ऐसे शब्दों के साथ समाप्त भी होते हैं। फेडरेशन इंटरनेशनेल डेस एचेक्स द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शतरंज ओलंपियाड एक द्विवार्षिक शतरंज टूनार्मेंट है, जिसमें दुनिया के देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें प्रतिस्पर्धा करती हैं। कोविड-19 महामारी के कारण 2020 और 2021 शतरंज ओलंपियाड ऑनलाइन आयोजित किए गए।

## मैं भी शुरू में नीरज चोपड़ा जैसी स्थिति में थी : अंजू

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा जब अमेरिका के यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इतिहास रच रहे थे, तब अपने जमाने की दिग्गज एथलीट और लंबी कूद खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज बेंगलुरू में उस स्थिति को याद कर रही थी जब उन्होंने भी खराब शुरूआत से उबरकर कांस्य पदक जीता था। चौबीस वर्षीय चोपड़ा फाइनल में पहले तीन दौर के बाद चौथे स्थान पर थे लेकिन चौथे प्रयास में उन्होंने 88.13 मीटर भाला फेंककर शानदार वापसी की और रजत पदक हासिल किया। चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय एथलीट और पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। अंजू विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी थी। उन्होंने पेरिस में 2003 में लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था। अंजू ने कहा, मैं सोच रही थी कि हे भगवान, मैं भी पेरिस में 2003 में एक समय नीरज जैसी स्थिति में थी। वह पहले प्रयासों के बाद चौथे स्थान पर था और मैं भी पहले तीन प्रयासों के बाद चौथे स्थान पर थी। उन्होंने कहा, मैं पहले प्रयास के बाद शीर्ष पर थी लेकिन तीसरे प्रयास के बाद चौथे स्थान पर खिसक गई थी और पदक की दौड़ मैं नहीं थी। लेकिन मैं वापसी करने और पदक जीतने के प्रति प्रतिबद्ध थी और मैंने ऐसा किया। ऐसा ही नीरज के साथ भी हुआ। चोपड़ा की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले प्रयास में फाउल किया। इसके बाद उन्होंने 82.39 मीटर और 86.37 मीटर भाला फेंका और तीसरे प्रयास के बाद वह चौथे स्थान पर थे। लेकिन चोपड़ा ने इसके बाद शानदार वापसी की तथा चौथे प्रयास में 88.13 मीटर भाला फेंक कर दूसरा स्थान हासिल किया। यह उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

पांचवें और छठे प्रयास में चोपड़ा ने फाउल किया। जहां तक अंजू का सवाल है तो वह पहले प्रयास में 6.61 मीटर कूद लगाकर पहले स्थान पर थी लेकिन अगली दो कूद में वह फाउल कर गई जिससे वह चौथे स्थान पर खिसक गई थी। अंजू ने चौथे प्रयास में 6.56 मीटर कूद लगाई लेकिन वह चौथे स्थान पर ही बनी रही। पांचवें प्रयास में उन्होंने 6.70 मीटर कूद लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया और देश के लिए कांस्य के रूप में विश्व चैंपियनशिप में पहला पदक जीता। अंजू ने कहा, अगर आप आसानी से आत्मविश्वास खो देते हैं तो फिर आप पदक नहीं जीत सकते। अगर आप विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं तो आपको अपनी क्षमता पर विश्वास होना चाहिए और पदक जीतने के लिए एकाग्रता बनाए रखनी चाहिए।

## कोरोना महामारी के बावजूद द्विपक्षीय सीरीज से बीसीसीआई की हुई करोड़ों की कमाई

नई दिल्ली, एजेंसी

कोरोना वायरस के कारण काफी मैचों को रद्द किया गया। पिछले 2 सालों के दौरान कोरोना महामारी ने इंटरनेशनल क्रिकेट को काफी प्रभावित किया है। लंबे समय तक टीम इंडिया ने भी बायोबबल में क्रिकेट खेला। हालांकि, इसके बावजूद बीसीसीआई को भारी मुनाफा हुआ है।

आईपीएल मीडिया राइट्स से बीसीसीआई को भारी मुनाफा हुआ है। इसके अलावा 2018-23 के बीच द्विपक्षीय सीरीज से डिज्नी प्लस हॉटस्टार से बीसीसीआई को तकरीबन 218 करोड़ रुपए का फायदा हुआ है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में बीसीसीआई को अनुमानित नुकसान भी हुआ है। दरअसल, साल 2021 का आईपीएल भारत में हो रहा था, लेकिन आईपीएल के बीच में बाकी के मैच यूएई में करवाने पड़े। इसके अलावा टी20 वर्ल्ड 2021 भारत में आयोजित होना था, लेकिन कोरोना वायरस के बढ़ते मामले के कारण टी20 वर्ल्ड कप 2021 का आयोजन यूएई में किया गया। इससे बीसीसीआई को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। कोरोना वायरस का भारत के मैचों पर भी असर हुआ, लेकिन भारतीय टीम की गाबा बेंच स्ट्रेंथ की ताकत को दिखाया। दरअसल, उसके बाद से भारत के पास पहली पसंद और दूसरी पसंद की हमेशा 2 टीम रही है। साथ ही 2 टीमों के जरिए लगातार मैचों के दवाब को कम करने की कोशिश की जा रही है, ताकि खिलाड़ियों पर वर्कलोड ज्यादा नहीं हो। वहीं, बीसीसीआई सचिव जय ने बताया कि 50 खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई है, ताकि भारतीय टीम एक समय में एक से अधिक दौरे के लिए तैयार रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिपोली खूनी संघर्षः मरने वालों की संख्या 16 हुई

त्रिपोली। लीबिया की राजधानी त्रिपोली में खूनी संघर्ष में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है, जबकि 34 अन्य लोग घायल हुए हैं। त्रिपोली की एम्बुलेंस एवं आपातकालीन सेवाओं के प्रवक्ता ओसामा अलीक ने यह जानकारी दी है। त्रिपोली में एक समूह के एक सदस्य की हिरासत में लिए जाने के कारण शुक्रवार को खूनी संघर्ष हुआ था। त्रिपोली में संघर्ष के बाद राष्ट्रीय एकता सरकार के प्रमुख अब्दुल हामिद दबीबेह ने आंतरिक मंत्री खालिद माजेन को बर्खास्त कर दिया। श्री माजेन की जगह स्थानीय सरकार के मंत्री बद्र अल-दीन अल-सादिक अल-तौमी कार्यवाहक आंतरिक मंत्री होंगे।

### दक्षिणी ईरान में बाढ़ से 11 लोगों की मौत

तेहरान। ईरान के दक्षिणी प्रांत फार्स में बाढ़ के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हुयी है। फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक एस्टाहबान शहर में अभी भी 13 लोग लापता हैं। बताया जा रहा है कि बाढ़ भारी बारिश के कारण आई है।

### उत्तरी इराक में तुर्की के सैन्य अड्डा पर हमला

बगदाद। उत्तरी इराक के नीनवे प्रांत में तुर्की के सैन्य अड्डे ज़िलकन पर रॉकेट से हमला किया गया है। प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक सैन्य अड्डा पर कम से कम तीन रॉकेट दागे गए हैं। इससे पहले तुर्की के सशस्त्र बलों ने बुधवार को इराकी कुर्दिस्तान में स्थित जाखो के रिसॉर्ट शहर पर गोलाबारी की थी। कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा उपलब्ध कराए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, हमले में नौ लोग मारे गए और 33 अन्य घायल हो हुए हैं। उल्लेखनीय है कि तुर्की में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी को लेकर इराक और तुर्की के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। तुर्की सरकार पीकेके से लड़ रही है, जो 1980 के दशक की शुरुआत से ही तुर्की में कुर्द स्वायत्तता स्थापित करना चाहती है।

### कनाडा में मंकीपॉक्स से संक्रमितों की संख्या 700 के करीब पहुंची

ओटावा। कनाडा में मंकीपॉक्स के कुल 681 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी मुख्य जन स्वास्थ्य अधिकारी थेरेसा टैम ने दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, कनाडा में 22 जुलाई 2022 तक मंकीपॉक्स के कुल 681 पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से क्यूबेक (331), ओंटारियो (288), ब्रिटिश कोलंबिया (48), अल्बर्टा (12) और सस्केचेवान (2) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मंकीपॉक्स वायरस संक्रमित व्यक्ति की त्वचा के घावों के निकट संपर्क के दौरान या तौलिये, बिस्तर के लिनन और अन्य वस्तुओं सहित उनकी व्यक्तिगत या साझा वस्तुओं के सीधे संपर्क में आने से किसी भी व्यक्ति में फैल सकता है। कनाडा के स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सुरक्षा दिशानिर्देशों में नागरिकों को आगंतुकों के आने के बाद सतहों को साफ करने, मास्क पहनने और संभावित रूप से बीमार दोस्तों या रिश्तेदारों के संपर्क से बचने की सलाह दी गई है। दिशानिर्देश में रोगसूचक या संक्रमित लोगों को घर पर रहने की दृढ़ता से सलाह दी गयी है। उल्लेखनीय है कि मंकीपॉक्स एक जूनोटिक बीमारी है, जो जानवरों से मनुष्यों में फैलती है।

# हैतीः गिरोहों के हमले से बचने के लिए 315 बच्चों, वयस्कों ने स्कूल में शरण ली

पोर्ट-ऑ-प्रिंस, एजेंसी

हैती की राजधानी में हाल के सप्ताह में दो विरोधी गिरोहों के बीच लड़ाई के कारण शनिवार को सैकड़ों बच्चों और वयस्कों ने एक स्कूल में शरण ली। विरोधी गिरोहों के बीच लड़ाई में कई लोगों की मौत हुई है और कई मकान ध्वस्त हो गए हैं।

धार्मिक सामुदायिक समूह किजिटो के सामान्य समन्वयक फ्रांसिस्को सेरिफिन ने कहा कि 315 लोगों ने सेंट लुइस डी गोंजाग स्कूल में शरण ली है, जो कि हिंसाग्रस्त साइट सोलील के पास डेल्मास जिले में है।

गर्मी की छुट्टियों के कारण कक्षाएं बंद हैं और स्कूल की कक्षाओं को छात्रावास में बदल दिया गया है, जहां कुछ किशोर और बच्चे गैर-लाभकारी समूह से मिले छोटे-छोटे गद्दों पर सो रहे हैं। हालांकि, कुछ लोगों को बिना गद्दे के ही फर्श पर सोना पड़ रहा है। सेरिफिन ने कहा कि स्कूल में शरण लिए हुए कई बच्चों के साथ उनके माता-पिता नहीं हैं।

जीन मिशेलेट (16) ने कहा, हमें मदद की जरूरत है। मिशेलेट ने कहा कि जुलाई की शुरूआत में गिरोह की लड़ाई शुरू होने के दिन वह घायल हो गया था।



- धार्मिक सामुदायिक समूह किजिटो के सामान्य समन्वयक फ्रांसिस्को सेरिफिन ने कहा कि 315 लोगों ने सेंट लुइस डी गोंजाग स्कूल में शरण ली है

उसने बताया, जिस दिन लड़ाई शुरू हुई उस दिन मैं घर पर था। काफी गोलीबारी हुई थी। एक गोली छत से होकर गुजरी और मेरे सिर में जा लगी। मिशेल ने कहा कि मुठभेड़ के दौरान कई लोग मारे गए हैं। उसने कहा, स्थिति वाकई में बहुत खराब है।

राष्ट्रपति जोवेनेल मोसे की अनसुलझी हत्या के एक साल बाद हैती में गिरोह की हिंसा और भी बदतर हो गई है। गठबंधन सरकार बनाने के प्रयास धराशायी हो गया और आम चुनाव कराने के प्रयास रुक गए हैं।

एक हफ्ता पहले, संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के कार्यालय ने बताया कि अब तक साइट सोलील में लड़ाई में 99 लोगों के मारे जाने की सूचना है।

संयुक्त राष्ट्र की मानवीय एजेंसियों ने कहा है कि नजदीकी इलाकों में फंसे लोगों की मदद करना उनके लिए बहुत जोखिम भरा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के प्रवक्ता जेरेमी लारेंस ने कहा कि अधिकांश पीड़ित सीधे तौर पर गिरोह में शामिल नहीं थे लेकिन उन्हें निशाना बनाया गया। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने कहा कि कुछ गिरोहों ने आबादी को नियंत्रण में लेने के लिए पेयजल और भोजन तक पहुंच को रोक दिया है, जिससे कुपोषण बढ़ रहा है।

### नेपाल की प्रतिनिधि सभा ने बच्चों को नागरिकता मिलने की उम्मीद बढ़ाई

**काठमांडू।** नेपाल में संसद की प्रतिनिधि सभा ने नागरिकता कानून 2006 में संशोधन को बहुमत से स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसे ऐसे नेपाली नागरिकों के हजारों बच्चों को नागरिकता मिलने की उम्मीद बढ़ी है, जिन्होंने बाहर से आकर देश की नागरिकता ली है। प्रतिनिधि सभा की मंजूरी मिलने के बावजूद नागरिकता की उम्मीद पाले बच्चों के अभिभावकों को अभी कुछ और इंतजार करना होगा। अब इसे नेशनल असेंबली में प्रस्तुत किया जाएगा। अगर यहां से यह पारित हो जाता है तो राष्ट्रपति की मंजूरी अनिवार्य होगी। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ही यह कानून बन सकेगा।

नेपाल के गृहमंत्री बालकृष्ण खंड ने शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में नागरिकता विधेयक (प्रथम संशोधन 2022) प्रस्तुत किया था। इसे पारित करने से पहले नेपाली पुरुषों से शादी करने वाली विदेशी महिलाओं को नागरिकता देने और नेपाल में या नेपाली माताओं से जन्मे बच्चों को नागरिकता देने समेत कई प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद इस विधेयक को सामान्य बहुमत से सदन ने पारित किया।

नेपाल के प्रमुख अखबार काठमांडू पोस्ट के अनुसार नेपाल का संविधान लागू होने के दिन, 20 सितंबर, 2015 से पहले जन्मे सभी योग्य नेपालियों को प्राकृतिक नागरिकता दी गई थी। मगर कानून नहीं होने के कारण इन नागरिकों के बच्चों को नागरिकता नहीं मिल पाई थी।

## केन्या ने 9 अगस्त को होने वाले चुनाव से पहले बढ़ाई सुरक्षा

नैरोबी, एजेंसी

केन्याई पुलिस ने घोषणा की कि उन्होंने 9 अगस्त को होने वाले आम चुनाव से पहले सुरक्षा बढ़ा दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस महानिरीक्षक हिलेरी मुथंबाई ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि चुनाव के दौरान कुल 1,50,000 अधिकारियों को तैनात किया जाएगा, ताकि सभी को वोट डालने के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। मुथंबाई ने कहा, आम चुनाव से पहले या चुनाव के दौरान और बाद में सामान्य ड्यूटी अधिकारियों को सामरिक समर्थन देने के लिए देश भर में गठित पुलिस इकाइयों को भी तैनात किया गया है। उन्होंने खुलासा किया कि चुनावी अवधि के दौरान जब और जहां आवश्यक हो, रसद और हवाई सहायता प्रदान करने के लिए रणनीतिक स्थानों पर विमानों की तैनाती के लिए एक और प्रावधान है।

चुनाव में प्रमुख राजनीतिक गठबंधनों के बीच कड़ा मुकाबला होना तय है-उप राष्ट्रपति विलियम रुतो और अजीमियो ला उमोजा के नेतृत्व में केन्या क्वान्जा, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा कर रहे हैं। राष्ट्रपति उहुरू केन्याटा, (जो कार्यालय में अपने अंतिम कार्यकाल की सेवा कर रहे हैं) ने शीर्ष पद के लिए अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी ओडिंगा का समर्थन करने का विकल्प चुना है, जो अपने स्वयं के डिप्टी के बजाय अपना पांचवां राष्ट्रपति पद के लिए मैदान में हैं। मुथंबाई ने बताया कि चुनावों की तैयारियों के हिस्से के रूप में, उन्होंने स्वतंत्र चुनाव और सीमा आयोग (आईईबीसी) को स्वतंत्र, विश्वसनीय और निष्पक्ष चुनाव कराने में सक्षम बनाने के लिए पूरे चुनावी चक्र में सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत उपाय और रणनीति बनाई है। उन्होंने कहा, चुनाव के आसपास की सभी गतिविधियों का उचित समन्वय सुनिश्चित करने के लिए, केन्याई पुलिस ने एक चुनाव सुरक्षा सचिवालय भी स्थापित किया है। मुत्यंबाई ने देखा कि केन्याई पुलिस ने पिछले चुनावों के दौरान अनुभव किए गए अभियानों में अंतराल को दूर करने के लिए पुलिस कमांडरों द्वारा उपयोग के लिए चुनाव सुरक्षा दिशानिर्देश भी तैयार किये हैं। उन्होंने कहा, पुलिस अधिकारियों को चुनाव सुरक्षा प्रबंधन पर संवेदनशील बनाने और प्रशिक्षित करने की आवश्यकता से अवगत है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारी से परिचित हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में हिंदुओं खासतौर पर हिंदू शिक्षकों की लगातार हो रही हत्याओं और हिंदू महिलाओं से दुष्कर्म की वारदात के विरोध में बीती शाम चटगांव और कुछ शहरों में हिंदू समुदाय ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए। इन लोगों ने दोषियों को दंडित करने की मांग की।

स्थानीय अखबार हिंदू संगबद के अनुसार शाहबाग और पूरे देश के हिंदू संगठनों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर नरैल साहापाड़ा में हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर विरोध जताया। इससे पहले बांग्लादेश के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने साहापाड़ा हिंसा की निंदा करते हुए कहा था कि पंथनिरपेक्ष देश में इस तरह घटनाएं स्वीकार नहीं की जा सकतीं। आयोग ने गृह मंत्रालय को आदेश दिया है कि वह हिंसा की घटनाओं की जांच कराए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करे।

उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई को साहापाड़ा में चुन-चुनकर हिंदू समुदाय के लोगों के घर जलाए गए थे। अभी




तक किसी भी हमलावर को गिरफ्तार नहीं किया गया है। यह पूरा विवाद एक फेसबुक पोस्ट के बाद हुआ। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पोस्ट गांव के 18 वर्षीय कालेज के छात्र आकाश साहा ने किया था। इसके बाद एक समुदाय के प्रदर्शनकारी जुमे की नमाज के बाद एकत्र हुए और छात्र की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उसके घर के सामने प्रदर्शन किया। हिंसा की शिकार दीपाली रानी साहा का कहना है कि उनके घर का सारा कीमती सामान लूट लिया गया। इसके बाद घर में आग लगा दी।

## पाकिस्तान : हमजा शहबाज चुनाव के बाद पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री के पद पर बरकरार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शहबाज को पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सीट बरकरार रखने के लिए चुनाव जीतने के बाद शनिवार को उन्हें पद की शपथ फिर से दिलाई गई। लाहौर में गवर्नर हाउस में आयोजित एक समारोह में पंजाब के राज्यपाल बालीघुर रहमान ने काले रंग की शेरवानी पहनकर शपथ दिलाई। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल) के संयुक्त उम्मीदवार परवेज इलाही को मिले 176 वोटों के मुकाबले हमजा को 179 वोट मिले, डिप्टी स्पीकर दोस्त मजारी ने शुक्रवार देर रात घोषणा की।

इलाही को 186 वोट मिले थे, जिसमें पीटीआई से 176 और पीएमएल से 10 वोट शामिल थे, लेकिन डिप्टी स्पीकर ने पीएमएल के 10 वोटों को बाहर कर दिया, जब इसके प्रमुख चौधरी शुजात हुसैन ने



अपनी पार्टी के सदस्यों को इलाही को वोट न देने के लिए एक पत्र लिखा। यह दूसरी बार है, जब हमजा ने पंजाब के मुख्यमंत्री के मुकाबले में इलाही को हराया है। चुनाव पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुआ था, जब पीटीआई ने शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि हमजा ने सदन में बहुमत खो दिया है। इससे पहले 16 अप्रैल को वह 197 मतों के साथ पंजाब के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुने गए थे, जिसमें पीटीआई के 25 असंतुष्ट भी शामिल थे। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने 20 मई को पार्टी नेतृत्व के आदेश के खिलाफ चुनाव में एफपीआर हमजा को वोट देने के लिए पीटीआई की प्रांतीय विधानसभा के 25 असंतुष्ट सदस्यों को हटा दिया। बाद में ईसीपी ने पीटीआई को पांच आरक्षित सीटें आवंटित कीं और 17 जुलाई को शेष 20 सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की। पीटीआई ने 15 सीटें जीतीं, जबकि पीएमएल-एन को चार सीटें मिलीं और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भी चुनाव जीता। पीएमएल सदस्य बशारत राजा ने डिप्टी स्पीकर के वोटों को बाहर करने के फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह देश के संविधान के खिलाफ है, क्योंकि विधानसभा में केवल एक नेता ही अपने सदस्यों को ऐसे आदेश दे सकता है, जबकि हुसैन सदन में पार्टी के नेता नहीं हैं। पीटीआई और पीएमएल दोनों ने घोषणा की कि वे डिप्टी स्पीकर द्वारा दिए गए फैसले को चुनौती देने के लिए देश के सर्वोच्च न्यायालय जाएंगे।

## बुजुर्गों ने माना मोबाइल फोन के आने से युवाओं के साथ उनका संवाद प्रभावितः अध्ययन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में हाल में किये गए एक सर्वेक्षण में शामिल लगभग 65 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों को लगता है कि मोबाइल फोन और अन्य तकनीक को अपनाने से युवा पीढ़ी के साथ उनका व्यक्तिगत संवाद प्रभावित हुआ है। पैन हेल्थकेयर ने द लिबर्टी इन लाइफ ऑफ ओल्डर पीपल 2022 सर्वेक्षण किया था और इसमें 10 शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, लखनऊ, पटना, पुणे और अहमदाबाद से 10,000 प्रतिभागियों की प्रतिक्रियाएं दर्ज की गईं। लगभग 72.5 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनकी पीढ़ी के लोग परिवार में बुजुर्गों के साथ अधिक समय बिताते थे। अध्ययन में यह भी कहा गया है कि 51 प्रतिशत उत्तरदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, जिसके कारण उन्हें इधर-उधर जाने और खुद के काम करने में परेशानी होती है। अध्ययन में कहा गया है, भारत में बुजुर्गों के आने-जाने में रुकावट का सबसे बड़ा कारण जोड़ों और शरीर का दर्द है, जिससे पीड़ित लोगों की संख्या



58.1 प्रतिशत है। थकान और भूलने की बीमारी (प्रत्येक 8.4 प्रतिशत) भी इस सूची में शामिल हैं। एक और बड़ा कारण मूत्र को न रोक पाना (18 प्रतिशत) है, जिसकी वजह से बुजुर्ग आने-जाने से बचते हैं। पैन हेल्थकेयर के सीईओ चिराग पन ने कहा, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) और जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि भारत में बुजुर्गों की आबादी सामान्य आबादी की तुलना में बहुत तेज गति से बढ़ रही है। वास्तव में, आने वाले दशक में इसके 40 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की संभावना है, जबकि कुल जनसंख्या में केवल 8.4 प्रतिशत अपेक्षित वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि परिवार के छोटे सदस्य बुजुर्गों की शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक जरूरतों पर अधिक ध्यान दें।

## बिजली संयंत्रों में ईंधन के रूप में बायोमास के इस्तेमाल की योजना बनाएं राज्यः सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

बिजली मंत्रालय ने राज्यों से खरीफ कटाई सत्र से पहले ताप बिजली संयंत्रों में कोयले के साथ ईंधन के रूप में बायोमास का भी इस्तेमाल करने के लिए एक समयबद्ध योजना बनाने को कहा है। इससे पराली जलाने में कमी आएगी और वायु प्रदूषण को कम किया जा सकेगा। वायु प्रदूषण की समस्या के हल तथा ताप बिजली संयंत्रों के कॉर्बन उत्सर्जन को घटाने के लिए बिजली मंत्रालय ने पिछल साल अक्टूबर में कृषि अपशिष्ट आधारित बायोमास के इस्तेमाल की नीति में संशोधन किया था।

संशोधित नीति के तहत ताप बिजली संयंत्रों के लिए कोयले के साथ ईंधन के रूप में पांच से सात प्रतिशत बायोमास के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया गया था। पराली जलाने की वजह से देश को हर साल वायु प्रदूषण की समस्या से जूझना पड़ता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बिजली मंत्रालय ने सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कोयले के साथ बायोमास का ईंधन के रूप में इस्तेमाल करने के लिए एक समयबद्ध नीति बनाने को कहा है। ताप बिजलीघरों के साथ स्वतंत्र बिजली संयंत्रों (आईपीपी) के लिए समयबद्ध योजना बनानी होगी।

पत्र में मंत्रालय ने राज्यों/संघ शासित प्रदेशों से कहा है कि वे अपने संबंधित राज्य बिजली नियामक आयोग (एसईआरसी) के साथ इस मुद्दे को उठाएं जिससे बायोमास के इस्तेमाल को भी उनके शुल्क नियमनों में शामिल किया जा सके। बिजली मंत्रालय का यह कदम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि खरीफ की कटाई के बाद सर्दियों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। पत्र में मंत्रालय ने कहा है कि बिजली संयंत्रों में कोयले की आपूर्ति की हालिया समस्या की वजह से कोयले के साथ बायोमास का ईंधन के रूप में इस्तेमाल और महत्वपूर्ण हो जाता है। पत्र में बायोमास के इस्तेमाल के आर्थिक पहलू का भी जिक्र किया गया है। इसमें गया है कि आयातित कोयले की लागत ऊंची बैठती है जबकि बायोमास कम मूल्य पर उपलब्ध होता है। इसमें कहा गया है कि बायोमास पेलेट का ईंधन के रूप में इस्तेमाल (को-फायरिंग) न केवल पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल है, बल्कि यह बिजली संयंत्रों के लिए आयातित कोयले की तुलना में एक सस्ता विकल्प भी है। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल को पूर्ण नीतिगत और नियामकीय समर्थन उपलब्ध कराने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि बिजली मंत्रालय ने पिछले साल जुलाई में ताप बिजली संयंत्रों में बायोमास के इस्तेमाल के लिए एक राष्ट्रीय मिशन समर्थ भी स्थापित किया था।

## मानवाधिकार समूह ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति से प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग नहीं करने का किया आग्रह

कोलंबो, एजेंसी

एक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूह ने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ गैरकानूनी रूप से बल प्रयोग रोकने का अनुरोध किया। साथ ही उसने शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने का भी अनुरोध किया। ह्यूमन राइट्स वॉच द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, श्रीलंकाई सुरक्षाबलों ने राष्ट्रपति सचिवालय के निकट प्रदर्शन स्थल पर लोगों को शुक्रवार को बलपूर्वक खदेड़ दिया और प्रदर्शनकारियों पर कथित तौर पर हिंसा की, जिसमें 50 से अधिक लोग घायल हो गए। गाले फेस प्रदर्शन स्थल पर हुई इस घटना में कम से कम नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। गाले फेस में कई अहम सरकारी कार्यालय स्थित हैं। मानवाधिकार समूह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 21 जुलाई को पदभार संभालने वाले विक्रमसिंघे को सुरक्षाबलों को तत्काल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ गैरकानूनी रूप से बल प्रयोग करने से रोकने, मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए सभी लोगों को रिहा करने और मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने का आदेश देना चाहिए। समूह ने संकट की इस घड़ी में कर्ज के बोझ तले दबे देश की मदद कर रही विदेशी सरकारों और बहुपक्षीय एजेंसियों को नयी सरकार पर यह दबाव डालने का भी अनुरोध किया कि वह मानवाधिकारों का सम्मान करें।

ह्यूमन राइट्स वॉच में दक्षिण एशिया की निदेशक मीनाक्षी गांगुली ने कहा, पदभार संभालने के महज एक दिन बाद विक्रमसिंघे के सामने कोलंबो में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाबलों द्वारा बर्बर हमला हुआ। इस कदम ने श्रीलंकाई लोगों को खतरनाक संदेश दिया है कि नयी सरकार कानून व्यवस्था के बजाय क्रूर बल प्रयोग के जरिए काम करना चाहती है। गौरतलब है कि अमेरिका, ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड और कनाडा समेत कई देशों के साथ ही संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ ने भी प्रदर्शन स्थल पर इस कार्रवाई की निंदा की है।

### श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने हालात सामान्य बनाने के तरीकों पर चर्चा की

**कोलंबो।** श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने नव-निर्वाचित राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की अगुवाई में पहली बार बैठक की और आर्थिक संकट से जूझ रहे देश में एक सप्ताह के भीतर स्थिति सामान्य करने के तरीकों पर चर्चा की। मीडिया की एक रिपोर्ट में शनिवार को बताया गया कि बैठक में प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रपति सचिवालय जैसे सरकारी संस्थानों के कामकाज को नियमित करके एक हफ्ते के भीतर स्थिति सामान्य करने के तरीकों पर चर्चा की गयी। डेली मिरर अखबार में प्रकाशित एक खबर के अनुसार, शुक्रवार को नए मंत्रिमंडल की नियुक्ति के बाद राष्ट्रपति ने बैठक बुलायी। अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया कि उन्होंने इस पर चर्चा की कि देश में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति सचिवालय जैसे सरकारी संस्थानों और स्कूलों का कामकाज नियमित करके एक सप्ताह के भीतर स्थिति सामान्य होनी चाहिए। मंत्रिमंडल को सूचित किया गया कि एक महीने के लिए पर्याप्त ईंधन है और कोटा व्यवस्था के तहत वितरण तेज किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा कि उन्होंने सुरक्षाबलों को संविधान बरकरार रखने तथा ऐसा माहौल बनाने का अधिकार दिया है, जिसमें लोग बिना डर के रह सकें।

**अतीत** मुर्मू मयूरभंज जिले की कुसुमी तहसील के गांव उपरबेड़ा में स्थित एक स्कूल से पढ़ी हैं।

## द्रौपदी मुर्मू : दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की पहली आदिवासी राष्ट्रपति

नई दिल्ली, एजेंसी

आजाद भारत के 75 साल के इतिहास में पिछले डेढ़ दशक को महिलाओं के लिए खास तौर से विशिष्ट माना जा सकता है। जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने वाली महिलाएं इस दौरान देश के शीर्ष संवैधानिक पद तक पहुंचने में कामयाब रहीं और 2007 में प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनने का गौरव हासिल करने के बाद अब द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना देश की लोकतांत्रिक परंपरा की एक सुंदर मिसाल है। क्या कभी किसी ने सोचा था कि दिल्ली से दो हजार किलोमीटर के फासले पर स्थित ओडिशा के मयूरभंज जिले की कुसुमी तहसील



के छोटे से गांव उपरबेड़ा के एक बेहद साधारण स्कूल से शिक्षा ग्रहण करने वाली द्रौपदी मुर्मू एक दिन असाधारण उपलब्धि हासिल करके देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर विराजमान होंगी और देश ही नहीं दुनिया की बेहतरीन इमारतों में शुमार किया जाने वाला राष्ट्रपति भवन उनका सरकारी आवास होगा। यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति होंगी। महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने के साथ साथ वह देश की कुल आबादी के साढ़े आठ फीसदी से कुछ ज्यादा आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन जनजाति की बात करें तो वह संथाल जनजाति से ताल्लुक रखती हैं। भील और गोंड के बाद संथाल जनजाति की आबादी आदिवासियों में सबसे ज्यादा है। पारिवारिक जीवन की बात करें तो द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा के मयूरभंज जिले के बैदापोसी गांव में एक संथाल परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम बिरंचि नारायण टुडु है। उनके दादा और उनके पिता दोनों ही उनके गाँव के प्रधान रहे। मुर्मू मयूरभंज जिले की कुसुमी तहसील के गांव उपरबेड़ा में स्थित एक स्कूल से पढ़ी हैं। यह गांव दिल्ली से लगभग 2000 किमी और ओडिशा के भुवनेश्वर से 313 किमी दूर है। उन्होंने श्याम चरण मुर्मू से विवाह किया था। अपने पति और दो बेटों के निधन के बाद द्रौपदी मुर्मू ने अपने घर में ही स्कूल खोल दिया, जहां वह बच्चों को पढ़ाती थीं। उस बोर्डिंग स्कूल में आज भी बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। उनकी एकमात्र जीवित संतान उनकी पुत्री विवाहिता हैं और भुवनेश्वर में रहती हैं। द्रौपदी मुर्मू ने एक अध्यापिका के रूप में अपना व्यावसायिक जीवन शुरू किया और उसके बाद धीरे-धीरे सक्रिय राजनीति में कदम रखा। साल 1997 में उन्होंने रायरंगपुर नगर पंचायत के पार्षद चुनाव में जीत दर्ज कर अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। उनके राष्ट्रपति बनने पर दुनियाभर के नेताओं ने इसे भारतीय लोकतंत्र की जीत करार दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने संदेश में कहा कि एक आदिवासी महिला का राष्ट्रपति जैसे पद पर पहुंचना भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मुर्मू का निर्वाचन इस बात का प्रमाण है कि जन्म नहीं, व्यक्ति के प्रयास उसकी नियति तय करते हैं। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्र प्रमुख पद पर पहुंचना उनकी ऊंची शख्सियत का ही परिणाम है।

## युद्ध के चरम के बाद से यूक्रेन के नुकसान में काफी कमी आई : जेलेंस्की

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अब हर रोज लगभग 30 सैनिक फ्रंटलाइन पर शहीद हो रहे हैं, जो मई और जून में जारी युद्ध के चरम पर पहुंचने के बाद से एक महत्वपूर्ण कमी है, जब रोजाना 100-200 सैनिक मारे गए थे। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के साथ एक साक्षात्कार में राष्ट्रपति ने कहा कि मई और जून में जब शत्रुता ऊंचाई पर थी, यूक्रेन प्रतिदिन 100-200 सैनिकों को खो रहा था, लेकिन अब यह संख्या घटकर 30 हो गई है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 250 घायल होते हैं। उक्रेइंस्का प्रावदा की रिपोर्ट के मुताबिक, जेलेंस्की ने कहा, मैं आपको निश्चित रूप से बता सकता हूं, क्योंकि मैं हर दिन इसके साथ रहता हूं। जेलेंस्की ने हालांकि, 24 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन के कुल सैन्य नुकसान का खुलासा करने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि वे रूस की तुलना में कई गुना कम थे।

उन्होंने कहा कि हाल ही में अमेरिका और पश्चिमी सहयोगियों द्वारा हथियारों की आपूर्ति, विशेष रूप से हिमार्स रॉकेट लॉन्चर सिस्टम और 155-एमएम हॉवित्जर ने पूर्वी डोनबास क्षेत्र में स्थिति को स्थिर करने में मदद की है। दराष्ट्रपति के हवाले से कहा गया है, पहले रूसी 12,000 यूक्रेनी गोले के खिलाफ रोजाना 12,000 तोपखाने के गोले दागते थे, लेकिन अब यूक्रेन प्रतिदिन लगभग 6,000 गोले का उत्पादन कर सकता है, जबकि रूस को गोला-बारूद और सैनिकों की कमी का अनुभव होने लगा है। जेलेंस्की के अनुसार, गोलाबारी के संतुलन में इस बदलाव से यूक्रेनी नुकसान को कम करने में मदद मिली है। राष्ट्रपति ने कहा कि डोनबास में अग्रिम पंक्ति के स्थिरीकरण से यूक्रेन अन्य दिशाओं में आगे बढ़ सकेगा।

हालांकि, उन्होंने इस बात पर चर्चा करने से इनकार कर दिया कि यूक्रेन कहां और कब जवाबी कार्रवाई शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यूक्रेन को रूसी मिसाइलों से यूक्रेनी शहरों की रक्षा के लिए हवाई रक्षा उपकरणों की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि 5 अरब डॉलर के मासिक बजट घाटे के साथ यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को बचाए रखने की तुलना में हवाई रक्षा उपकरणों की कीमत अमेरिका और यूरोप को काफी कम होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129